

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 5 दिसंबर 2022 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-246 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 6 दिसंबर 2022 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## छुरा को रजिस्ट्रार कार्यालय, एसडीएम कार्यालय की सौगात, पांडुका को उपतहसील का दर्जा : भूपेश बघेल

### लोक मंच से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छुरा में की अनेक घोषणाएं, लोगों को बताए सरकार के लोक हितैषी कार्य

**गरियाबंद/छुरा,5 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज अपने प्रदेश व्यापी भेंट मुलाकात कार्यक्रम में गरियाबंद जिले के आदिवासी बाहुल्य छुरा विकासखंड मुख्यालय पहुँचे। जहां उन्होंने घोषणा करते हुए कहा मुख्यमंत्री ने सभा के मध्य घोषणा करते हुए कहा कि छुरा में रजिस्ट्रार कार्यालय जल्द प्रारंभ किया जाएगा। छुरा में एसडीएम कार्यालय विधिवत प्रारंभ किया जाएगा ।पांडुका को उप तहसील का दर्जा दिया जाएगा ।छुरा आत्मानंद स्कूल के भवन के निर्माण की घोषणा। ग्राम पक्तियां में 33 के वी विद्युत सब स्टेशन की घोषणा ग्राम पथरिया में हाई स्कूल को हाई सेकेंडरी स्कूल के रूप में उन्नत किया जाएगा ।छुरा में आईटीआई भवन का निर्माण की घोषणामुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना और दीप प्रज्ज्वलित कर भेंट मुलाकात की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के बस्तर, सरगुजा, दुर्ग संभाग के सभी विधानसभा क्षेत्र की जनता से जनता से भेंट मुलाकात करने के बाद रायपुर संभाग में भेट मुलाकात कर रहे है।





रायपुर संभाग में गरियाबंद पहला जिला है जहां से जनता से सीधे आज भेंट मुलाकात करने आए है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने राज्य शासन द्वारा संचालित किसान ऋण माफी योजना, देश के सबसे सर्वोच्च दर पर होने वाले धान खरीदी योजना, गो धन न्याय, सुराजी गांव योजना नरवा, गरवा, घुरूवा , बाड़ी योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, राजीव गांधी युवा मितान,सहित सभी महत्वपूर्ण योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमने सरकार में आते ही अपने वायदे को पूरा करते हुए किसानों का कर्ज माफी योजना बनाई। उन्होंने फीडबैक लेते हुए आमजनों से सीधा संवाद शुरू किया।मुख्यमंत्री जी के द्वारा मनीषा यादव को पढ़ाई के लिए 1 लाख की आर्थिक सहायता राज्य के सभी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में अब सप्ताह में एक दिन भारत की सबसे प्राचीन भाषा संस्कृत और राज्य की राजकीय भाषा छत्तीसगढ़ भाषा की पढ़ाई होगी। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने गरियाबंद जिले छुरा में आयोजित भेट मुलाकात में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि संस्कृत देश की सबसे प्राचीन भाषा है। इस प्राचीन भाषा की महत्व को बचाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार काम करेगी।मुख्यमंत्री जी के द्वारा मनीषा यादव को पढ़ाई के लिए 1 लाख की आर्थिक सहायता।

## संक्षेप

### ब्रम्हानंद नेताम को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत गिरफ्तारी पर लगी रोक

**बिलासपुर,5 दिसंबर।** भानुप्रतापपुर उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम को रेप मामले में बड़ी राहत मिली है. झारखंड हाईकोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है. बता दें कि कांग्रेस ने ब्रम्हानंद नेताम के खिलाफ झारखंड के टेल्को थाने में पॉक्सो सहित अन्य गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज होने का खुलासा किया था. इस आधार पर कांग्रेस ने नेताम का नामांकन रद्द करने के साथ साथ गिरफ्तारी की मांग की थी. हालांकि इस मामले में चुनाव आयोग की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है. गौरतलब है कि झारखंड पुलिस ने कांकेर पहुंचकर ब्रह्मानंद को थाने में पेश होने के लिए नोटिस दिया था. लेकिन इस पर बीजेपी का कहना था कि ब्रम्हानंद को कोई नोटिस नहीं मिला है. नेताम ने इस मामले में हाईकोर्ट में अर्जी भी लगाई थी. बहरहाल झारखंड हाईकोर्ट ने ब्रम्हानंद की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है.

### अस्पताल की बड़ी लापरवाही 4 नवजात बच्चों की मौत

**सरगुजा,5 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है. 4 नवजात शिशुओं की मौत हो गई. परिजनों ने इसे लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पर गंभीर आरोप लगाए हैं. बताया जा रहा है कि स्हृष्ट वार्ड में भर्ती 4 नवजात बच्चों की मौत हुई है. मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हड़कंप मच गया है. देर रात बच्चों की मौत हुई है. परिजनों का आरोप हा कि बिजली गुल होने की वजह से ऐसी स्थिति बनी है. वहीं प्रबंधन ने आरोपों को खारिज किया है. प्रबंधन का कहना है कि हार्ट प्रॉब्लम समय से पहले बच्चे जन्मे थे, जो वेंटिलेटर में थे. बिजली गुल होने से किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हुई है. मामले में कलेक्टर, स्क्व ष्टस्न्ह्र और आला अफसर जांच कर रहे हैं.

### भारत जोड़ो यात्रा का जनता करेगी स्वागत : गहलोत

**झालावाड़ ,5 दिसंबर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का प्रदेश में जोरदार स्वागत करते हुए कहा है कि प्रदेश की जनता हर दिन लगातार पलक पांवड़े विछाकर इसका स्वागत करेगी। गहलोत भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान आगमन पर चंवली बॉर्डर पर स्वागत सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में तमाम लोग इस यात्रा का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, यात्रा पहुंच चुकी है हमारे बीच में, हर दिन लगातार पलक पांवड़े विछाकर राजस्थान की जनता स्वागत करेगी। उन्होंने कहा कि लोगों का आशीर्वाद, उनका प्रेम, उनका प्यार, उनकी दुआएं राहुल गाधी के साथ में हैं पूरे देश की। उन्होने कहा, मैं अपनी ओर से, पूरे प्रदेशवासियों की ओर से राहुल जी का राजस्थान की धरती पर हार्दिक स्वागत करता हूं।

### सड़क हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौत

**अमरावती ,5 दिसंबर।** आंध्र प्रदेश के बापटला जिले में सोमवार को एक सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए।

दुर्घटना वेमुरु मंडल के जांपनी गांव के पास उस समय हुई, जब एक मिनी ट्रक पलट गया, जिसमें श्रद्धालु यात्रा कर रहे थे। घायलों को तेनाली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित कृष्णा जिले के अयप्पा भक्त थे।



## भानुप्रतापपुर में दोपहर तक 51% मतदान

**कांकेर,5 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ विधानसभा की भानुप्रतापपुर सीट के उपचुनाव में दोपहर 1 बजे तक लगभग 51 फीसदी मतदान हुआ। पूर्वान्ह 11 बजे तक 32 प्रतिशत मतदान हुआ था। दोपहर बाद मिली जानकारी के अनुसार 50.15 प्रतिशत पुरुष व 51.48 प्रतिशत महिलाओं ने मताधिकार का उपयोग किया।

भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव में आज सुबह से ही विधानसभा के 256 मतदान केंद्रों में मतदाताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे मध्य होने वाले मतदान में दोनों प्रमुख दलों के प्रत्याशी यथा कांग्रेस प्रत्याशी सावित्री मंडावी एवं भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम ने अपने मत का किया प्रयोग। सुबह 11 बजे तक जारी की गई उद्घोषणा के अनुसार 32 प्रतिशत मतदान हो चुका था।

केबिनेट मंत्री अमतजीत भगत ने मीडिया से अनौपचारिक चर्चा में कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी बड़े मार्जिन से विधानसभा चुनाव जीतेगी। ज्ञातव्य है कि उक्त चुनाव विधानसभा उपाध्यक्ष मनोज मंडावी के निधन के कारण निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदेश के अनुसार संपन्न कराया जा रहा है।

कांग्रेस प्रत्याशी सावित्री मंडावी सुबह 7 बजे मतदान केंद्र तेलगरा प्राथमिक शाला पहुंचकर मतदान किया. वहीं सर्व आदिवासी समाज के प्रत्याशी अकबर राम कोर्राम ने उड़कुड़ा पोलिंग बूथ पहुंचकर मतदान किया.

## भानुप्रतापपुर की जनता कांग्रेस को देगी आशीर्वाद: भूपेश बघेल

**रायपुर,5 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दुर्ग जिले के लिए रवाना हुए. वे दुर्ग के कुम्हारी में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे. इस दौरान भानुप्रतापुर उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, हमें पूरा विश्वास है कि भानुप्रतापपुर की जनता कांग्रेस को आशीर्वाद देगी. भाजपा प्रत्याशी ब्रह्मानंद नेताम की गिरफ्तारी पर सीएम ने कहा, वह खुद ही चाह रहे हैं तो उन्हें पुलिस के पास चले जाना चाहिए. खुद को सरेंडर करना चाहिए.आरक्षण को लेकर सीएम बघेल ने कहा, सुनने में आया है सोमवार को हस्ताक्षर होगा. बिलासपुर में आरक्षण के मुद्दे पर कैंडल मार्च को लेकर सीएम ने कहा, कोर्ट ने जो कहा है उसे पढ़ना चाहिए. विशेष परिस्थिति की स्थिति जहां हो वहां राज्य सरकार बढ़ा सकती है. एकतरफा बात नहीं होनी चाहिए.



**अधिवेशन में तय होगी राजनीति की दिशा**–कांग्रेस अधिवेशन से पड़ोसी राज्य को कितना लाभ मिलेगा, इस सवाल पर सीएम ने कहा कि राष्ट्रीय अधिवेशन में पूरे देश और दुनिया की निगाहें होती है. देश के अंदर 10 दिन के अधिवेशन में राजनीतिक प्रस्ताव, आर्थिक प्रस्ताव सामाजिक प्रस्ताव पारित किए जाएंगे. यहां सभी प्रकार की बातें होंगी न केवल प्रदेश को फायदा होना है बल्कि पड़ोसी राज्य बल्कि देश के लिए राजनीति की दिशा तय होती है. इसी अधिवेशन से 2024 लोकसभा का रास्ता भी निकलेगा.

भेंट-मुलाकात के लिए राजिम रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर हेलीपैड पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बिलासपुर में हुए सामान्य वर्ग के छात्रों के प्रदर्शन के बारे में उठे सवाल पर उन्होंने कहा, कोर्ट ने 50% जरूर कहा है। लेकिन यह भी कहा है कि जहां विशेष परिस्थिति हो वहां राज्य सरकारें इसे बढ़ा सकती हैं। एकतरफा बात नहीं होनी चाहिए।

50% तो ठीक है। वह तो सामान्य स्थिति है। लेकिन जहां असामान्य स्थिति है वहां के लिए क्या? अब यहां तो 44% जंगल है। यहां की भौगोलिक और सामाजिक परिस्थिति अलग है। इस कारण से इसे बढ़ाया गया है। उसमें ईडब्ल्यूएस को भी मौका है। उनको भी तो दिया गया है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि राज्यपाल अनुसूईया उइके उनको भेजे गए आरक्षण संशोधन विधेयकों पर आज हस्ताक्षर कर देंगी।

## चलते-चलते आई छींक तो सड़क पर गिरा युवक, पल भर में हो गई मौत

**मेरठ ,5 दिसंबर।** मेरठ के थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र किदवई नगर में रहने वाले एक युवक का सीसीटीवी वीडियो तेजी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल 18 वर्षीय जुबैर की मौत छींक आने से ही हो गई। जी हां यह वीडियो वायरल हो रही है। जो कि 2 दिसंबर 2022 की है। दोस्तों के साथ पैदल जा रहा एक युवक जुबैर छींक आने के बाद सड़क पर गिर पड़ा। दोस्तों ने उसे अस्पताल पहुंचाया लेकिन डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

जुबैर (18) अहमदनगर गली नंबर-2 का रहने वाला था। वह कांच के पुल क्षेत्र में एक डॉक्टर के पास कंपाउंडर का काम करता था। वह दसवीं कक्षा में पढ़ रहा था। वीडियो में दिख रहा है कि जुबैर अपने साथियों उमर और अरहम के साथ दो दिसंबर की रात करीब 11 बजे घूमने के लिए निकला था। इस दौरान जुबैर को अचानक छींक आती है। छींकने के बाद वह तीन से चार कदम चलता है और बेसुध होकर सड़क पर गिर जाता है। साथियों ने जुबैर को उठाने का प्रयास किया, लेकिन वह बेहोश था। साथियों ने आसपास के लोगों को बुलाया।

## हादसे में टीआई की मौत

**भिलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राजनांदगांव जिले के सोमनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत टोल प्लाजा के आगे खडी ट्रक से टकराने से दुर्ग के सुपेला थाना क्षेत्र के स्मृति नगर चौकी प्रभारी युवराज देशमुख की बीती रात सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। युवराज देशमुख मोटरसाइकिल से राजनांदगांव जा रहे थे ।स्मृति नगर चौकी प्रभारी की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत पुलिस महकमे में में शोक का माहौल है इस घटना के बाद सोमनी पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है ।युवराज देशमुख का शव राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में रखा हुआ है ।पीएम के उपरांत शव परिजनों को सौंपा जाएगा। सोमनी थाना से मिली जानकारी के उन्हें सूचना मिली कि, रात्रि पौने 12 बजे सोमनी टोल प्लाजा के आगे चाय दुकान के समीप मोटरसाइकिल क्रमांक ष्टत्र 07 क्व्र्ठ्ठ 9537 का चालक खड़ी ट्रक से पीछे से जा टकराई है। घायल अवस्था में मोटरसाइकिल चालक को पुलिस ने तत्काल राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया।जहां उपचार के दौरान रात्रि 12ञ्05 पर घायल मोटरसाइकिल चालक युवराज देशमुख की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद खडी ट्रक भाग खड़ी हुई सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पता साजी की जा रही है।



## नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने इमाम समेत 12 लोगों को उतारा मौत के घाट

**नाइजीरिया,5 दिसंबर।** नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने एक इमाम सहित एक दर्जन उपासकों की हत्या कर दी। आसपास के लोगों ने बताया कि 4 दिसंबर रात एक मस्जिद से कई अन्य लोगों का अपहरण कर लिया। उसके बाद कुछ सशस्त्र गिरोह ने हमले किए गये। सशस्त्र गिरोह, जिन्हें डाकुओं के रूप में जाना जाता है, उन समुदायों पर हमला करते हैं जहाँ सुरक्षा कड़ी होती है, लोगों की हत्या करते हैं या फिरौती के लिए उनका अपहरण करते हैं। गिरोह यह भी मांग करता है कि ग्रामीणों को संरक्षण शुल्क का भुगतान करना होगा ताकि उन्हें खेती करने और अपनी फसल काटने की अनुमति मिल सके। राष्ट्रपति मुहम्मदू बुहारी के गृह राज्य कैटसीना के फुनटुआ निवासी लॉवल हारुना ने रॉयटर्स को फोन पर बताया कि बंदूकधारी मोटरबाइक पर मैगामजी मस्जिद पहुंचे और छिटपुट गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे नमाजियों को भागने पर मजबूर होना पड़ा। हारुना ने कहा कि रात की नमाज में शामिल हुए करीब 12 लोग गोलीबारी में मारे गए और मुख्य इमाम सहित मारे गए। फनटुआ के एक अन्य निवासी अब्दुल्लाही मोहम्मद ने कहा, फिर उन्होंने कई लोगों को इकट्ठा किया और उन्हें झाड़ी में ले गए। मैं प्रार्थना कर रहा हूं कि डाकुओं ने जिन निर्दोष लोगों का अपहरण किया है, उन्हें रिहा कर दें। कैटसिना राज्य पुलिस के प्रवक्ता गैंबो इसाह ने हमले की पुष्टि की और कहा कि राज्य समर्थित गौरक्षकों ने कुछ निवासियों के सहयोग से कुछ उपासकों को बचाने में कामयाबी हासिल की है। कैटसिना नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिम में कई राज्यों में से एक है, जो पड़ोसी नाइजर के साथ सीमा साझा करता है।



## यूक्रेन युद्ध पर सलाह देकर फंसे फ्रांस के राष्ट्रपति भड़के जेलेंस्की

**फ्रांस,5 दिसंबर।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए पिछले दिनों सुझाव दिया था कि सभ्य संसार को रूस के बर्बर इरादों से सुरक्षा गारंटी दिए जाने की जरूरत है। इसके अलावा यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद



यदि रूस बातचीत के लिए तैयार होता है तो पश्चिमी देशों को उसकी सुरक्षा गारंटियों पर ध्यान देना होगा। अब वह अपने इस सुझाव के लिए आचोलना झेल रहे हैं। यूक्रेन और बाल्टिक देशों ने फ्रांस के सुझाव पर निशाना साधा है। फ्रांस के टीवी स्टेशन TF1 को दिए इंटरव्यू में मैक्रों ने कहा था कि यूरोप को अपनी सुरक्षा के लिए एक रोडमैप तैयार करना चाहिए। इसके अलावा यह भी सोचना चाहिए कि कैसे रूस को सुरक्षा की गारंटी दी जा सकती है। यदि रूस बातचीत की टेबल पर आता है तो उसको गारंटी देने पर विचार करना चाहिए। अब इसे लेकर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने निशाना साधा है। जेलेंस्की के सहायक मिखाइलो पोडोल्याक ने कहा कि मैक्रों का सुझाव गलत है। रूस को सुरक्षा की गारंटी की जरूरत नहीं है बल्कि दुनिया को उससे सिक्योरिटी चाहिए। पोडोल्याक ने ट्विटर पर लिखा, के सचिव ओलेक्सी डानिलोव ने कहा कि असैन्य एवं अपरमाणु रूस ही दुनिया के लिए सुरक्षा की सबसे अच्छी गारंटी होगा। यह ना सिर्फ यूक्रेन बल्कि पूरी दुनिया के हित में होगा।

डानिलोव ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति पर बिना नाम लिए खूब निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कोई है जो एक आतंकवादी और किलर स्टेट को सुरक्षा गारंटी देना चाहता है। बता दें कि रूस ने इसी साल फरवरी में यूक्रेन पर हमला बोल दिया था। तब से आज तक लड़ाई जारी है और तमाम प्रयासों के बाद भी यूक्रेन और रूस वार्ता की मेज पर नहीं आ सके हैं। हालांकि बीते सप्ताह इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात के बाद अमेरिकी राष्ट्रपतति जो बाइडेन ने व्लादिमीर पुतिन से बातचीत की इच्छा जताई थी। उन्होंने कहा था कि यदि यूक्रेन पर हमले बंद करके व्लादिमीर पुतिन वार्ता को तैयार होते हैं तो हम भी इसके लिए रेडी हैं।

## पीएम मोदी की मेहनत पर भावुक हुए बड़े भाई

**गांधीनगर,5 दिसंबर।** गुजरात में दूसरे चरण की वोटिंग के बीच पीएम नरेंद्र मोदी के भाई सोमाभाई ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत की उम्मीद जाहिर की है। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए सोमाभाई भावुक भी हो गए और छोटे भाई को कुछ आराम करने की सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद केंद्र सरकार ने जिस तरह का काम किया है उसे जनता नजरअंदाज नहीं कर सकती है। गुजरात विधानसभा चुनाव में दूसरे चरण की वोटिंग में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए पहुंचे पीएम मोदी ने बड़े भाई और मां का आशीर्वाद लिया। मुलाकात के बाद न्यूज एजेंसी से बातचीत में सोमाभाई ने कहा, मतदाताओं से एक ही संदेश है कि अपने मत का सही उपयोग किया जाए, देश की उन्नति हो ऐसी पार्टी को वोट दिया जाए, ऐसे लोगों को चुना जाए। 2014 से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर जो विकास के काम हुए हैं उसे लोग देखते हैं और नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। इसी आधार पर वोटिंग हुई है। पीएम मोदी से मुलाकात और बातचीत को लेकर सवाल के जवाब में सोमाभाई ने कहा, उनको कहा कि आप बहुत कड़ी मेहनत करते हैं, रेस्ट करिए, थोड़ा आराम भी करो।

### मंदिर किसी की निजी संपत्ति नहीं : स्टालिन

**चेन्नई,5 दिसंबर।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने रविवार को कहा कि मंदिर किसी की निजी संपत्ति नहीं है और यह आम जनता के लिए है। मुख्यमंत्री रविवार को तिरुवनमियुर के अरुलमिगु मारुं टेश्वर मंदिर में सामूहिक विवाह समारोह की अध्यक्षता करने के बाद बोल रहे थे। स्टालिन ने कहा कि लोकतंत्र हो या राजशाही, मंदिर लोगों के लिए होते हैं, मंदिर किसी की निजी संपत्ति नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग इस बात को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए वे झूठ फैला रहे हैं और कीचड़ उछाल रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्थिति को बदलने के लिए जस्टिस पार्टी द्वारा हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती (एचआर एंड सीई) विभाग की स्थापना की गई थी।




## मोदी ने अहमदाबाद में डाले वोट

**गांधीनगर,5 दिसंबर।** गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए मतदान जारी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद में मतदान कर दिया है. चुनाव आयोग ने लोगों से बड़ी संख्या में मतदान करने को कहा है. दूसरे चरण में मध्य और उत्तर गुजरात जिलों की 93 सीटों पर मतदान हो रहा है. करीब 833 उम्मीदवार मैदान में हैं. दूसरे चरण में अहमदाबाद के घाटलोडिया से मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल चुनाव लड़ रहे हैं. अहमदाबाद के ही वीरमगाम सीट से पाटीदार नेता हार्दिक पटेल भाजपा के टिकट पर लड़ रहे हैं.

# स्वयंसेवकों ने आदर्श ग्राम कौड़िया का भ्रमण किया

■ प्रदेश के आठ जिलों के युवाओं ने देखी शौर्य संगठन की कार्यप्रणाली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**उतई,5 दिसंबर।** नेहरू युवा केंद्र संगठन रायपुर छग राज्य कार्यालय के निर्देशन पर प्रदेश के आठ जिलों के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों ने एनवाईके दुर्ग से सम्बद्ध एवं राज्यपाल द्वारा सम्मानित शौर्य युवा संगठन आदर्श ग्राम कोड़िया का भ्रमण किया।

नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग के जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य कार्यालय द्वारा प्रदेशभर के सभी राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवको का प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न बैचों में किया जा रहा है जिसमें से 2 बैच के युवाओं ने आदर्श ग्राम कोड़िया के शौर्य युवा संगठन का भ्रमण किया। इस कार्यक्रम में कोंडागांव, बिलासपुर, कोरिया, जशपुर, नारायणपुर, कांकेर, गौरेला पेंड्रा मरवाही, मुंगेली के लगभग 70 एनवाईवी पहुंचे थे। उन्होंने भ्रमण कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा इस भ्रमण के माध्यम से युवाओं को युवा मंडल निर्माण व संचालन सम्बन्धी जानकारियों से अवगत कराना है। साथ ही युवा मंडल स्तर पर हो रहे कार्यों, समस्याओं, चुनौतियों एवं रणनीतियों का जमीनी स्तर पर जानकारी इकट्ठा करना इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है। शौर्य संगठन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शौर्य संगठन राज्य का मॉडल युवा मंडल है इस युवा मंडल से प्रेरित होकर दुर्ग सहित अनेक जिलों में युवा मंडल सक्रिय रूप से कार्य रहे हैंकार्यक्रम में प्रमुख रूप से नेयुकेस के राष्ट्रीय प्रशिक्षक भीमराव रंगारी, एनवाईके दुर्ग जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा, एपीए मोहनलाल सोनी, मास्टर ट्रेनर जितेंद्र सोनी, शौर्य संगठन अध्यक्ष फलेंद्र पटेल, सचिव आदित्य भारद्वाज, संरक्षक उमेश साहू, दिनेश दीपक, संदीप यादव सहित शौर्य संगठन के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।भ्रमण कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम के मुक्तिधाम में सभी जिलों के प्रतिनिधियों ने पौधरोपण करके किया। युवाओं ने शौर्य संगठन के कार्यालय, संगठन के कार्यो की प्रदर्शनी सहित ग्राम के विभिन्न स्थलों का भ्रमण किया।शौर्य संगठन के अध्यक्ष फलेंद्र पटेल एवं सचिव आदित्य भारद्वाज ने संगठन निर्माण, कार्य एवं उपलब्धियों के साथ जमीनी स्तर की चुनौतियों के बारे युवाओं को बताया और बेहतर संगठन हेतु टिप्स भी दिए।नेयुकेस राष्ट्रीय ट्रेनर भीमराव रंगारी ने कहा यह भ्रमण युवाओं के लिए बहुत ही इंटरेस्टिंग एवं हेल्पफुल रहा। इस विजिट के माध्यम से युवा मंडल एवं ग्राम विकास को आसान तरीके से समझने में मिली।राज्य प्रशिक्षक जितेंद्र सोनी ने युवाओं को प्रेरित करते हुए सामाजिक उत्तरदायित्वों पर प्रकाश डाला। कहा युवाओं को अपने निजी जीवन से कुछ वक्त सामाजिक हित के लिए जरूर निकलना चाहिए।कार्यक्रम को सफल बनाने में एनवाईवी यादवेन्द्र साहू, ममता साहू, लक्ष्मी निषाद, गायत्री निषाद, आरती निषाद, अंजू साहू, सिद्दी साहू, जामिन यादव, सुरेश साहू, तोपेन्द्र साहू, आनंद निषाद, चिरंजीव निषाद, दीपक यादव, खिलेंद्र पटेल, संजय साहू, चंचल साहू, लुकेश्वरी, ऋतु, विकास साहू, भारती साहू, पेमेंद्र निर्मलकर, हिमांशु, भूपेंद्र, रवीश सहित शौर्य युवा संगठन के सदस्यों ने सराहनीय योगदान दिया।

## एक नजर

### धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 5 दिसंबर।** भिलाई स्क्रैप खरीदी के नाम पर एक करोड़ 74 लाख 74 हजार 175 रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपित को मोहन नगर पुलिस ने पटना से गिरफ्तार किया है आरोपित ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर धोखाधड़ी की थी गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपित को पांच दिन की रिमांड पर लिया है और उससे पूछताछ शुरू की है साथ ही उसके दो अन्य आरोपितों की भी तलाश की जा रही है मोहन नगर टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि आर्य नगर दुर्ग निवासी आकाश दायगुड़े की शिकायत पर हाउस नंबर 15 किंदवईपुरी बुद्धा कालोनी पटना बिहार निवासी राजीव रंजन उपाध्याय, 21 ए बेगमपुर मालवी नगर नई दिल्ली दक्षिण एवेन्यू निवासी प्रवीण प्रकाश और बेगुनी फतवा फतुहा पटना बिहार निवासी बलराम कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की धारा के तहत प्राथमिकी की गई थी शिकायतकर्ता आर्बिट इलेक्ट्रोमेट इंडिया प्रायवेट लिमिटेड कंपनी मे सुपरवाईजर है कंपनी के डायरेक्टर सुनील की देखरेख के लिए अधिकृत किया है। आरोपित बलराम कुमार, राजीव रंजन उपाध्याय एवं प्रवीण प्रकाश ने अपनी कंपनी निर्माणम एवं आरआरपी साल्यूशन से शिकायतकर्ता की कंपनी ने कुल 16 करोड़ रुपये के स्क्रैप का सौदा किया था सामान पर उन्होंने 18 प्रतिशत जीएसटी -देने की भी बात कही थी। सौदा तय हुआ ने होने के बाद शिकायतकर्ता की कंपनी राजदयाल राय एवं सत्य देवराय ने शिकायतकर्ता को कंपनी

कुल तीन करोड़ 28 लाख 47 हजार 826 रुपये का माल आरोपितों के पास भेजा था। जिसमें से आरोपितों ने एक करोड़ 53 लाख 73 हजार 651 रुपये का भुगतान किया था। बाकि के एक करोड़ 74 लाख 74 हजार 175 रुपये नहीं दिए। लगातार पत्र व्यवहार करने और फोन करने पर भी आरोपितों ने बचे हुए पैसे नहीं दिए। इसके बाद पीड़ित ने मोहन नगर थाना में शिकायत की थी। पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी की थी। पुलिस की एक टीम ने आरोपित राजीव रंजन उपाध्याय को पटना से गिरफ्तार किया है। उसे न्यायालय में पेश कर पांच दिन की रिमांड पर लिया गया है। वहीं प्रवीण प्रकाश और बलराम कुमार. की तलाश की जा रही है।

### कंटेनर की टक्कर से एक की मौत

**भिलाई,5 दिसंबर।** भिलाई 3 थाना अंतर्गत बीती रात एक तेज कंटेनर चालक ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाइक में सवार 52 वर्षीय महिला कंटेनर के पिछले चक्के के नीचे आ गई और महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पति को मामूली चोटें आई है पुलिस ने कंटेनर को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है भिलाई तीन टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि भिलाई सेक्टर 4 की रहने वाले अप्पल स्वामी अपनी पत्नी हेमावती स्वामी (52 साल) के साथ शनिवार शाम चरोदा गए थे। वह लोग शादी समारोह में शामिल होकर देर रात अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही अप्पल स्वामी भाऊ होटल के पास पहुंचे दुर्ग से रायपुर की तरफ जा रहे कंटेनर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला गिर गई और कंटेनर के पिछले चक्के के नीचे आ गई सिर में गहरी चोट आने से महिला की मौत हो गई दुर्घटना के बाद ट्रक चालक जियाफत शेख (25 साल ) निवासी चीनी डागपारा जिला बीरभूमि पश्चिं बंगाल मौके से फरार हो गया। दुर्घटना के बाद मौके से भागे ट्रेलर चालक का पुलिस ने पीछा किया पुलिस ने ड्राइवर को गिरफ्तार कर कंटेनर को जब्त किया है।

### चोरी की बाइक सहित एक पकड़ाया




**भिलाई,5 दिसंबर।** भिलाई चोरी की मोटर साइकिल को बेचने ग्राहक तलाशते एक चोर को पद्मनाभपुर चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की दो मोटर साइकिल जब्त कर लिया गया है। पद्मनाभपुर चौकी प्रभारी राजीव तिवारी ने बताया कि आज मुखबीर से सूचना मिली कि रविशंकर स्टेडियम के पीछे खंडर नुमा कमरा के पास एक युवक चोरी की मोटर साइकिल रखकर बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है तत्काल पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचा। पूछताछ करने पर आरोपी अपना नाम खिलेश्वर ठाकुर उर्फ मोनू (24 वर्ष) निवासी ग्राम - रवना तहसील गुंडरदेही हाल निवास तालपुरी पारिजात एच 41 ब्लॉक बी भिलाईनगर बताया आरोपी ने चोरी करना स्वीकार किया

# कवर्धा नगर के वार्डों में दिख रही है बेहतर स्वच्छता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 5 दिसंबर।** कवर्धा नगर पालिका वार्ड पार्षद अशोक सिंह , वार्ड पार्षद मोहित महेश्वरी , कवर्धा नगर के स्वच्छता सभापति भीखम कोसले , वार्ड पार्षद संतोष यादव , वार्ड पार्षद अनिल साहू , वार्ड पार्षद सुनील साहू के वार्ड में बेहतर सफाई दिख रही है । कवर्धा नगर पालिका वार्ड उपाध्यक्ष जमील खान और अध्यक्ष ऋषि के वार्ड में बेहतर स्वच्छता दिख रही है ।



ऐसा देखकर कहा जा सकता है की कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा और कवर्धा सीएमओ नरेश वर्मा के मार्गदर्शन में कवर्धा नगर की तस्वीर चमक रही है । कवर्धा एसडीओ एम एल कुर्रे सुबह से लगातार स्वच्छता और विकास पर गंभीरता से ध्यान दे रहे है ।

## नीट यूजी एवं आईआईटी की कोचिंग के लिए हर 15 दिन में होंगे निशुल्क मॉक टेस्ट

**दुर्ग,5 दिसम्बर।** प्रयास आवासीय विद्यालय के प्रतियोगी छात्र छात्रा अधिकतम संख्या में नीट यूजी एवं आईआईटी जैसी प्रवेश परीक्षाओं में चयनित हो सके इसके लिए जिला प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की है। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मॉक टेस्ट आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं। यह मॉक टेस्ट हर 15 दिन में आयोजित किए जाएंगे। मॉक टेस्ट का आयोजन आईआईटी जोन संस्था द्वारा किया जाएगा इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए दुर्ग नगर पालिक आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी ने बताया कि प्रयास आवासीय विद्यालय से अधिकतम संख्या में विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा में चयनित हो सके।

## गिरफ्तार




### चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

भिलाई चोरी करने वाले दो आरोपियों को पद्मनाभपुर चौकी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया है।पद्मनाभपुर चौकी प्रभारी राजीव तिवारी ने बताया कि राम किशुन साहू (33 वर्ष) निवासी सुभाष चौक बोरसी ने 3 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि मिस्त्री का काम आने वाले सामान ब्रेकर मशीन ग्लैंडर मशीन एचपी खाली गैस सिलेंडर, छैनी, हथौड़ा और बिजली बोर्ड का सामान को बोरसी भाठा जोन कार्यालय के कमरा से 26 नवंबर को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा 380,457, 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान आज संदेही मुकेश ठाकुर (19 वर्ष) निवासी बोरसी भाठा व प्रकाश बंजारे (25 वर्ष) निवासी बोरसी को पकड़ा गया

# मितानिन बहनों की सेवा बेमिसाल:ताम्रध्वज

■ स्वास्थ्य मितनिन सम्मेलन एवं सम्मान समारोह ग्राम हनोदा में सम्पन्न

■ प्रशिक्षण भवन बनाने के लिए 20 लाख देने की घोषणा की

■ दुर्ग ब्लॉक के 500 से अधिक मितनिन बहनें गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के हाथों हुई सम्मानित



**उतई,5 दिसंबर।** हनोदा में स्वास्थ्य सेवा में उलेखनीय कार्य कर रही दुर्ग ब्लॉक के मितानीन बहनों का स्वास्थ्य सम्मेलन एवं मितानिन सम्मान समारोह रविवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे। अध्यक्षता दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष शालिनी यादव ने की। विशेष अतिथि केश शिल्प बोर्ड के अध्यक्ष नंद कुमार सेन, कृषि मंडी बोर्ड सदस्य तारकेश्वर चन्द्राकर, जिला पंचायत कृषि सभापति योगिता चन्द्राकर,जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख , जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड, समाज सेवी हर्ष साहू, सहकारिता प्रकोष्ट अध्यक्ष रिवेंन्द्र यादव, जनपद सदस्य बुध्वंतिन मधुकर, सरपँच ग्राम पंचायत हनोदा तेजराम चंदेल विशेष अतिथि थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दिप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मितानीन बहनों द्वारा प्रेरणाप्रद गीत ,नृत्य नाटक की प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम में ताम्रध्वज साहू ने कहा कि प्रदेश की जनता के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में हमारी मितानिन बहनों की मेहनत का बहुत बड़ा योगदान रहा है। राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो प्रगति हासिल की हैं, वह मितानिनों के प्रयास के बिना संभव नहीं होती। मितानिन दीदियों के संघर्ष, साहस और सहयोग की सराहना करते हुए उन्हें साड़ी और प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं को ग्राम स्तर पर पहुंचाने में मितानिनों के योगदान पर उन्हें बधाई दी और इसी तरह बेहतर काम करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने मितानिन प्रशिक्षण भवन बनाने के लिए 20 लाख देने की घोषणा की। पश्चात दुर्ग ब्लाक के मितानिन बहनो का गिप्ट व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष शालिनी यादव ने भी मितानिन दीदियों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा कि कोविड के दौरान मितानिनों द्वारा गांव-गांव जाकर दवाई वितरण और टीकाकरण के प्रति लोगों को जागरूक करने में जो अथक मेहनत की सराहनीय है। इस बीच कार्यक्रम में मौजूद मितानिनों ने अपने अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम का संचालन खिलेंन्द्र संजू यादव व आभार बीएमओ डीके बेलचंदन ने किया। कार्यक्रम में हर्ष साहू, डीकेन्द्र हिरवानी, भरत चंद्राकर, दिवाकर गायकवाड़, तारकेश्वर चंद्राकर, टिकेश्वरी देशमुख, धनोरा सरपंच मनीष साहू, उमरपोटी सरपंच टीकेन्द्र ठाकुर, मचांदूर दिलीप साहू, सरपंच कातरो सरपंच मंजू यदु, सुमन साहू, रोशन साहू, गोवर्धन बारले, सरोज पटेल, राजूलाल देशमुख, माखन साहू, टिकेश्वरी देशमुख,बीएमओ डीके बेलचंदन, जजंगिरी सरपंच रेखा चतुर्वेदी ,जनपद सदस्य हरेंद्र धृतलहरे, गूँजेश्वरी साहू, संगीता साहू, ममता साहू, परमिला साहू, भरत चंद्राकर, विक्की मिश्रा, दीपिका चंद्राकर सहित सैकड़ों मितानिन बहने मौजूद थी।

## संसदीय सचिव ने किसानों से पैरादान करने किया आव्हान

**महासमुंद।** संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने किसानों से पैरा दान करने का आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा पैरादान करने से गायों के लिए चारे की व्यवस्था करने में गौठान प्रबंधन समिति को आसानी होगी। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि सूखा चारा ही पशुओं का मुख्य भोजन होता है। चारे की तलाश में मवेशियों को भटकना न पड़े, इसलिए गौठानों में सूखा चारा की उपलब्धता सुनिश्चित करने किसानों को पैरादान के लिए आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि खेत में पैरा को जलाने से धरती की उर्वरा शक्ति कम हो जाती है। किसानों से फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन कर खेतों और पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचाने की अपील करते हुए कहा कि फसल अवशेषों को जलाना नहीं चाहिए।

# रिसाली निगम क्षेत्र की सड़को के लिए गृहमंत्री साहू ने शासन से दिलाए 5 करोड़ रुपए

**भिलाई।** प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री एवं दुर्ग ग्रामीण के विधायक ताम्रध्वज साहू ने रिसाली निगम के बदहाल सड़को के कायाकल्प और डामरीकरण के लिए 5 करोड़ स्वीकृत कर शासन से दिलाया है। इस राशि से निगम क्षेत्र के सड़को का संधारण किया जाएगा । निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने बताया कि निगम के प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई है। टेंडर कार्य की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। पुरैना से रुआबाँधा तक के सड़कों का पेच कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा।



### निगम के इन क्षेत्र की सड़कों का होगा कायाकल्प

निगम आयुक्त श्री देवांगन ने बताया कि वार्ड 2 पंथी चौक से झिरिया तालाब तक 28 . 88 लाख , झिरिया तालाब से एनेसपीसीएल मोड़ तक 28 .88 , वार्ड 14 कल्याणी मंदिर से बीआरपी चौक व वार्ड 12 मैत्री गार्डन रोड 5.19, वार्ड 22 आशीर्वाद भवन सीनेसपीसीएल बस स्टॉप तक 28.34 , मिश्रा घर से मार्केट तक व ज्योति आटा चक्की सौम्या ब्यूटी पार्लर तक 24 .80 , डेस्टिनेशन अपार्टमेंट के चारो ओर व सड़क 5 व 6 - 24.77 , वार्ड 23 सड़क 19 -5.43 , वार्ड 24 सड़क 4 आजाद मार्केट 9.50 , वार्ड 25 आशीष नगर साहू फैंसी के सामने 23.63 , वार्ड 25 सड़क 21 में 5.40, आशीष नगर रामगोपाल मार्ग 13.05, वार्ड 26अवधपुरी चन्द्राकर ट्रेडर्स से हनुमान मंदिर 42.99, वार्ड 27 संगम डेयरी मार्ग 23.76, वार्ड 28 आशीष नगर पूर्व 27.85 , वार्ड 28 जल तरंग बार से सड़क 3 तक 26.63, वार्ड 29शिवाजी चौक से धनोरा रोड फाटक तक 32.02, वार्ड 30 इस्पात नगर राम मंदिर से साई मंदिर के बाजू 23.63 , हवेलीराम निवास से गौटिया घर तक 7.14 , वार्ड 32 नेवई भाटा रेड्डी क्लिनिक से दीक्षा स्कूल 9.64 , वार्ड 35 डुडेरा सियाराम चक्रधारी से नरेश व देवलाल यादव घर से चुरामन साहू तक 32.74 , वार्ड 36 डिकेन्द्र यादव घर से गार्डन तक 12.02, वार्ड 37 जोरा तराई अशोक घर से अरुण सिंह घर तक व सुलभ से स्कूल तक 6.87 , वार्ड 38 स्टोर पारा राजेन्द्र घर से पार्वती बाघ घर तक 11.67 और वार्ड 40 बस्ती हास्पीटल से वार्ड 38 शिव मंदिर तक 48.17 लाख खर्च की जाएगी।

## चार साल पूरा होने पर 17 को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

**महासमुंद।** संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के शानदार चार साल का कार्यकाल पूरा होने पर 17 दिसंबर को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया है। विनोद चंद्राकर फैंस क्लब महासमुंद के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है।विनोद चंद्राकर फैंस क्लब महासमुंद के पदाधिकारी व पार्षद बबलू हरपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर के चार साल का गौरवशील कार्यकाल पूरा होने पर भव्य कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए 17 दिसंबर को शाम छह बजे से शहर के हाईस्कूल मैदान में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया है।

## मोबाइल मेडिकल यूनिट के बेहतर संचालन के लिए आयुक्त ने जारी किए निर्देश

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में तीन मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन किया जा रहा है, जिसमें से एक दाई-दीदी क्लीनिक भी संचालित है। योजना का समुचित रूप से क्रियान्वयन हेतु सभी जोन आयुक्त को प्रभारी आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने निर्देश दिए है। जारी निर्देश के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से चिकित्सा सेवा का लाभ शहरी स्लम में निवासरत तीनों वर्ग के श्रमिकों एवं अन्य को दिया जाना है। प्रत्येक कैंप स्थलों पर शेष पंजीकृत श्रमिकों के पंजीयन की कार्यवाही 100 प्रतिशत किया जाना है, श्रम विभाग से इस कार्य के लिए जोन के एआरओ द्वारा समन्वय आदि का कार्य अजय शुक्ला प्रभारी अधिकारी सामाजिक पेंशन के साथ किया जाएगा।

# भेंट-मुलाकात में जनता की मांग पर देवेन्द्र यादव ने लगवाई एलईडी लाइट

**भिलाई।** भिलाई के युवा विधायक देवेन्द्र यादव गत दिवस नगर निगम भिलाई के खुर्सीपार क्षेत्र के वार्ड 42 में लोगों से भेंट मुलाकात करने गए थे। भेंट मुलाकात के दौरान विधायक देवेंद्र यादव से वार्डवासियों ने मांग की थी कि यहां शाम होने के बाद अंधेरा छाया रहता है। स्ट्रीट लाइट है लेकिन भवन के कैंपस में प्रयास रोशनी भी होती, साथ ही भवन की भी जरूरत है लोगों को बड़ी परेशानी होती है। लोगों की शिकायत को विधायक देवेन्द्र यादव ने तत्काल गंभीरता से लिया और एक्शन लेते हुए अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए।वार्डवासियों की मांग पर विधायक देवेंद्र यादव ने पहल की और कुछ ही दिनों में वार्ड के भवन के कैंपस में लाइट एलजी गई और जल्द ही भवन का कार्यक्रम भी होगा । गौरतलब है कि विधायक देवेंद्र यादव समय समय पर वार्डो का दौरा करते है। भेंटमुलाकात करने के बहाने लोगों से मिलते है और वार्ड का हालचाल जानने के साथ ही लोगों का कुशल क्षेम जानते है। लोगों की समस्याओं को जानकार उन समस्याओं को दूर करते हैं और वार्ड में कोई मूलभूत समस्या रहती है। उसका भी निदान करते हैं। इसी कड़ी में जब वे वार्ड 42 गए थे तो लोगों ने उन्हें अंधेरा दूर करने के लिए एलईडी लाइट लगाने कीमांग की थी। इसके लिए वार्डवासियों ने विधायक देवेंद्र यादव का दिल से आभार जताया।



# 16से 18 दिसम्बर तक शिविर दुर्ग पद्मनाभपुर में

**दुर्ग,5 दिसम्बर।** शहर के पद्मनाभपुर स्टेडियम में 16, 17 व 18 दिसम्बर को सुबह 6ः30 से 8ः30 बजे निःशुल्क कैंप का आयोजन किया है।%सही आहार, सही व्यायाम और सही ध्यान% पर आधारित शिविर की केंद्रीय अवधारणा मस्तिष्क की ऊर्जा को जागृत करती है, जो व्यक्ति को स्वयं का स्वामी बनने की ओर ले जाती है।शिविर में %प्रवचन नहीं, प्रयोग, थीम पर %शब्दों% की जगह परिणाम देने वाली तकनीक बताई जा रही है। सत्र के बाद, वैज्ञानिक रूप से डिजाइन किया गया क्षारीय नाश्ता परोसा जाता है जो मस्तिष्क की ऊर्जा को जगाने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने में मदद करता है और इसके लिए आवश्यक पोषक तत्वों को पूरा करता है।इंदौर से आए युवाओं द्वारा आयोजित शिविर की सफलता को देखते हुए हैप्पीनेस क्लब, सिंधु भवन, एसएसडी धाम, अटल उद्यान पदनाभपुर, सुराना भवन, सिटी सेंटर मॉल स्टेशन रोड सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 4 दिसंबर रविवार को शिविर का आयोजन किया गया है। महावीर लेक व्यू सोसायटी के अध्यक्ष पराग जैन ने सोसाइटी के सदस्यों से शिविर में भाग लेने का आग्रह किया है। शिविर में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।रजिस्ट्रेशन 11, 12 व 13 दिसंबर को सुबह 7 से 9 बजे तक पद्मनाभपुर स्टेडियम में पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।सन टू हयूमन फाउंडेशन के सदस्यों ने श्री परम आलय जी के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से भारत और विदेशों में 200 से अधिक शिविरों का आयोजन करने के बाद, स्वस्थ शरीर, शांत मन और आनंदम के प्रति लोगों को जगाने शहर के पद्मनाभपुर स्टेडियम में 16, 17 व 18 दिसम्बर को सुबह 6ः30 से 8ः30 बजे निःशुल्क कैंप का आयोजन किया है।आज के पद्मनाभपुर उद्यान की डेमो क्लास में महापौर धीरज बाकलीवाल,रायपुर पूर्व महापौर किरणमयी नायक और एल्डरमेन राजेश शर्मा सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

एक नजर

## प्रशांत गोस्वामी बने रायपुर ग्रामीण एनएसयूआई के ज़िला अध्यक्ष



**रायपुर 5 दिसंबर।** एनएसयूआई संगठन द्वारा प्रशांत गोस्वामी को रायपुर ग्रामीण ज़िला अध्यक्ष की ज़िम्मेदारी मिली है। प्रशांत गोस्वामी ने अपने छात्र राजनीतिक की शुरुआत कलिंगा विश्विद्यालय में छात्र संघ चुनाव से की। पूर्व में रायपुर ज़िला महासचिव के पद पर भी रह चुके हैं। संगठन द्वारा दी गई ज़िम्मेदारी के लिए उन्होंने एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन जी, भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव,यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा जी, एनएसयूआई प्रदेश प्रभारी विशाल चौधरी, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा एवं ज़िला प्रभारी आदित्य सिंह बिसेन जी का आभार जताया।

## बूढ़ा तालाब में हुआ ओपन माइक का आयोजन

**रायपुर 5 दिसंबर।** आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के जीवन सूचकांक सर्वेक्षण-2022 में आम नागरिकों को फीडबैक हेतु प्रेरित करने के लिए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा वॉइस ऑफ रायपुर कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस आयोजन के तहत लोक संगीत व ओपन माइक की प्रस्तुति हुई, जिसमें रायपुर शहर को देश के सर्वश्रेष्ठ निवास योग्य शहर के रूप में पहचान दिलाने लोगों ने अपनी राय दी। इस अवसर पर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री उज्जवल पोरवाल भी उपस्थित थे। मुख्य परिचालन अधिकारी श्री पोरवाल ने रायपुर शहर को सर्वेक्षण में उत्कृष्ट स्थान दिलाने सभी को अपना फीडबैक देने की अपील की। रायपुर की पहचान के तौर पर स्थित ऐतिहासिक बूढ़ातालाब-स्वामी विवेकानंद सरोवर प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में आम नागरिकों के साथ छोटे बच्चों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

## क्षतिपूर्ति राशि का लोगों को भुगतान करे सरकार : रिजवी

**रायपुर 5 दिसंबर।** मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष तथा वरिष्ठ अधिवक्ता इकबाल अहमद रिजवी ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को पत्र प्रेषित कर बताया है कि सन् 2006 के भाजपा शासनकाल में पिथौरा शहर (महासमुन्द जिला) में दंगा हुआ था जिसमें असामाजिक तत्वों ने लोगों की दुकानें, धार्मिक स्थल (मस्जिद), इत्यादि को क्षति पहुंचाई थी। जिला प्रशासन यानि तत्कालीन कलेक्टर, महासमुन्द ने करीब 43 लाख मुआवजा का आंकलन किया था लेकिन उक्त क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान भाजपा शासनकाल में नहीं किया गया था। इस संदर्भ में माननीय मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित कर कम से कम कांग्रेस शासनकाल में उक्त शेष मुआवजे का भुगतान करने हेतु अनुरोध किया हैं। दंगे के सोलह साल बाद भी प्रभावित एवं पीड़ित वर्ग को उक्त राशि अप्राप्त है। रिजवी ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से दंगे का हवाला देते हुए कहा है कि उक्त दंगे में उन्मादी असामाजिक तत्वों ने हिन्दू-मुस्लिम-सिक्ख-ईसाई समाज के लोगों की दुकानें, घर एवं मस्जिद को क्षति पहुंचाई थी। तत्कालीन महासमुन्द कलेक्टर एस.के. तिवारी ने शासन के निर्देश पर दंगे में हुई क्षति का ब्यौरा देते हुए लगभग 42 लाख 92 हजार की अनुमानित क्षति का आंकलन किया था तथा उस समय कलेक्टर ने तात्कालिक अनुदान सहायता के रूप में मात्र एक लाख आठ हजार रूपया प्रभावित पक्ष को दिए गए थे। शेष मुआवजा राशि का भुगतान करने हेतु तत्कालीन मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह एवं राज्यपाल ई.एस.एल. नरसिम्हन के समक्ष कई बार निवेदन किया गया परन्तु हासिल आया शून्य ही रहा। इस क्षतिपूर्ति के संबंध में भाजपा शासनकाल में कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई और प्रभावितों को शेष क्षतिपूर्ति राशि आज तक अप्राप्त है। रिजवी ने इस संदर्भ में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का ध्यान आकर्षित कर कहा है कि विगत् 16 वर्षों से लम्बित क्षतिपूर्ति राशि का शीघ्र भुगतान करावें अथवा पीड़ितों के जख्मों पर मलहम लगाने हेतु शेष राशि का भुगतान के लिए अविलम्ब आबंटन राशि जारी करने का आग्रह किया है।

## राजस्व मंत्री ने किया राजस्व पुस्तक परिपत्र ग्रंथ का विमोचन

**रायपुर, 5 दिसम्बर।** प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कोरबा निवास पर वरिष्ठ अधिवक्ता विजय कुमार दुबे लिखित राजस्व पुस्तक परिपत्र ग्रंथ का विमोचन किया। लगभग 1100 पृष्ठों के इस ग्रंथ में छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद लोक हित में भू-राजस्व संहिता में अनेकों संशोधन किए गए हैं। संशोधनों के प्रवर्तन के लिए राज्य सरकार द्वारा शासकीय परिपत्रों के माध्यम से जो दिशा निर्देश जारी किए गए हैं, उन सभी का समावेश इस ग्रंथ में किया गया है। राजस्व पुस्तक परिपत्र ग्रंथ के लोकार्पण अवसर पर विमोचन करते हुए राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि इस ग्रंथ में राजस्व संबंधी सभी संदर्भो का समावेश होने से राजस्व प्रकरणों के संबंध में यह ग्रंथ मार्गदर्शक की भूमिका अदा करते हुए बहुत उपयोगी सिद्ध होगा, इसमें संदेह नहीं। राजस्व मंत्री ने उम्मीद जतायी कि इस ग्रंथ से राजस्व न्यायालयों और अधिवक्ताओं को बहुत सहायता मिलेगी। अथक परिश्रम से तैयार किए गए इस ग्रंथ के लिए राजस्व मंत्री ने ग्रंथ के लेखक वरिष्ठ अधिवक्ता विजय कुमार दुबे व पुस्तक प्रकाशन में सहयोगकर्ता अधिवक्ता अभिषेक दुबे को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। राजस्व पुस्तक परिपत्र ग्रंथ के लेखक विजय कुमार दुबे ने बताया कि ग्रंथ में राजस्व संबंधी मामलों के संदर्भ में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी किए गए अद्यतन परिपत्रों तक को समाहित किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि यह ग्रंथ राजस्व संबंधी प्रकरणों के निपटान में एक संदर्भ पुस्तक के रूप में सर्व संबंधित के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा। विद्वान अधिवक्ता श्री दुबे ने बताया कि उनके द्वारा लिखित अनेक पुस्तकों में से यह चौथी पुस्तक है।

# आदिवासियों के विकास में मील का पत्थर साबित होगा आरक्षण संबंधी पारित विधेयकः सीएम

### आदिवासियों के हित संरक्षण के लिए हो रहा निरंतर कार्य



**रायपुर, 5 दिसम्बर।** आदिवासियों के विकास में मील का पत्थर साबित होगा आरक्षण संबंधी पारित विधेयक।आदिवासियों के हित संरक्षण के लिए, हो रहा निरंतर कार्य मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से आज शाम राजधानी स्थित उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल द्वारा मुलाकात के दौरान हाल ही में 2 दिसंबर को विधानसभा के विशेष सत्र में आरक्षण के संबंध में पारित विधेयक पर अभूतपूर्व उत्साह के साथ मुख्यमंत्री का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि आदिवासियों सहित समाज के सभी वर्गों के हित संरक्षण के लिए हमारी सरकार द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। आदिवासियों सहित सभी वर्गों के विकास में यह विधेयक मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने प्रतिनिधिमंडल से चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश में सभी वर्गों के साथ-साथ आदिवासी समुदाय के विकास और कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। इनमें प्रमुखता से समाज के कमजोर वर्ग सहित आदिवासियों के उत्थान तथा उन्हें अधिकार संपन्न बनाने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमने आरक्षण के मुद्दे पर आदिवासी समाज को स्पष्ट रूप से भरोसा दिलाया था कि राज्य में इस मामले में आदिवासी निश्चिंत रहे, उन्हें 32 प्रतिशत् आरक्षण का लाभ जरूर दिलाया जाएगा। इसके लिए हमारी सरकार द्वारा हरसंभव पहल की गई और विधानसभा का विशेष सत्र आहूत कर इसे पारित कराया गया।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार का मुख्य फोकस गांव, गरीब, किसान और आदिवासियों, वनवासियों पर है।

# आईटीबीपी ने ग्राम जक्के में किया सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन

**मोहला 5 दिसंबर।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल सामरिक मुख्यालय मोहला जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के स समवाय सीओबी के द्वारा अनिल कुमार अकरणिया कमांडेंट के नेतृत्व में अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र के दूरगामी मानपुर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम जक्के में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का आयोजन 44 वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के कमांडेंट अनिल कुमार अकरणिया, रिथेस रेड्डी वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, सहायक सेनानी तथा स समवाय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी की देखरेख में संपन्न किया गया इस अवसर पर ग्राम सरपंच हेमलाल ग्राम सचिव योगेश समेत विभिन्न ग्रामीण उपस्थित रहे । सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत युवाओं एवं स्कूली छात्र छात्राओं को खेल से जुड़ी सामग्री व ग्रामीणों को उन्नत किस्म के फसलों की बीजो का वितरण किया गया है साथ ही साथ छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए मार्गदर्शन भी दिया गया।



# किसान उत्साह से कर रहे पैरादान



**राजनांदगांव 5 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह के निर्देशन और एसडीएम श्री अरूण वर्मा के मार्गदर्शन में राजनांदगांव तहसील के राजस्व, पंचायत सहित अन्य विभागों के मैदानी अमला, पैरादान करने हेतु घर-घर अभियान चला रहे है। इसी क्रम में अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान तहसीलदार श्री प्रफुल्ल कुमार गुप्ता अपने राजस्व टीम राजस्व निरीक्षक श्री हरीश कश्यप, पटवारी श्री हेमंत वर्मा एवं पंचायत टीम के साथ ग्राम भेड़ीकला में पैरादान करने हेतु किसानों से चर्चा की। अभियान प्रारंभ करने के एक घंटे के भीतर ही 20 किसानों ने पैरादान करने की सहमति दे दी। पैरादान कराने में सरपंच, जनपद सदस्य सहित अन्य की विशेष भूमिका रही। सभी किसानों ने पैरादान करने काफी उत्सुकता जाहिर की। 20 किसानों ने लगभग 100 ट्रैक्टर पैरादान किया। इसी तरह ग्राम मुदपार, बीरेझर, देवाडा आदि ग्रामों में भी घर-घर दस्तक देकर पैरादान करने प्रेरित किया गया। जिससे 26 किसानों ने 54 ट्रैक्टर पैरादान करने अपनी सहमति प्रदान की। तहसीलदार श्री प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने बताया की पैरादान करने मैदानी अमले के माध्यम से हर ग्राम में घर-घर दस्तक देकर जागरूक किया जा रहा है।

# गुड मॉर्निंग राजनांदगांव में दिखा लोगों का उत्साह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 5 दिसम्बर।** जिलेवासियों ने आज अलसुबह खेलों, व्यायाम एवं योग को अपने जीवन में शामिल करने का उद्घोष किया और कहा गुड मार्निंग राजनांदगांव। कलेक्टर श्री डोमन सिंह की पहल पर आज ऊर्जा पार्क में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से आयोजित गुड मार्निंग राजनांदगांव अंतर्गत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। बच्चे, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों ने सक्रियतापूर्वक शामिल होकर अपने स्वास्थ्य के प्रति सजगता जाहिर की। वहीं उल्लास एवं खुशी के रंग भी छलके। कहीं व्यायाम एवं योग तो कहीं कराटे करते बच्चे, तो कहीं जोश और जज्बे से रोप स्कीपिंग, तो कहीं हॉकी, जिम बॉल जैसे खेलों में युवाओं की टीम ने ऊर्जा एवं ताकत दिखाई। कोविड-19 संक्रमण के बाद स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम प्रारंभ किया गया, ताकि लोग स्वस्थ एवं दुरूस्त रहें और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा मिले। रस्साकस्सी की जोर आजमाईश में युवाओं ने दम-खम दिखाया। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने कहा कि जिला मुख्यालय के साथ ही ब्लॉक मुख्यालय, पंचायत मुख्यालय तथा हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में गुड मॉर्निंग राजनांदगांव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। राजनांदगांव जिला खेलों के लिए प्रसिद्ध है और लोग यहां कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर आयुष विभाग द्वारा इस अवसर पर स्वास्थ्यवर्धक काढ़े की व्यवस्था की गई थी तथा अंकुरित चना, मूंग का नाश्ता दिया गया। जिले के अधिकारी एवं कर्मचारी उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार, नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देवहारी, संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे, सहायक अभियंता क्रेडा श्री संकेत द्विवेदी, सहायक संचालक खेल श्री ए एक्का, तहसीलदार श्री प्रफुल्ल ठाकुर, प्रभारी अधिकारी खेल श्रीमती उषा चटर्जी, दिग्विजय स्टेडियम प्रबंधक श्री रणविजय सिंह, श्री पुरूषोत्तम साहू अन्य अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित थे। इस मौके पर आस्था मूक बधिर शाला के बच्चों ने योग किया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को सुबह गुड मार्निंग राजनांदगांव आयोजित की जा रहा है। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से यह पहल की गई है। इस दौरान योग-प्राणायाम, कराटे, रोप स्कीपिंग, जू-जित्सु, वुशु, टग ऑफ वॉर, स्केटिंग, जिम बॉल, थेरा बैंड, मिलीट्री रोप, एडवांस फिजिकल एक्सरसाईज विथ बोसु बॉल जैसे खेलों का आयोजन किया जा रहा है।

# सीएम बघेल के कार्यों पर जनता जताएगी विश्वासः अम्बिका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 5 दिसंबर।** भानुप्रतापपुर के उपचुनाव में नगरी के कांग्रेसी डोर टू डोर प्रचार कर कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाया जा गया है। सीएम बघेल के रोड शो व कार्यक्रम में भी उपस्थिति प्रदान की गई, जिसमे प्रमुख रूप से अम्बिका मरकाम पूर्व विधायक, उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी, मीना बंजारे सभापति जिला पंचायत घमतरी, राजेन्द्र सोनी सदस्य कृषि उपज मंडी समिति नगरी, रेणुका शर्मा, किसन गजेंद्र, भरत लहरे, नितिन पिंकी यदु शामिल है। अम्बिका मरकाम ने कहा कि जिस तरह अब तक हुए सभी चुनाव में सीएम भूपेश बघेल के कार्यो पर आम जनता ने अपने विश्वास की मुहर लगाई वैसे ही भानुप्रतापपुर उपचुनाव में भी जनता विश्वास जताएगी यह तय है। आदिवासी आरक्षण सम्बन्धी विधेयक पास कर एक ऐतेहासिक निर्णय प्रदेश सरकार ने किया है। सरकार से किसान, मजदूर, व्यपारी, युवा, महिला सभी वर्ग के लोग खुश है। अपने वादों को पूरा कर सीएम ने जता दिया कि कांग्रेस अपने वादों को पूरा करती है। श्रीमती मरकाम ने कहा कि प्रचार के दौरान जनता का अभूतपूर्व समर्थन कांग्रेस को मिलता नजर आया जिससे यह चुनाव के पहले ही यह लगभग साफ नजर आया कि कांग्रेस प्रत्याशी की जीत तय है।

## रायपुर सराफा एसोसियेशन के फिजोयोथैरेपी एवं दंत चिकित्सा शिविर का समापन



**रायपुर 7 दिसंबर।** फिजोयोथैरेपी एवं दंत चिकित्सा शिविर का आज समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें आज के कार्यक्रम के मुख्यअतिथि रायपुर सराफा एसोसिएशन के संरक्षक श्री शिवराजजी भंसाली,विशेष अतिथि मदनलाल अग्रवाल श्री शांति लाल बरड़िया, श्री भिखम कोचर श्री आर प्रकाशचंद गोलछा जी श्री मदनलाल अग्रवाल श्री राजेंद्र शर्मा छत्तीसगढ़ कैट के प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोषी वरिष्ठ समाज सेवी लोकेश कावडियां जी विशेष सहयोगी श्री साधुमार्गी जैन संघ के अध्यक्ष श्री उदयराज पारख जी उदयपुर से पधारे डा.श्री कैलाश कुमार, एवं श्री एम. ए.चयनम , सीता दंत एक्सप्रेस संचालित डा.श्री जितेन्द्र सराफ एवं श्रीमति प्रिया सराफा ,एवं शकुंतला फाऊंडेशन के प्रमुख स्मिता सिंह प्रत्यूशा फाउंडेशन प्रमुख प्रीति मिश्रा द्वारा योगदान दिया गया, इस अवसर पर रायपुर सराफा अध्यक्ष सुरेश भंसाली, सचिव दीपचंद कोटड़िया, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र गोलछा संरक्षक श्री मगेलाल जी मालू, छत्ती.सराफा के महासचिव श्री नरेंद्र दुग्गड़ जी,चेम्बर के कोषाध्यक्ष श्री उत्तम गोलछा जी श्री महावीर चंद जी बुरड़ श्री सुनील पारख जी पवन अग्रवाल जी हरीश डागा, सुनील सोनी, बी.एल., प्रवीण मालू, दिलीप टाटिया, भरत भाई जैन, महावीर मालू, रमेश वलेचा, संजय बरमट, सौरभ कोठारी, संजय कोचर, अनिल कुचेरिया, विकास कानुगा, सुरेश बाफना, श्री संतोष खटोर जी श्री पार्षद पति मुकेश कंदोई जी अशोक नाहटा, योगेश पगारिया, हेमंत बुरड़, दीपक कावड़ एवं अन्य उपस्थित हुए । इस 4 दिवसीय शिविर में 718 कुल पंजीयन हुए जिसमें 398 लोगों ने घुटने गर्दन आदि फिजोयथैरेपी का लाभ प्राप्त किया 215 ने अपने दांत परीक्षण करवाये 105 लोगों का ब्लड़ ग्रुप शुगर एवं सिकलिंग परीक्षण किया गया। उक्त जानकारी रायपुर सराफा एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष जितेन्द्र गोलछा ने उपलब्ध करायी।

## डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद का जन्म दिवस अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया

**अंवरी 5 दिसंबर।** अधिवक्ता ही वह मार्गदर्शक होता है जो विप्पत्ति में सच्ची सलाह व सही राह दिखाता है। वह एक सच्चे मित्र की भांति कुशल वक्ता के रूप में अपने कर्तव्यों का शुद्ध अंतःकरण से निर्वहन करता है। शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर विधि प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष व अधिवक्ता रमेश पांडेय ने कहा कि आज ही के दिन भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जी का जन्म हुआ था वह एक प्रख्यात अधिवक्ता भी थे। इसी कारण 3 दिसंबर को प्रत्येक वर्ष अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। अधिवक्ता, अभिभाषक या वकील के अनेक अर्थ हैं, परंतु हिंदी में ऐसे व्यक्ति से है जिसको न्यायालय में किसी अन्य व्यक्ति की ओर से उसके हेतु या वाद का प्रतिपादन करने का अधिकार प्राप्त हो। अधिवक्ता किसी दूसरे व्यक्ति के स्थान पर (या उसके तरफ से) दलील प्रस्तुत करता है। अधिवक्ता अपने पक्षकार के लिए सबसे बेहतर मित्र सहायक होता है पक्षकार की सारी बातों को समझ कर उसके तरफ से बड़ी बारीकी से अपना पक्ष न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करता है।मैं सभी अधिवक्ता मित्रो व सहयोगियों को अधिवक्ता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए इस क्षेत्र में निर्भीक व कुशल सेवा की कामना करता हूं।



# मतदाता सूची में नाम जोड़ने व संशोधन का काम जारी

**राजनांदगांव 4 दिसंबर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 अर्हता तिथि 1 जनवरी 2023 कार्यक्रम संपन्न कराया जा रहा है। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 9 नवम्बर 2022 को किया गया है। प्रकाशित मतदाता सूची में किसी प्रकार के दावा आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति नाम, पता, फोटो आदि में सुधार मृत व स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन संबंधित निर्धारित प्रारूप फार्म मतदान केन्द्र में बीएलओ के पास जमा कर सकते हैं। इस बार के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यक्रम में आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन की तिथि 9 नवम्बर 2022 से 8 दिसम्बर 2022 तक 1 जनवरी 2023 के साथ साथ 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर 2023 को पात्रता रखने वाले युवा नागरिक भी अपना नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने हेतु प्रारूप -6 में अग्रिम आवेदन कर सकेंगे। मतदाता सूची पुनरीक्षण 2023 के कार्यक्रम में सभी पात्र युवा जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों ही माध्यम से अपना नाम जुड़वा सकते हैं। मोबाइल एप वोटर हेल्पलाइन डाउनलोड करके इसमें आवश्यक जानकारी दर्ज कर अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत करा सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर भी उक्त सुविधा उपलब्ध है। मतदान हेतु निर्धारित आयु 18 वर्ष है । 18 वर्ष पूर्ण करने हेतु चार तिथियों को मान्य किया गया है। जिसमें 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवक-युवती अपना नाम दर्ज करा सकते हैं । इन शिविरों में 17- 19 वर्ष आयु समूह के छात्र-छात्राओं भावी मतदाताओं को मतदाता सूची में पंजीयन हेतु चार अर्हता तिथियों 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर की जानकारी, नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोडने् एवं पूर्व से पंजीकृत मतदाताओं के आधार मतदाता सूची से लिंकिग करने, वोटर हेल्पलाइन एप व पोर्टल के माध्यम से नाम जोडने्, संशोधन का कार्य संपादित करने की प्रक्रिया एवं आगामी वर्ष की उपरोक्त अर्हता तिथियों में यदि वे 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहें हो तो अग्रिम पंजीयन कराने एवं अपने परिवार के सदस्यों का आधार लिंकिग वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से करने के लिए प्रेरित करने हेतु आयोजन हो रहे हैं। विद्यालय में आयोजित शिविर में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, मतदान केन्द्र के बीएलओ, अभिहित अधिकारी के द्वारा उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं को आवश्यक जानकारी प्रदान की जा रही है।

## कौशल विकास से मिलेगा रोजगार

**रायपुर 5 दिसंबर।** राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के संचालक श्री राजेश सिंह राणा ने कहा है कि शिक्षा की उपयोगिता तभी सिद्ध होगी जब हम उसे व्यवसाय से जोड़ेंगे। बच्चों में विभिन्न प्रकार के कौशलों का विकास करेंगे तो वे जब शिक्षा ग्रहण करने निकलेंगे तब उनके हाथ में रोजगार होगा। श्री राणा राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में व्यवसायिक शिक्षा पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यशाला में कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के पाठ्यपुस्तकों में दिए गए विषयवस्तु को व्यवसाय से किस प्रकार संबद्ध किया जा सकता है, विषयवार उन कौशलों की पहचान करें जिन्हें बच्चों में विकसित किया जाना है। कार्यशाला का आयोजन शिक्षा को गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद हैदराबाद संस्थान और एससीईआरटी द्वारा किया गया। श्री राजेश सिंह राणा ने कहा कि राज्य के छात्र-छात्राएं जीवन में बेहतर कार्य कैसे कर सकते हैं। उन्होंने व्यवसायिक शिक्षा की उपयोगिता और महत्ता बताई। श्री राणा ने कहा कि हमारी शिक्षा ऐसी हो जो समाज को एक बेहतर नागरिक देने का उद्देश्य को पूर्ण कर सके। शिक्षण पद्धति ऐसी होनी चाहिए जो न सिर्फ विषय आधारित हो अपितु विद्यार्थियों को रोजगार के नए-नए अवसर प्रदान कर सकें। राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की संयुक्त संचालक निशी भांबरी ने महात्मा गांधी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा की हमारी शिक्षा ऐसी हो जो विद्यार्थियों को हेड,हार्ट और हैंड से जोड़े तथा रोजगार से जुड़कर एक सम्मानजनक जीवन जी सके। इस अवसर पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद हैदराबाद की डॉ. योगिता मंडोले भी उपस्थित थी। कार्यशाला में एससीईआरटी के अकादमिक सदस्यों द्वारा हिंदी, अंग्रेजी, गणित साइंस, सामाजिक विज्ञान विषयों में व्यवसायिक कौशल को चिन्हांकित किया गया, जिससे शिक्षक विषय पढ़ाते हुए विद्यार्थियों में विभिन्न कौशल जैसे लेखन, वक्ता, अभिनय, मूर्तिकला, काष्ठ कला, गीत, नृत्य, संगीत आदि कौशलों का विकास कर सकते है। जिससे विद्यार्थी व्यवसायिक कौशल के साथ साथ आर्थिक रूप से सक्षम हो सके। इस कार्यक्रम में एससीआरटी के विषय विशेषज्ञों के अलावा सहयोग के लिए डाइट के अकादमिक सदस्य भी उपस्थित थे।



### महंगाई कम करने के नारों के साथ बढ़ती रही भारत जोड़ो यात्रा

# भारत की एकता और अखंडता के लिए भारत जोड़ो यात्रा जरूरीः कुलबीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 5 दिसंबर।** केन्द्र सरकार की तानाशाही रवैये व गलत आर्थिक नीतियों के चलते देश में फैली अराजकता व साम्प्रदायिकता को दूर करने व देश में पुनः एकता और अखंडता कायम देशप्रेम की भावना जागृत हो जिसको लेकर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जी द्वारा ''भारत जोड़ो यात्रा'' निकाली गई है। जिसका अनुसरण करते हुए राजनांदगांव विधानसभा प्रभारी, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में रविवार 04 दिसंबर को कैलाश नगर वार्ड नं 30 से यात्रा की शुरूआत हुई जो वार्ड का भ्रमण कर श्रीराम धर्मकांटा में यात्रा का समापन हुआ।

शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के आदेशानुसार शहर जिला कांग्रेस प्रभारी अरूण सिसोदिया के मार्गदर्शन व भारत जोड़ो यात्रा राजनांदगांव विधानसभा प्रभारी व शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में राजनांदगांव विधानसभा के अंतर्गत दक्षिण ब्लॉक के कैलाश नगर वार्ड 30 से बाबा जलाराम की पूजा अर्चना कर यात्रा प्रारंभ हुई जो रामनगर में शंकर नगर में शंकर मंदिर, रामनगर में हनुमान मंदिर, साईं मंदिर को प्रणाम कर श्रीफल व फुल माला चढ़ाते हुए आगे निकली जो श्रीराम धर्मकांटा के पास यात्रा का समापन हुआ। यात्रा दौरान प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की पाम्पलेट पोस्टर का वितरण करते रहे। यात्रा

दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन द्वारा भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेसजनों का उत्साहवर्धन करते हुए उनका हौसला अफजाई करते रहे, वहीं शहरवासियों को राज्य सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं के बारे में बताया। इस दौरान भारत जोड़ो यात्रा का वार्डवासियों द्वारा खुले दिल से स्वागत कर अपना जनसमर्थन करते दिखे। दक्षिण ब्लॉक महामंत्री व बूथ अध्यक्ष राजेश चौहान की अगुवाई में वार्ड के नागरिकों द्वारा यात्रा का स्वागत किया एवं यात्रा में वार्डवासियों को शामिलकर भारत जोड़ो यात्रा का उद्देश्य बताते हुए पाम्पलेट का वितरण करते रहे।वार्ड के वरिष्ठ कांग्रेसी ईश्वर पटेल वार्ड में सक्रिय रहे शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने मोदी सरकार को आडे हाथों लेते हुए कहा कि आठ साल पहले देश की जनता को झूठ बोलकर भाजपा ने केन्द्र में सरकार बनाई और आज देश की क्या स्थिति है यह सभी जानते है। महंगाई से आज चारों ओर हाहाकार मचा हुआ है देश की एकता आज खतरे में आ गई है। आज केन्द्र की मोदी सरकार देश को खंड-खंड कर रही है जिसको लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता माननीय राहुल गांधी जी को जरूरी कदम उठाना पड़ा और देश की एकता अखंडता व अस्तित्व को बचाने के लिए भारत जोड़ो यात्रा निकाली जिसका आज पूरा देश जनसमर्थन कर रही है।

आज की यात्रा में प्रमुख रूप से महापौर हेमा देशमुख, आफताब आलम एआईसीसी पूर्व सदस्य शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, झम्मन देवांगन, सविता ठाकुर, राजू खान, महामंत्री महेन्द्र शर्मा, झम्मन देवांगन, महिला अध्यक्ष रोशनी सिन्हा नासिर जिंदरान, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, पार्षद अमिन हुद्दा, गणेश पवार, मनीष साहू, एल्डरमैन मामराज अग्रवाल, एजाजूर रहमान, भारत भूषण शर्मा, योगेन्द्र प्रताप सिंह,मोहिनी सिन्हा प्रज्ञा गुप्ता,, अजय सिंह परिहार, प्रभात गुप्ता, भोजराज भेलावे, डा.राकेश कुमार, अतुल शर्मा, मेहुल मारू, पंकज गुप्ता, संजय साहू, नारायण सोनी, जसबीर सिंह भाटिया, मुस्तफा जोया, विद्या तिरपुडे, अनीष जैन, प्रमोद बागड़ी, महेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, भारत पटेल, निहाल नकवी, रोहित लोनहारे, मजहर, विमल अग्रवाल, जितेश सिमनकर, अनिल ठाकुर, मोहसिन कुरैशी, राहुल गजभिये, ईश्वर पटेल, सुकृत गुप्ता, संदीप जायसवाल, दुर्गा देवांगन, सावित्री जैन सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

संपादकीय

# मतदान कम तो हुआ है....

गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 89 विधानसभा सीटों के लिए एक दिसंबर को मतदान शांति से हो गया है। मतदान करीब 63 फीसदी हुआ है। यह पिछले दो विधानसबा 2017 व 2012 की तुलना कम है। गुजरात में मतदान के ट्रेंड को देखा जाए तो 2012 से वह कम होता जा रहा है। 2012 की तुलन में 2017 में कम हुआ था तथा 2017 की तुलना में 2022 में कम हो गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में लगभग चार प्रतिशत मतदान कम हुआ था तो इस बार मतदान पांच फीसदी कम हो गया है। मतदान कम होने का विश्लेषण इस तरह किया जा रहा है। लोगों ने कम मतदान किया है इसका मतलब यह है कि लोग सरकार के काम से संतुष्ट हैं, वह सरकार को बदलना नहीं चाहते हैं, जनता सरकार को बदलना चाहती तो वह ज्यादा वोट देती है। मतदान कम हुआ तो जनता चाहती है यही सरकार सत्ता में रहे। इस बात में दो मत नहीं है कि 27 साल पुरानी सरकार के प्रति नाराजगी तो होती है। गुजरात सरकार के खिलाफ नाराजगी है। इस नाराजगी को विपक्ष अपने हित में उपयोग नहीं कर पा रहा है क्योंकि इस नाराजगी को पीएम मोदी निरंतर कम करते रहते हैं। चुनाव के वक्त वह यानी पीएम मोदी ही ऐसे ही नेता हैं जो जनता को नाराजगी को कम भी कर सकते हैं तथा जनता को यह बता भी सकते हैं कि नाराजगी के बाद भी भाजपा को ही चुनना उनके हित में है। जनता की नाराजगी सीटों के कम होने के रूप में आती है लेकिन जनता की नाराजगी हार के रूप में नहीं बदल पाती है। यूपी में किसी को उम्मीद नहीं थी कि भाजपा यहां दुबारा जीत सकती है। लेकिन भाजपा जीती सीटें कम हुईं लेकिन भाजपा जीती। गुजरात उनकी जन्मस्थली है, कर्मस्थली है, वहां से उनको जितना लगाव है, जनता को भी उतना ही लगाव है। महात्मा गांधी,सरदार पटेल के बाद नरेंद्र मोदी भी ऐसे गुजराती नेता हैं जिन्होने अपने काम से गुजरात का गौरव देश विदेश में बढ़ाया है। पीएम मोदी गुजरात की अस्मिता के प्रतीक बन गए हैं। सारे राजनीतक दल यह जानते हैं कि पीएम मोदी को बुरा कहकर गुजरात में चुनाव नहीं जीता जा सकता। इसके बाद उसके नेता हर बार कुछ न कुछ ऐसा कह देते हैं कि गुजरात की जनता नाराज हो जाती है, वह मोदी के साथ खड़ी हो जाती है। गुजरात का मेगा रोड शो इस बात का प्रमाण है कि पीएम मोदी गुजरात में कितने लोकप्रिय हैं। 32 किमी लंबे रोड शो के दौरान सड़क पर दोनों तरफ हजारों लोगों का घंटो खडा रहना इस बात का प्रतीक है कि गुजरात में मोदी को टक्कर देना आसान नहीं है, 27 साल बाद भी मोदी के कारण भाजपा की लोकप्रियता कम नहीं हुई है। कम होती भी है तो उसकी भरपाई पीएम मोदी करने में सक्षम है। वह गुजरात के लोगों को हमेशा इसबात का यकीन दिलाने में सफल होत हैं कि गुजरात का सबसे ज्यादा भाजपा और मोदी ही कर सकते हैं। उनके किए गए कामों से यह साबित भी होता है।

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)** आज का दिन आपके लिये भाग्यशाली है। नक्षत्र आपके लिये अत्यंत अनुकूल दिखाई देता है। सकारात्मक विचार करने से आप सकारात्मक ऊर्जा पाएंगे जिससे आप अपने मकसद तक पहुंच सकेंगे। यदि आप किसी परियोजना पर कार्य कर रहे हैं तो आप जिन बदलावों को लागू करने का इरादा कर रहे हैं यह उनके लिए संभवतः सबसे अनुकूल समय नहीं है। गुस्सा त्याग करने से ही सकारात्मकता आएगी। आर्थिक सहायता में भी देरी हो सकती है। स्वास्थ्य सुधार होगा।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)** आप किसी ऐसे व्यक्ति की ओर आकर्षित होंगे जो आपकी रुचियों और इच्छाओं तथा जुनून को साझा करेगा। यदि आपने किसी के साथ कुछ गलत किया है, तो हमेशा अपनी गलती मानकर माफी मांगना ही बेहतर होगा। आज आपके पश्चाताप को समझा जाएगा और आप माफ किए जाएँगे।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)** आज आप जिन लोगों से मिलेंगे उनके लिए आप एक प्रेरणा होंगे। आपकी फुर्तीली ऊर्जा और आपके चारों ओर प्रेम तथा सुंदरता उन्हें प्रोत्साहित करती है। आज आप भाग्यशाली साबित हो सकते है। परंतु आज छोटे से काम के लिये भी आपको लंबा इंतजार होगा या बहुत प्रयास करना होगा।

**कर्क : (ही, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)** आपके इरादों से संबंधित पुस्तकों का संदर्भ लें। यह पुस्तकें आपको यशस्वी योजनायें बनाने में मार्गदर्शन करेंगी।आप सामान्य तौर पर चुस्त और प्रबल हैं। परंतु पिछले कुछ दिनों से आपके व्यस्तता के कारण हो रही थकावट आपको सुस्त कर देगी। पर्याप्त आराम करें जिससे आप ठीक हो जाएंगे।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)** आपका दिन सामान्य रहेगा । किसी को अनचाही सलाह या तारीफ देने से बचें। मान सम्मान में वृद्धि होगी। सामाजिक दायरा बढेगा। घरेलू समस्या का समाधान करने हेतू आपको उसमें शामिल सभी लोगो की राय लेनी चाहिये। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। दिनचर्या व्यस्त रहेगी। स्वास्थ्य सही रहेगा।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)** आपको नुकसान पहुँचाने का कारण बने व्यक्ति पर दया दिखाना या उसे माफ करना आपके लिये आज मुश्किल होगा। ऐसा करने हेतू अत्यधिक समझ की आवश्यकता होती है। परंतु हर व्यक्ति के बारें मे सहानुभूति रखने की आपकी क्षमता आपको ऐसे व्यक्ति को माफ करने में सहायता करेगी। कामकाजी महिलाओं को घर और कार्यालय दोनों जगह पर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। यह उनके लिए एक कठिन दिन होगा।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)** अपनी भावनाओं और मनोभावों को उस व्यक्ति के सामने स्पष्ट और खुले रूप से व्यक्त करें जिससे आप आकर्षित हैं। अस्वीकृति से भयभीत न हों। आज आपको कुछ कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। किंतु आप अपनी बौद्धिकता और विश्लेषणात्मक शक्तियों के साथ सभी का समाधान करने में सक्षम होंगे।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)** आप एकबार पुनः दीर्घकालिक स्वप्न पर कार्य करने का प्रयास कर सकते हैं। कभी भी देरी नहीं है। वास्तव में आपको अपने सपनों को पहले की अपेक्षा पूरा करना अधिक आसान हो सकता है। आपको अपने प्रेमी के आसपास कुत्ते के पिल्ले के समान प्रेम की प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं है। बस आगे बढ़िए और प्रस्ताव दीजिए और आपको निश्चित ही एक सकारात्मक प्रतिसाद मिलता है।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)** आपका मजाकिया स्वभाव आपको मित्रों और दूसरे लोगों के बीच बहुत लोकप्रिय बनाता है जिनसे आप आज मिलते हैं। यह उन लोगों को भी उत्साहित करेगा जिनके साथ आप कार्य करते हैं। आपको नुकसान पहुँचाने का कारण बने व्यक्ति पर दया दिखाना या उसे माफ करना आपके लिये आज मुश्किल होगा। ऐसा करने हेतू अत्यधिक समझ की आवश्यकता होती है। परंतु हर व्यक्ति के बारें मे सहानुभूति रखने की आपकी क्षमता आपको ऐसे व्यक्ति को माफ करने में सहायता करेगी।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)** महिलाएँ आज जिन पार्टियों या फंक्शनों में उपस्थित होंगी उनमें वे आकर्षक और लोकप्रिय होंगी।संपत्ती के बारे में या कोई घरेलू समस्या का समाधान करने हेतू आपको उसमें शामिल सभी लोगो की राय लेनी चाहिये। कुछ समय अपने अहंकार को दूर रखें।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)** आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा। आज आपकी अथवा घर में किसी सदस्य की सेहत अकस्मात ख़राब होने या पुराने रोग के बढ़ने से भाग-दौड़ करनी पड़ेगी। कार्य क्षेत्र पर भी आज आर्थिक कारणों से कार्य अटक सकते है। उधार की वसूली में परेशानी आएगी। किसी अरिष्ट की चिंता से मन व्याकुल रहेगा। सहकर्मियों का सहयोग मिलने से थोड़ी राहत मिलेगी। कर्ज लेना पड़ सकता है। मानसिक तनाव ना बढ़ने दें आध्यात्म का सहारा लें।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)** भावनात्मक रुप से आपका कठिन समय चल रहा है तथा आपके हृदय के घाव भरने में थोड़ा और समय लगेगा। परंतु आपके अपने लोगों से आपको करुणा एवं सहानुभूति प्राप्त होगी। जल्द ही यह समय भी निकल जाएगा।आज आप निष्क्रियता एवं थकावट महसूस करेंगे। यह आपके सक्रिय स्वभाव के विपरीत होगा। सहजता से क्षुब्ध भी हो जायेंगे।

# हिजाब मुद्दे को प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाना उचित नहीं

सामयिक

तनवीर जाफ़री



विगत कई वर्षों से मुसलमानों के विभिन्न धार्मिक,सामाजिक व उनके शरई मामलों में दख़लअंदाज़ी करने की गोया एक अंतर्राष्ट्रीय मुहिम सी छिड़ी हुई है। कभी तीन तलाक़ को लेकर कभी दाढ़ी को लेकर कभी पसमांदा और अशरफ़ी मुसलमानों को लेकर कभी ईरान-अरब के मुस्लिम जगत पर कथित वर्चस्व आदि जैसे अनेक मुद्दों को लेकर दुनिया में कहीं न कहीं विरोध या अंतर्विरोध की ख़बरें आती ही रहती हैं। दुनिया के मुसलमानों को बदनाम करने में जो बची खुची कमी है वो अलक़ायदा,आई एस आई तालिबान जैसे अनेक अतिवादी व आतंकी संगठन समय समय पर अंजाम दी जाने वाली अपनी क्रूर कारगुज़ारियों से पूरी करते रहते हैं। मुस्लिम महिलाओं से जुड़ा ऐसा ही एक विवादित विषय है हिजाब या पर्दा। पिछले कुछ समय से हिजाब विवाद की गूँज भारत से लेकर ईरान तक सुनाई दे रही है । भारतीय अदालतों में भी इस विवाद ने दस्तक दे डाली। भारत में कट्टरपंथी दक्षिण पंथियों द्वारा फ़रवरी 2022 में कर्नाटक के उडुपी में एक कॉलेज छात्रा द्वारा हिजाब पहनने का विरोध किया गया जोकि आग की तरह फ़ैल गया। कॉलेज में हिजाब पहनी छात्राओं को कक्षाओं में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गयी थी । 5 फ़रवरी 2022 को कर्नाटक सरकार द्वारा राज्य के विभिन्न कॉलेज में हिजाब पहनने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया गया। कर्नाटक के कई कॉलेज में हिजाब पहनने पर रोक लगाने के बाद कर्नाटक के उच्च न्यायालय में भी दो याचिकाएं दायर की गई हैं। बाद में यही हिजाब विवाद पर सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया।

अभी कर्नाटक के हिजाब का मामला ठंडा भी नहीं हुआ था कि अचानक यह आग ईरान में भी फैल गयी। ईरान में गत 16 सितंबर को महसा अमीनी नामक एक कुर्द लड़की की पुलिस हिरासत में हुई मौत हो गयी। ख़बरों के अनुसार अपनी तेहरान यात्रा के दौरान अपने सिर को हिजाब से न ढकने के आरोप में कुछ सुरक्षा कर्मियों द्वारा महसा अमीनी को इतना मारा गया कि 22 साल की इस युवती की पुलिस हिरासत में मौत हो गई इसके विरोध में चंद दिनों के भीतर ही लगभग पूरा ईरान हिजाब विरोधी प्रदर्शनों का केंद्र बन गया। मामला चूंकि ईरान से जुड़ा था इसलिये पश्चिमी देश भी ईरान की हिजाब नीति के विरुद्ध मुखर होते दिखाई दिये। महसा अमीनी की मौत के बाद ईरान में हुये हिजाब विरोधी प्रदर्शनों में अब तक 300 से अधिक लोगों के मारे जाने की ख़बर है। यह मामला अब इतना तूल पकड़ चुका है कि ईरान के दो बार राष्ट्रपति रहे अली अकबर हाशमी रफ़्संजानी की बेटी फ़ैज़ेह को हिजाब विरोधी दंगाइयों व प्रदर्शनकरियों को उकसाने के आरोप में उन्हें गिरफ़्तार किया जा चुका है। ईरान के अनेकानेक प्रगतिशील व उदारवादी लोग खुल कर हिजाब का विरोध कर रहे हैं। पिछले दिनों क़तर में आयोजित फ़ीफ़ा फ़ुटबाल मैच के दौरान ईरान की टीम ने तो हिजाब विरोधी प्रदर्शनकारियों का पक्ष लेते हुये ईरानी राष्ट्रगान पढ़ने से इंकार कर दिया। इसके कितने गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं इसबात की भी ईरानी टीम ने परवाह नहीं की।




इन सवालों के बीच हिजाब या मुस्लिम महिलाओं के परदे को लेकर कुछ महत्वपूर्ण बातों को अनदेखी करना भी इस विषय के साथ अन्याय करना होगा। सबसे पहला सवाल तो यह कि क्या महिलाओं को पर्दा करने का हुक्म ख़ुदा की तरफ़ से जारी किया गया है? दूसरा सवाल यह कि हिजाब या परदे अथवा नक़ाब का कौन सा तरीक़ा वास्तव में इस्लामी तरीक़ा स्वीकार किया जाना चाहिये ? अरब, ईरान, इराक़ भारत,पाकिस्तान मिस्र आदि अनेक देशों में मुस्लिम महिलायें अलग अलग क़िस्म के परदे या हिजाब अपनाती हैं। कहीं सिर ढका है और चेहरा खुला है। कहीं चेहरा और सिर दोनों ढका है। तो कहीं सिर से लेकर पैरों की एड़ियां तक सब कुछ परदे में हैं। और कहीं इन में से कुछ भी नहीं है फिर भी महिलायें गर्व से स्वयं को मुस्लिम समाज का सदस्य बताती हैं। अतः कौन सा पर्दा या हिजाब सही है यह कौन तय करेगा ? दूसरा मुख्य प्रश्न यह भी है कि किसी भी देश की मुस्लिम महिला को उस देश के प्रचलित दस्तूर के मुताबिक़ हिजाब या पर्दा धारण करने के लिये मजबूर करना,यह पुरूषों की पितृ सत्ता का स्पष्ट लक्षण है अथवा नहीं ? यदि इस विषय पर हम आम तौर पर तालिबानी और हाल में हो रहे ईरानी हालात पर नज़र डालें तो हिजाब या परदे को लेकर इस्लाम का अतिवादी नज़रिया होने का सीधा संकेत जाता है। केवल इतना कहने मात्र से इन आरोपों से पीछा नहीं छुड़ाया जा सकता कि 'यह सब इस्लाम विरोधी या पश्चिमी देशों की साज़िशों का नतीजा है'। न ही पश्चिमी देश न ही इस्लाम विरोधी ताक़तें अफ़ग़ानिस्तान में बेपर्दिगी के नाम पर महिलाओं को सार्वजनिक रूप से बेरहमी से ज़ुल्म करने के लिये प्रेरित करती हैं न ही उन्होंने महसा अमीनी की हत्या के लिये ईरानी कट्टरपंथियों को उकसाया। बल्कि स्वयं इन जैसे देशों की धर्म के नाम पर की जाने वाली बर्बरता व हठधर्मिता ने इस्लाम विरोधी ताक़तों व पश्चिमी देशों को इस्लाम पर ऊँगली उठाने का मौक़ा दिया। ईरान हो या अफ़ग़ानिस्तान भारत या पाकिस्तान,मेरे विचार से कहीं भी परदे या हिजाब की व्यवस्था को महिलाओं पर जबरन थोपने की ज़रुरत नहीं है। कोई भी महिला अपनी स्वेच्छा से जैसा भी हिजाब पर्दा या बुर्क़ा धारण करे यह उसी महिला पर छोड़ देना चाहिये।

इसमें किसी तरह का जब्र या अनिवार्यता इस्लाम की उदारता को ही कटघरे में खड़ा करने का काम करेगी। जिस तरह दाढ़ी के स्वरूप को लेकर इस्लाम के विभिन्न वर्गों में मतैक्य नहीं है उसी तरह हिजाब व पर्दा भी हर देश में अलग अलग है। और जिस तरह लोगों का मानना है कि इस्लाम में दाढ़ी है, दाढ़ी में इस्लाम नहीं। उसी नज़रिये से हिजाब या परदे को भी देखना चाहिये । जब इसका अंतराष्ट्रीय स्वरूप ही तय नहीं तो किसी भी देश द्वारा इसकी अनिवार्यता कैसे निर्धारित की जा सकती है ? अतः दुनिया के किसी भी देश को हिजाब मुद्दे को प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाना क़तई उचित नहीं है। इसे कैसे कब और कहाँ धारण करना या नहीं करना है यह पूरी तरह मुस्लिम महिलाओं की इच्छा और उनके विवेक पर ही छोड़ दिया जाना चाहिये।

# राजधानी दिल्ली को लीलता पर्यावरण प्रदूषण

पर्यावरण

संजीव ठाकुर



अब सिर्फ इसी की कसर रह गई थी कि भारत का दिल, दिल्ली विश्व में सर्वाधिक प्रदूषित शहर माना जा रहा है द्य इसके बाद बांग्लादेश का ढाका शहर आता है द्य

दिल्ली का वायु प्रदूषण करोना से भी ज्यादा स्थाई खतरा माना जा रहा है। बच्चे और बुजुर्गों के लिए खासकर उनकी स्वास नलियों तथा फेफड़ों में प्रदूषण के छोटे-छोटे कणों से उनके वायु तंत्र को अवरुद्ध कर कर उन्हें बीमार बना देते हैं। यह एक गंभीर समस्या हैद्य पर्यावरण प्रदूषण खासकर वायु प्रदूषण के कारण दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, मुंबई, कोलकाता और अन्य राज्यों की राजधानी में खासकर शीतकाल में अत्यंत चिंताजनक स्थिति पैदा हो जाती है। गर्मियों में प्रदूषण तथा गर्मी लोगों को बुरी तरह संक्रमित करती है। दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश के 8 बड़े शहर का पर्यावरण प्रदूषण खासकर वायु प्रदूषण खतरे के निशान से काफी ऊपर जा चुका है, अस्थमा तथा फेफड़े की बीमारियों के मरीज की संख्या में बहुत ज्यादा इजाफा हुआ है और सरकारें इसे संभाल नहीं पा रही है, ऊपर से कोविड-19 का संक्रमण वायु प्रदूषण के साथ जुगलबंदी कर लोगों की जान ले रहा है। वायु प्रदूषण स्थाई समस्या है यह करोना से भी ज्यादा खतरनाक हो सकता है। करोना का इलाज तो वैक्सीनेशन से किया जा सकता है, एवं उसकी दवाई बनाई जा सकती है, और बनाई भी जा रही है। पर वायु प्रदूषण, पर्यावरण की गंभीर समस्या जिस पर यदि लगाम नहीं लगाई गई तो लाखों लोगों को सांस की बीमारियों से बचाया नहीं जा सकेगा।

समग्र रूप से पर्यावरण में अपशिष्ट पदार्थों का बिगड़े अनुपात में मिलना ही प्रदूषण को वातावरण में जन्म देता है। वैसे तो प्रदूषण के कई प्रकार हैं, जैसे वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, भूमि प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण आदि इत्यादि।

पर वायु प्रदूषण इन सब में सर्वाधिक खतरनाक और मानवीय जीवन के लिए संहारक है। वायु में विषैली गैस के मिश्रण धूल और उद्योग द्वारा फैलाए गए जहरीले अपशिष्ट गैसों से वायु प्रदूषण तेजी से फैलता है। अमेरिकी शोध संस्थान द्वारा स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई है कि भारत में वायु प्रदूषण से जनसंख्या के 40 से 45 प्रतिशत लोग प्रभावित हैं। एवं वायु प्रदूषण के कारण संपूर्ण जीवन में जीने के लिए 10 से 15 वर्ष तक उनकी जिंदगी के कम हो सकते हैं। क्योंकि भारत वैश्विक देशों से सर्वाधिक वायु प्रदूषित देश माना जाता है। इस शोध संस्थान द्वारा चेतावनी के साथ मशवरा भी दिया गया है कि वायु प्रदूषण को तत्काल कम करने के कारगर उपाय करने होंगे।

अन्यथा देश के बड़े शहरों में और उद्योग नगरी के साथ में बसे हुए शहरों में वायु प्रदूषण से मानव जिंदगी को खतरे बढ़ सकते हैं। भारत में दिल्ली,मुंबई,कोलकाता, चेन्नई तथा मध्यम जनसंख्या वाले लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, रायपुर, इंदौर तथा उत्तर प्रदेश के अन्य शहरों में वायु प्रदूषण के कारण ज्यादा दमा तथा अस्थमा से मौतें हुई हैं। करोना काल में भी वायु प्रदूषण से फेफड़े खराब होने के कारण कई मरीजों की विषम परिस्थितियों में मृत्यु हुई है। कोविड-19 के संक्रमण से सबसे ज्यादा मरने वाले व्यक्तियों में वायु प्रदूषित व्यक्ति ही फेफड़ों की खराबी के कारण मृत्यु को प्राप्त हुए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत का औसत हवा में प्रदूषण कारी सूक्ष्म कणों की मौजूदगी 70.3त्न है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा स्वस्थ वायु प्रदूषण की मानक की स्थिति 10 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर मानी गई है। इस तरह भारत मैं प्रदूषण के महीन कणों की उपस्थिति विश्व के अन्य देशों की तुलना में 7 गुना प्रति क्यूबिक मीटर ज्यादा आंकी गई है। जो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अति खतरनाक बताई गई है। इस तरह भारत दुनिया का सबसे प्रदूषित देश माना गया है। यहां जनसंख्या के 48 करोड़ लोग वायु संक्रमित पाए गए हैं इस तरह देश की लगभग 40त्न आबादी जहां वायु प्रदूषण का स्तर एवं अन्य प्रदूषण का स्तर भी नियमित रूप से दुनिया में कहीं भी पाए जाने वाले स्तर से बहुत अधिक है। जोकि स्वास्थ्य संगठनों की नजरों में बहुत ही चिंतनीय एवं गंभीर है। अमेरिका के एक शहर शिकागो में स्थित एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट ऑफ पोलूशन द्वारा बताया गया है कि दिल्ली और उत्तरी भारत में रहने वाले 48 करोड़ से ज्यादा लोग प्रदूषण के बढ़े हुए स्तर पर जल प्रदूषण में जी रहे हैं। प्रदूषण जो कोविड-19 के संक्रमण से भी ज्यादा खतरनाक है। क्योंकि कोविड-19 का संक्रमण एक संक्रामक रोग है, जिसकी वैक्सीन लगाकर रोकथाम की जा सकती है। पर पर्यावरण में प्रदूषित करने वाले सूक्ष्म पार्टिकल समान रूप से सभी नागरिकों को अपनी गिरफ्त में लेकर उनके फेफड़े खराब करने का काम करता है जो ज्यादा खतरनाक एवं जानलेवा है। मनुष्य स्वाभाविक रूप से प्रकृति पर निर्भर है। प्रकृति पर उसकी निर्भरता तो समाप्त नहीं की जा सकती है। किंतु प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करते समय हमें इस बात का ध्यान रखना पड़ेगा इसका प्रतिकूल प्रभाव पर्यावरण पर ना पड़े या कम से कम पड़े। हमें उद्योगों की संख्या के अनुसार उसी अनुपात में बड़ी संख्या में वृक्षारोपण भी करना पड़ेगा। वृक्षारोपण आज पर्यावरण से बचाने की एक बड़ी तथा महती आवश्यकता है। वातावरण में घुली विषैली गैस होने के कारण शहर में मनुष्य का सांस लेना भी मुश्किल होता जा रहा है। विश्व की जलवायु में तेजी से हो रहे परिवर्तन के कारण पर्यावरण असंतुलन का बड़ा कारण वायु प्रदूषण ही है। औद्योगिक प्रगति के साथ-साथ मोटर, रेल,घरेलू, औद्योगिक मशीनें एयर कंडीशन आदि वायु प्रदूषण के लिए अत्यंत खतरनाक माने गए हैं। परिणाम स्वरूप राष्ट्रीय स्तर पर और देश के नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण किया जाना होगा।और वृक्षों तथा जंगलों की कटाई को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया जाने की तत्काल आवश्यकता है। अन्यथा इसके दुष्परिणाम सामने आने लगेंगे तथा इसका सर्वाधिक प्रतिकूल प्रभाव मानव के स्वास्थ्य पड़ेगा। वैश्विक आकलन के अनुसार भारत की विशाल जनसंख्या एक शक्ति तथा बाजार का उपभोक्ता केंद्र है। अत: हमें अपने नागरिकों की जनसंख्या को पर्यावरण प्रदूषण की बलि चढ़ने से रोकना होगा। वायु प्रदूषण का सबसे ज्यादा प्रभाव नौनिहालों और बुजुर्ग व्यक्तियों पर पड़ता है। दोनों की रक्षा करना देश तथा आमजन का प्रथम दायित्व होगा। अब हमें कोरोना के अलावा वायु प्रदूषण से भी युद्ध स्तर पर जंग करनी होगी। क्योंकि भारत देश विश्व में सर्वाधिक प्रदूषित देश माना जाने लगा है।

# वो सत्तर साल...

व्यंग्य

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

आज की तारीख में 'सत्तर मिनट' से ज्यादा 'वो सत्तर साल' वाले डायलाग ने जगह ले ली है। अब तो मैं घर में चूहों की उछल-कूद के लिए भी पिछले सत्तर सालों को कोसता हूँ। कोसूँ भी क्या न? सड़क पर कोई गिर जाए तो क्या वह पिछले सत्तर सालों की गलती नहीं है? किसी का हाजमा खराब हो जाए तो क्या वह पिछले सत्तर सालों की गलती नहीं है? किसी की प्रेमिका रूठ जाए तो क्या वह पिछले सत्तर सालों की गलती नहीं है? मैं तो कहता हूँ सत्तर साल तक हमारी लाचारी हमारी छाती पर मूँग दल रही है, मधुमेह की तरह फैलती ही जा रही है, पेट्रोल की कीमतों की तरह आसमान छू रही है और एक हम हैं जो ढोल बने इनके-उनके हाथों पिटे जा रहे हैं। तरह-तरह के एक सौ तीस करोड़ राग निकाल रहे हैं। इतने राग तो ससुरा संगीत के आचार्यों ने भी नहीं सुनेंगे। पूरे सत्तर सालों तक हमने मच्छर मारने का काम किया। दुर्भाग्य से वह काम भी ठीक से नहीं कर पाए। अच्छे से मच्छर मार लिए होते तो कम से कम मलेरिया तो नहीं होता। जो जमात मलेरिया को नहीं भगा सका, वह खाक ब्राइबेरिया, करेप्टरिया, रेपरिया, रिलेजनरिया, मॉबलीचिंगरिया, हाईटैक्सेरिया से देश को बचा पायेंगे। सच कहें तो यह सब ऑक्सीजन बनकर हमारे जीवन को चला रहे हैं। ससुरा अब तो ईमानदारी, वफादारी, विकास, नारी सम्मान जैसे शब्द सुनकर भी जुलाब हो जाता है। यहाँ इतिहास कोई और बनाता है, उसे कोई और लिखता है, शासन के सदनों में उसे कोई और गढ़ता है और उसका भुगतान हम करते हैं। सारे बिल हमारे नाम पर फाड़े जा रहे हैं। जब जन्म लिया है तो भुगतो। अच्छा हुआ चेगुवेरा भारत में पैदा नहीं हुआ। नहीं तो वह भी मच्छर मारते-मारते यहाँ से कूच कर जाता।

ऐसा नहीं कि हम खुश नहीं हैं। बहुत खुश हैं। यकीन न हो तो सिनेमा, रेडियो, टीवी, बड़े-बड़े होर्डिंग्स, समाचार पत्रों के पन्ने, सरकारी बैठकें और सम्मेलन ही देख लें, कितने खुश हैं। हमारे खिलखिलाते चेहरों पर रंग बदलते गिरगिटों, शातिर भेड़ियों की तस्वीरों वाले नेताओं के विज्ञापन हमारी खुशी व्यक्त करते हैं। कागज पर हम सब खुश हैं। जमीन की हकीकत जमीन चाटने वाले ही जानते हैं। बेबसी हमारी आदत बन गई है। कभी न छूटने वाली बुरी लत। एक बार के लिए सिगरेट, शराब, काम वासना सब से पिंड छुड़ाया जा सकता है, लेकिन गुलामी करने की लत से कतई नहीं। लोकतंत्र का चौथा खंभा जिसे हमारे साथ खड़ा होना चाहिए, वह आकाओं की फेंकी चंद बोटियों के लिए हम से आँखें फेरे बैठा है। सत्ता पक्ष से नैन मटक्का कर रहा है। सच कहें तो हम सब दिल, दिमाग और जी जान से दायित्वों से आँख फेरते नपुंसक बनते जा रहे हैं।

अब हम ऊपर वाले की बनाई डिफॉल्टियत से मरहूम होते जा रहे हैं। ऊपर वाले ने बदन में खून दिया, उसे हमने पानी कर दिया। मेरूदंड दिया है, हमने उसे मेरूविहीन कर दिया। एक जीभ दी थी, जिसका इस्तेमाल गलत को गलत और सही को सही बताने के लिए करना था, उसे भी थूके को चाटने के लिए विवश कर दिया। खेत में बैलों की आँखों पर जो पर्दा लगा होता है, वही अब पूरे देश की आँखों पर लगा है। जो दिखाया जा रहा है, देख रहे हैं। हमसे तो अच्छे बैल हैं, जो कम से कम खेती के बाद सब कुछ देखने के लिए स्वतंत्र हैं। काश हम बैल ही होते हैं।

## फैशन | शादियों में दिखना है आकर्षक तो जरूर पहनें

शादियों का सीजन चल रहा है और ऐसे मौके पर लड़कियां सुंदर, यूनिक और स्टाइलिश दिखना पसंद करती हैं। आजकल बाजार में बहुत से लहंगे मौजूद हैं, जिसकी वजह से लड़कियां लहंगा खरीदने में कंफ्यूज हो जाती हैं। लेकिन अब आपको इसकी फिक्र करने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। आज हम आपको शादी में पिक्चर-परफेक्ट दिखने के लिए नॉन-ब्राइडल लहंगे बताएंगे, तो चलिए पांच नॉन-ब्राइडल लहंगों के बारे में जानते हैं।

**पेप्लम लहंगा**-पेप्लम लहंगा आज के समय में काफी चलन में है। यह बेहद आरामदायक और स्टाइलिश होता है और सभी प्रकार की लड़कियों के ऊपर अच्छा लगता है। इस लहंगे को पहनते समय आपको अपने पेट को दुपट्टे से कवर नहीं करना पड़ेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें कमर को कवर करने के लिए मैचिंग पेप्लम फुल ब्लाउज होता है। आप चाहें तो हाई नेक वाले पेप्लम ब्लाउज भी चुन सकती हैं, जो बेहद यूनिक और स्टाइलिश लगता है।

**जैकेट स्टाइल लहंगा**-दिसंबर के महीने में रात के समय ठंड बढ़ जाती है। ऐसे समय पर शादियों में जैकेट स्टाइल लहंगा पहनना एक बेहतरीन विकल्प है। जैकेट स्टाइल लहंगा आपको एलिगेंट और क्लासी लुक देता है। यह लहंगा पाकिस्तान और पंजाब के पारंपरिक लच्छा लहंगे से प्रेरित है। इस लहंगे में आप नूडल स्ट्रैप, बस्टियर या बोट नेक वाले स्लीवलेस ब्लाउज के ऊपर एम्बेलिश्ड जैकेट कैरी कर सकती हैं। इसके साथ स्वीटहार्ट नेकलाइन जरूर पहनें।

**रफल्ड या लेयर्ड लहंगा**-रफल्ड या लेयर्ड लहंगा काफी फैशन में हैं। लड़कियों को ये लहंगे बेहद पसंद आते हैं क्योंकि इस लहंगे में काफी घेर होती है। इस आउटफिट को खरीदते समय डार्क रंग के टाई-डाई या फीचर प्रिंट में जॉर्जेट का रफल्ड या लेयर्ड लहंगा चुनें। जॉर्जेट लहंगा पहनने में आप बहुत आरामदायक महसूस करेंगी। इसे ऑफ-शोल्डर ब्लाउज, ऑर्गेना या सिल्क से बने टेपर्ड फुल-स्लीव प्लीटेड ब्लाउज के साथ पेयर करें। यह लुक बेहद खूबसूरत लगता है।

**कुर्ती स्टाइल लहंगा**-आजकल कुर्ती स्टाइल लहंगे बहुत चलन में हैं और यह काफी आरामदायक और झंझट मुक्त लुक देते हैं।

## सेहत | सर्दी में नहीं पी पा रहे पर्याप्त मात्रा में पानी तो अपनाएं ये तरीके

सर्दियों के मौसम में ज्यादातर लोगों को डिहाइड्रेशन का सामना करना पड़ता है। ऐसा इसलिए, होता है क्योंकि ठंडे मौसम में लोग कम पानी पीते हैं जो हमारे शरीर के लिए ठीक नहीं है। सर्दियों में हमारे शरीर से पसीना नहीं आता है, इसलिए हाइड्रेटेड रहने के लिए हमें खुद को पानी पीने के लिए याद दिलाने की जरूरत पड़ती है। आज हम आपको सर्दियों में पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के पांच तरीके बताएंगे।

**अपनी पसंदीदा एक्सरसाइज करें**-जब हम एक्सरसाइज करते हैं तो शरीर अंदर का तापमान बनाए रखने के लिए पसीना छोड़ता है। इसके बाद हम ज्यादा पानी पीते हैं क्योंकि एक्सरसाइज करने के बाद हम थके हुए महसूस करते हैं और हमें ज्यादा प्यास लगती है। आप भी ऐसे मौसम में अपनी पसंदीदा एक्सरसाइज रोजाना करें और दिन में पर्याप्त पानी पिएं। इससे आप खुद को हाइडेट्र रखने में कामयाब होंगे। आप ठंडे मौसम में बाहर निकले बिना भी ये आसान एक्सरसाइज कर सकते हैं।

**अपने लिए एक रूटीन बनाएं**-चाहे कोई भी मौसम हो हमारे शरीर को ठीक से काम करने के लिए पर्याप्त पानी की जरूरत होती है, लेकिन सर्दियों के दौरान प्यास नहीं लगने पर भी हम सभी के लिए पानी पीना मुश्किल हो जाता है। इसके लिए आप खुद के लिए एक रूटीन बनाएं और रोज उसे फॉलो भी करें। ऐसे मौसम में आपको अपने पास गरम पानी की बोतल जरूर रखनी है, खासतौर पर यात्रा करते वक्त।

**खाने के समय इन चीजों का करें इस्तेमाल**-आपके शरीर को हमेशा पानी पीने की इच्छा हो या नहीं, लेकिन कुछ न कुछ खाने की इच्छा जरूर होती है। ऐसे में अगर आपको दिन के समय कुछ खाने का मन हो तो एक गिलास गुनगुना नींबू पानी, शहद पानी, डिटॉक्स पानी, ग्रीन टी, अदरक की चाय जैसे पेय पदार्थों का सेवन करें। ये न केवल आपको हाइड्रेटेड रहने में मदद करेंगे।

## एक नजर

### कलेक्टर ने की मतदाताओं से मतदान करने की अपील

कांकेर 5 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-80



भानुप्रतापपुर (अजजा) के उप निर्वाचन में 01 लाख 95 हजार 822 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं को निर्भीक होकर मतदान करने की अपील किया है। उन्होंने कहा कि मतदान आपका संवैधानिक अधिकार है, भानुप्रतापपुर विधानसभा के उपचुनाव में सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उप निर्वाचन के लिए 05 दिसम्बर को प्रातः 07 बजे से दोपहर 03 बजे तक मतदान संपन्न कराया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि भानुप्रतापपुर विधानसभा के उप निर्वाचन को संपन्न कराने के लिए 256 मतदान केन्द्र बनाये गये है, जिसमें से 82 मतदान केन्द्र नक्सल संवेदनशील एवं 17 मतदान केंद्र अति नक्सल संवेदनशील और 23 मतदान केन्द्र राजनीतिक रूप से संवेदनशील है। इस चुनाव में 01 लाख 95 हजार 822 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 95 हजार 266 पुरूष मतदाता तथा 01 लाख 555 महिला मतदाता और 01 तृतीय लिंग मतदाता है, जिनके द्वारा भानुप्रतापपुर के उप निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग किया जायेगा। मतदान को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए 256 मतदान दल गठित किये गये है, प्रत्येक मतदान दल में एक पीठासीन अधिकारी, एक मतदान अधिकारी क्रमांक एक, एक मतदान अधिकारी क्रमांक दो और एक मतदान अधिकारी क्रमांक तीन की ड्यूटी लगाई गई है, इसके अलावा रिजर्व दल भी बनाये गये हैं। 30 सेक्टर अधिकारी भी बनाये गये है, जिनके द्वारा लगातार अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों का भ्रमण किया जाकर रिपोर्टिंग की जायेगी।

### कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर ने किया मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण



कांकेर 5 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-80 भानुप्रतापपुर (अजजा) के उप निर्वाचन के लिए बनाए गए मतदान केन्द्रों का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री सुमीत अग्रवाल ने आज शाम को निरीक्षण का मतदान केन्द्रों में पहुंचे मतदान दलों से बातचीत कर निर्वाचन तैयारियों एवं सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने मतदान दलों को समझाईश देते हुए कहा कि मतदान शुरू होने के पूर्व मॉकपोल करायें तथा उसके बाद सीआरसी करना न भूलें और मतदान समाप्ति के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के क्लोज बटन को अवश्य दबायें।

कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला और निटर्निंग ऑफिसर सुमीत अग्रवाल द्वारा आज भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान क्रमांक-125 प्राथमिक शाला कुर्री, मतदान क्रमांक-87 प्राथमिक शाला मुल्ला, मतदान क्रमांक-80 प्राथमिक शाला पिच्चेकट्टा, मतदान क्रमांक-88 प्राथमिक शाला चौगेल, मतदान क्रमांक-185 प्राथमिक शाला कराठी, मतदान क्रमांक-47 प्राथमिक शाला धनगुडरा, मतदान क्रमांक-43 प्राथमिक शाला बोगर, मतदान क्रमांक-75 पूर्व माध्यमिक शाला संबलपुर एवं केन्द्र क्रमांक-74 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संबलपुर, मतदान केन्द्र क्रमांक-100 पूर्व माध्यमिक शाला रानवाही, मतदान केन्द्र क्रमांक-181 प्राथमिक शाला किशनपुरी, मतदान केन्द्र क्रमांक-134 प्राथमिक शाला पुरी, मतदान केन्द्र क्रमांक-135 प्राथमिक शाला कहाड़गोंदी, मतदान केन्द्र क्रमांक-190 ( आदर्श मतदान केन्द्र) प्राथमिक शाला सिरसिदा, मतदान केन्द्र क्रमांक-200 शासकीस कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला चारामा (संगवारी मतदान केन्द्र) तथा मतदान केन्द्र क्रमांक-243 एवं 244 प्राथमिक शाला लखनुपरी का निरीक्षण किया जाकर मतदान केन्द्रों की व्यवस्था का अवलोकन किया गया तथा मतदान दलों से बातचीत कर निर्वाचन तैयारियों एवं मतदान केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली गई।

### ओमेश्वरी को दी गई सहायता राशि



अंवरी। ग्राम पंचायत कातलबोड मैं श्री मति ओमेश्वरी पटेल मनरेगा कार्य करते समय जगली सुअर के हमले से चोटिल हो जाने पर मनरेगा विभाग द्वारा 8800 रु की सहयता राशि प्रदान की गई 7जिसमें जनपद सभापति रविंद्र साहू जनपद सीओ जी आर यादव सरपंच प्रतिनिधि मोती साहू दौलत राम पटेल उपस्थित थे।

# परमिट कटने के 6 माह बाद भी किसान को नहीं मिली खाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम,5 दिसंबर।** छुरा पूरे गरियाबंद जिले किसानों के साथ हेरा फेरी करने और धान खरीदी ,खाद वितरण , पी डी एस राशन वितरण या फिर किसानो के ऋष्ण संबंधी वितरण गड़बड़ी करने वाला एक मात्र खड़मा सहकारी समिति का विवादों का चोली दामन का साथ और इन्ही कारणों से यहां के दो ववस्थापक को जेल की हवा खानी पड़ी है । बावजूद उसके आज तक यहा के कर्मचारी अधिकारी सबक नही ले पा रहे है ।

ऐसा हि एक मामला एक बार फिर गरीब किसानो को लूटने और बेवकूफ़ बनाने का सामने आया है ।खाद्य सहकारी समिति खड़मा के अंतर्गत ग्राम पंचायत गाय डबरी के आश्रित ग्राम कुसुमपनी मे अनुसूचित जनजाति के युवक जगत राम कमार को खाद देने के नाम से खाद्य वितरण करने वाले समिति के सदस्यो ने 24 जून 2022 को परमिट दे दिया पर किसान को 6 माह बित जाने के बाद आज भी 12 बोरी राखड़ और एक बोरी पोटाश नही दिया इस बिच धान बो चुके किसान को अपने फसल बचाने जेब के पैसे से खाद खरीदी कर फसल को पकाया और अब जब किसान अपनी ख़रीब की धान काट कर मंडी मे बेच चुका है । ऐसे मे कमार भुंजिया अति पिछड़ी जन जाति के इन लोगो को शासन द्वारा इनका स्त उपर उठाने के लिए तरह तरक के प्रयास कर रहे । वह कैसे सफल होगा जब सरकार के नुमाइंदे हि इन्हे लूटने मे लगे हो और ये सहकारी समिति वाले इन्हे लूटने का कोई मौका नही छोड़ रहे है ।वही इस बारे मे जगत राम कमार ने बताया की 6 माह पूर्व जून मे मेरा परमिट रसीद कट चुका है ।और मुझे आज तक खाद नही मिला है जबकी समिति के मै 4 बार चक्कर भी लगाया जब भी गया तो व्हा के कर्मचारी ओमकार ,और टार्जन ने मुझे कहा की तुम्हारा खाद अभी नही आया है । बाद मे आना ये जब भी तुम्हारे नाम का खाद आएगा तब तुमको खबर कर देंगे । साथ हि बैंक के वर्मा साहब ने बोला राखड़ खाद तुम्हारे नाम मे चढ़ गया है बोले ऐसे करते करते मेरा खरीफ की फसल कट गया पर मेरा न खाद अभी तक नही मिला है ।नया वव्यवस्थापक साहब को पूछा तो सीईओ साहब बताएंगे बोल दिये । सूत्रों से पता चला है की इस सहकारी समिति के अंतर्गत ऐसे कई किसान है जिनको 6 माह बित् जाने के बाद भी उनके अधिकार का रासायनिक खाद नही मिला है जबकी बाकायदा उनके नाम से समिति पैसे का भुगतान हो चुका है और किसान के सर पर कर्ज का बोझ चढ़ गया है । ऐसे मे ये गरीब किसान इनका खुलकर विरोध भी नही कर पाते क्यो की ये अपनी हक और अधिकार की बात करेंगे तो इनको भविष्य मे इन समिति के अधिकारी और कर्मचारी का गुस्से का सामना करना पड़ेगा ।और भविष्य मे समिति वा शासन की किसी योजना का लाभ नही मिलेगा । यहां वजह है की पूरे छुरा ब्लॉक मे कमार भुंजिया पिछड़ी जन जाति के लोगो को किसी भी शासन की योजना का लाभ नही मिल पा रहा है हालांकि इनको इनका हक और अधिकार दिलाने की बात करने वाले बड़े बड़े समाज सेवक घूम रहे है । जो केवल अखबारों की सुर्खिया बटोर रहे है ।और जान बुचकर ऐसे मामलो से दूर रहते है ।।

## पुलिस नें जनचौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



- वर्तमान में घटित हो रहे अपराधों के संबंध में दी गई जानकारी तथा अपराधों से बचाव के लिए बताये गये तरीके
- पुलिस एवं जनता के बीच बेहतर संबंध बनाने के लिए पुलिस लगा रही है गांव-गांव में जनचौपाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 5 दिसम्बर।** अपराधों की रोकथाम एवं आसामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के साथ ही पुलिस एवं आम जनता के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन एवं सुश्री आशारानी एसडीओपी के पर्यवेक्षण में गीदम पुलिस गांव-गांव में जन चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएँ सुन रहीं है । जन संवाद कार्यक्रम के तहत थाना गीदम से थाना प्रभारी निरीक्षक सलीम खाखा के नेतृत्व में पुलिस की टीम संवेदनशील ग्राम बड़े तुमनार पहुँचकर ग्राम बड़े तुमनार के ग्रामीणों से मिलकर सर्व प्रथम गांव की वर्तमान परिस्थितियों, नक्सली समस्याओं व धान खरीदी आदि की जानकारी ली।साथ ही उपस्थित ग्रामीणों को वर्तमान में घटित हो रहे सायबर अपराधों, ऑनलाईन ठगी, बैंकिंग फॉड, सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराध तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए सुरक्षित यातायात के नियम, नशे के दुष्परिणाम आदि की जानकारी देकर इन अपराधों से बचाव के तरीके बताए गए। इसी प्रकार अपराधों से दूर रहने, कानून का पालन करने तथा बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी तत्काल पुलिस को दिये जाने हेतु जागरूक किया गया। गौरतलब है कि गीदम पुलिस बाहर से विभिन्न सामानों के विक्रय हेतु आने वाले बाहरी व्यक्तियों / फेरी वालों की मुसाफिरी दर्ज उपरांत ही थाना क्षेत्र में सामानों के विक्रय हेतु अनुमति दी जा रही है बिना मुसाफिरी दर्ज कराये थाना क्षेत्र में घूमने वालों की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने आम नागरिकों को जन चौपाल के माध्यम से प्रेरित किया जा रहा है। थाना प्रभारी गीदम द्वारा पुलिस विभाग से संबंधित छोटी-छोटी समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया तथा शासन की विभिन्न योजनाओं जानकारी देकर उनका लाभ लेने ग्रामीणों को समझाईश दी गई। साथ ही पुलिस एवं आम नागरिकों के बीच की दूरी कम करने तथा पुलिस एवं आम नागरिकों के बीच बेहतर सम्बंध स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा के निर्देशन में जन संवाद कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। आम नागरिकों द्वारा क्षेत्र में हो रही विभिन्न असामाजिक गतिविधियों / अपराधों की जानकारी पुलिस को समय पर दी जा रही है जो कि अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सकारात्मक दूरगामी परिणाम साबित होंगे।

### मतदाता पहचान पत्र नहीं होने पर वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर कर सकते हैं मतदान

**कांकेर, 5 दिसम्बर ।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-80 भानुप्रतापपुर (अजजा) के लिए 5 दिसम्बर को होने वाले मतदान हेतु भारत निर्वाचन आयोग ने फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र (श्क्क्ष्ट) के साथ ही 12 तरह के अन्य वैकल्पिक पहचान पत्रों को मान्य किया है। वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पहुंचे मतदाता इनमें से कोई एक पहचान पत्र दिखाकर अपने मताधिकार का उपयोग कर सकते हैं। आयोग ने वैकल्पिक पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद के सदस्यों को जारी किया गया।

## दो दिवसीय जिलास्तरीय युवा महोत्सव प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम,5 दिसंबर।** जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा गीदम विकासखंड अंतर्गत एजुकेशन सिटी जावंगा के ऑडिटोरियम में जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा द्वारा दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम सुलोचना कर्मा द्वारा मां दंतेश्वरी एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत हुई। यह प्रतियोगिता दो आयु वर्ग में हुई। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में 15 से 40 वर्ष एवं 40 से अधिक वर्ष के 472 प्रतिभागी 38 विधाओं में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। जिला स्तरीय युवा महोत्सव में आज विभिन्न विधाओं जैसे खेल में फुगड़ी, भौंरा, खो-खो, गेड़ीदौड़ / चाल , कबड्डी, कुश्ती की प्रतियोगिताएं हुई। वही बौद्धिक प्रतियोगिता अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता, तात्कालिक भाषण, निबंध, वाद-विवाद, क्विज की प्रतियोगिता हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शास्त्रीय गायन, सितार वादन, बाँसुरी, तबला वादन, वीणा वादन, मृदंगम वादन , हारमोनियम वादन,गिटार, मणिपुरी, ओडीसी, कुचीपुड़ी, भरतनाट्यम, कत्थक आदि की प्रस्तुति कलाकार देंगे।

सुलोचना कर्मा ने अपने उद्बोधन में सभी प्रतिभागी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले के अंदरूनी क्षेत्रों से भी बच्चे विभिन्न खेल के क्षेत्र मे इस मंच तक आये हैं और आने वाले समय में प्रदेश और देश में अपना जौहर दिखाएंगे। बच्चे पढ़ाई के साथ अब खेल क्षेत्र में भी अपनी भागीदारी दिखा रहे हैं। जिला खेल अधिकारी शिवनाथ बघेल ने कहा कि ब्लॉक स्तरीय खेल बच्चे चयनित होकर आज जिला स्तरीय में पहुंचे हैं। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा युवाओं को शारीरिक और बौद्धिक खेलों के माध्यम से मंच दिया जा रहा है। साथ ही सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में 15 से 40 महिला एवं पुरूष वर्ग एवं 40 से ऊपर पुरूष एवं महिला वर्ग के प्रतिभागियों ने फुगड़ी में प्रदर्शन किया । आज प्रथम दिवस पर सभी प्रतिभागी बड़े ही उमंग व उत्साह के साथ खेलते नज़र आये। इस अवसर पर गीदम नगर पंचायत अध्यक्ष साक्षी रविश सुराना, विधायक प्रतिनिधि रजत दहिया व अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक व बच्चे मौजूद रहे।

## समाचार संक्षेप

### विधायक के प्रयासों से कुटरु में खुलेगा नया कॉलेज, अनुपूरक बजट में बीजापुर को मिली अनेक बड़ी सौगातें



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुटरु और आवापल्ली का उन्नयन, अब ये दोनों होंगे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

**बीजापुर,5 दिसंबर।** बीजापुर के विधायक और बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी के प्रयासों से छत्तीसगढ़ सरकार के वर्ष 2022-23 के अनुपूरक बजट में बीजापुर जिले को अनेक बड़ी सौग़ातें मिली है। जिसमें प्रमुख रूप से नवीन शासकीय महाविद्यालय कुटरु, नवीन राजस्व अनुभाग आवापल्ली, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुटरु और आवापल्ली को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन, हाई स्कूल मुरकीनार का हायर सेकेंडरी में उन्नयन, माध्यमिक शाला तुमनार और मोदकपाल का हाई स्कूल में उन्नयन, हायर सेकेंडरी स्कूल कुटरु में नवीन स्कूल भवन, पाटलीगुडा से पिनकोंडा तक 8 किलोमीटर सड़क व पुलिया और पूर्व माध्यमिक शाला मुरदंडा में नवीन शाला भवन शामिल है।कुटरु में नवीन महाविद्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और हायर सेकेंडरी स्कूल के लिए नवीन भवन की माँग क्षेत्र के ग्रामीण लम्बे समय से कर रहे थे जिसे बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने गम्भीरता से लिया और कुटरु क्षेत्र के लोगों की बरसों पुरानी माँगों को पूरा कर कुटरु क्षेत्र को बड़ी सौग़ात दिया है।ऐसे ही जिले के आवापल्ली को नवीन राजस्व अनुभाग और आवापल्ली में नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुलेगा इनके खुलने से उसूर इलाक़े में एक ओर प्रशासन का विस्तार होगा वही स्वास्थ्य सुविधायें भी आम लोगों को आसानी से उपलब्ध होंगी।बीजापुर के तुमनार और मोदकपाल के माध्यमिक शालाओं को हाई स्कूल में उन्नयन किया जाएगा अब हाई स्कूल की पढ़ाई करने के लिए बच्चों को दूसरे जगह जा कर पढ़ाई करने से होने वाली समस्याओं से निजात मिलेगी।अनुपूरक बजट में बीजापुर ज़िले को अनेक सौग़ातें दिए जाने पर विधायक विक्रम मंडावी ने प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल, प्रभारी मंत्री कवासी लखमा का आभार व्यक्त किया है।

### 16 प्रतिशत आरक्षण को लेकर सर्व अनुसूचित जाति वर्ग करेगा आंदोलन



**कोंडागाँव, 5 दिसंबर।** 4 दिसंबर को सर्व अनुसूचित जाति वर्ग के जिला पदाधिकारी एवं जिला कोंडागांव के अंतर्गत आने वाले सभी समाज के जिला अध्यक्षों के साथ जिसमें मंगूराम मरकाम जिलाध्यक्ष अदकुरी गांडा समाज, सी एल मेश्राम जिलाध्यक्ष बौद्ध महार समाज, शानू मारकन्डेय जिला अध्यक्ष सतनामी समाज , उमेश सोना जिलाध्यक्ष घासी घसिया समाज, मनमोहन नाग उत्कल घासी समाज जिला कोषाध्यक्ष, लाल सिंह लावत्रे चढ़ार समाज जिला सचिव, कोडागाव जिले के समाज प्रमुख एवं ब्लॉक फरसगांव,कोंडागाँव, माकड़ी, केशकाल ,विश्रामपुरी बड़े राजपुर के सामाजिक पदाधिकारी शामिल हुए ।जिले में निवासरत अनुसूचित जाति वर्ग के बुद्धिजीवी समाजिक एवं जनप्रतिनिधि,समाज सेवक एवं सामाजिक कार्यकर्ता इस बैठक में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए सर्व अनुसूचित जाति वर्ग के जिलाध्यक्ष धंसराज टंडन जी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि पूर्व में आरक्षण को लेकर बैठक आहूत की थी । जिसकी वजह से आज के बैठक में और ज्यादा संख्या में जागरूक सामाजिक जन शामिल हुए । तथा समाज के प्रबुद्धजनों ने आरक्षण के संदर्भ में अपने-अपने विचार साझा किये । जिससे ये परिलक्षित होता है कि वर्षो से मुख्य धारा से वंचित रखा गया हमारा अनुसूचित जाति वर्ग समुदाय अब अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक हो चुका है । जो हमारे लिए बहुत प्रसन्नता का विषय है और समाज के सामाजिक बुद्धिजीवी वर्ग वे भी गर्व के साथ इस तरह के आयोजनों में शामिल होकर आम सामाजिक जनों को उनके कर्तव्यों और अधिकारों के प्रति सचेत करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं । जो हमारे वर्गों के लिए गर्व की बात है अपने वक्तव्य दुहराते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन ने भेदभावपूर्ण रवैया अपनाते हुए अनुसूचित जाति वर्ग को भारतीय संविधान में प्रदत्त सामाजिक, राजनैतिक तथा आर्थिक अधिकारों का हमेशा से हनन किया है । तथा शासन द्वारा वर्तमान कैबिनेट बैठक में वही भेदभावपूर्ण तरीके से हमारे जनसंख्या अनुपात से भी कम आरक्षण को 16त्न से घटाकर 13त्न कर दिया गया है । जिसकी वजह से पूरा जिला तथा प्रदेश का अनुसूचित जाति वर्ग बहुत स्तब्ध और आक्रोशित है । इसके विरोध में अनुसूचित जाति वर्ग को जनसँख्या के वास्तविक अनुपात में 16त्न आरक्षण को लेकर आगामी 11 दिसंबर को जिला मुख्यालय कोंडागाँव में भी जिला स्तरीय विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा । जिसकी सम्पूर्ण रूप-रेखा तैयार की जा चुकी है तथा जिम्मेदार पदाधिकारी जिले के पांचों तहसीलों के प्रत्येक गांव-कस्बों में ऑटो दुपहिया, चारपहिया वाहन तथा विभिन्न संसाधनों से छोटे-बड़े बैठक आयोजित कर आंदोलन के उद्देश्य और महत्व से अवगत करा रहे हैं । और 11 दिसंबर की उक्त महारैली में विशाल जनसमूह उमड़ने की बात कहीं । और शासन यदि हमारी इस जायज मांग को गंभीरता से नहीं लेती है तो संभाग और प्रदेश स्तर पर अनुसूचित जाति वर्ग बड़ा आंदोलन के लिए मजबूर होगा । उसके लिए भी रणनीति बनाई जा रही है ।

## बैठक में पालकों ने संस्था व शिक्षकों के किए गए प्रयासों की सराहना की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 5 दिसंबर।** पालक ,शिक्षक और विद्यार्थियों की बैठक में तोकापाल के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय में बैठक रखी गई थी ।पूर्व की भांति दिसंबर माह की बैठक में भी पालकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस बैठक में 132 पालक सम्मिलित हुए।

जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर भारती प्रधान ने राज्य से प्राप्त निर्देश के अनुसार परीक्षा के उपरांत पालकों को उनकी उपलब्धि से परिचित कराने का निर्देश दिया हुआ है। बस्तर जिला कलेक्टर चंदन कुमार भी शिक्षा के क्षेत्र में खंड शिक्षा अधिकारियों एवं प्राचार्य को बेहतर परिणाम लाने के लिए उत्कृष्ट शिक्षा देने का निर्देश समय-समय पर देते रहते हैं। इसी प्रयास में तोकापाल में अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों के परिणाम को बालकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। संस्था में सबसे पहले पालकों का रजिस्ट्रेशन स्नेहा श्रीवास्तव सोनी एवं अर्पणा मिगलानी ने किया उनके सुझाव और शिकायत को भी पंजीयन स्थल पर दर्ज किया गया। पहली से बारहवीं तक प्रत्येक कक्षा में कक्षा शिक्षक रिपोर्ट कार्ड का अवलोकन पालकों को करवाते रहे। कक्षा स्तर पर भी विद्यार्थियों के संदर्भ में कक्षा शिक्षकों ने पालकों को बताया शाला स्तर पर सफाई की बागडोर खंड शिक्षा अधिकारी पूनम सलाम सहायक खंड शिक्षा अधिकारी तरुण ठाकुर एवं जय प्रकाश पाठक ने संभाली थी।पालकों की बैठक डिजिटल क्लासरूम में रखी गई थी। बैठक में उपस्थित पालकों ने अपनी समस्याएं और सुझाव रखा।अभिभावकों में से प्रमुख रूप से चर्चा पर भाग लेने वाले एसके सिंह, जमुना वर्मा, अंकुश पानी ,छविंद्र कच्छ, दयावती वर्मा सुशीला ठाकुर और डमरू धर यादव भुनेश्वर नाग ने रखें। पालकों ने प्रमुख रूप से अपने सुझाव में कहा कि कोविड-19के कारण छोटी कक्षा के बच्चों में लिखावट का अभ्यास छूटा है लिखावट पर ध्यान देना चाहिए। स्कूल लगने के पहले और बाद में दुर्घटना की आशंका से बचने के लिए समुचित प्रयास करने चाहिए। कुछ बड़े विद्यार्थियों के द्वारा और आसपास कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा अपशब्द का प्रयोग किया जाता है इस पर भी निगरानी रखनी चाहिए। आसपास नशाखोरी भी हो रही है इस पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। पिछले बैठक के निर्णय में से कंप्यूटर क्लास विद्यार्थियों के लिए संचालित करने का कहा गया था जो अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है इसे अति शीघ्र प्रारंभ करना चाहिए। नैतिक शिक्षा के लिए भी समय बढ़ाया जाना चाहिए।समस्त सवालों के जवाब संस्था के प्राचार्य विधु शेखर झा ने समाधान पूर्वक जवाब दिया। प्राचार्य के जवाब से पालकों ने संतोष व्यक्त किया। संस्था द्वारा वर्तमान सत्र में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए संस्था द्वारा किए गए कार्य एवं उपलब्धियों के बारे में पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति संस्था के उप प्राचार्य इरम रहीम ने दिया। विस्तार से संस्था को जानने और समझने के बाद पालकों ने संस्था द्वारा किए जा रहे प्रयास की सराहना की। सभी ने कहा शाबाश आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय तोकापाल। पीपीटी के प्रदर्शन को देखकर सभी पालकों ने इस पीपीटी प्रदर्शन की सराहना की तथा इसे पालकों के व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर करने का आग्रह किया। जिस पर संस्था के प्राचार्य ने अपनी सहमति दी तथा साथ ही कहा कि आपकी समस्याओं का और सुझाव का हम निदान करने का पूर्ण प्रयास करेंगे। परीक्षा प्रभारी श्री देवी सिंह द्वारा किए जा रहे कार्य और प्रयास की भी विशेष सराहना की गई। इस कार्यक्रम को सफल रूप से संचालित करने के लिए संस्था के शिक्षक और कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। । जिनमें से प्रमुख रूप से स्नेहा श्रीवास्तव सोनी,अपर्णा मिगलानी, राजीव सिंह ठाकुर, नीता शुक्ला, ज्योत्सना कश्यप, नीलम भास्कर, पंकज मूर्ति, रूमा निकहत ,रूपिंदर कौर ,अपर्णा सिंह, हेमलता लकरा, लता जोशी, मानसी बघेल, श्री देवी सिंह, तनय घोष, प्रियंका सतपथी ,सरिता यादव, सोनाक्षी मजूमदार ,मिनाल पतरस, याकूब तिर्की, रोहन टांडे, मोहम्मद यासिर ,प्रीति प्रकाश साइमन ,इंद्राज सोनवानी और मोहनीष पांडे थे।



### मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दल रवाना

**कांकेर, 5 दिसम्बर।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-80 भानुप्रतापपुर (अजजा) के उप निर्वाचन के लिए आज शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर से निर्वाचन सामग्री प्रदाय किया जाकर मतदान दलों को उनके मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ प्रियंका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा, अपर कलेक्टर एस. अहिरवार, रिटर्निंग ऑफिसर सुमीत अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी धनंजय नेताम सहित निर्वाचन कार्य में संलग्न विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन के लिए 256 मतदान केन्द्र बनाये गये है।

## एक नजर

### करोड़ों की लागत से बना एनिकेट सफेद हाथी सिद्ध हो रहा



**राजिम, 5 दिसंबर।** जल संसाधन विभाग द्वारा करोड़ो की लागत से बने एनिकेट लोगो को और किसानों को वह सुख नही दे पा रहा है जो देना चाहिए ऐसे मे लगभग 9 करोड़ की लागत से सुखा नदी छुरा मे बने यह एनिकेट भस्ट्राचार की भेट चढ़ गया इसको लेकर पहले भी शिकायतों का दौर चला पर वाह बेनतीजा निकला इस प्रका पूरे विकासखंड मे कई ग्राम पंचायतो मे निर्माण कराया गया पर गुणवत्ता और सही कार्य योजना नही होने से केवल अधिकारी और ठकेदार का फायदा हुवा पर किसानो का नही इस प्रकार यह नगर पंचायत के समीप बने यह एनिकेट का ऐसा हि हाल है।

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर आयुष विभाग ने लगाया चिकित्सा शिविर




**रायगढ़, 5 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ समाज कल्याण विभाग के आदेश अनुसार एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर मीरा भगत के दिशा निर्देश पर अंतरर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन मिनी स्टेडियम रायगढ़ में किया गया जिसमें आयुष चिकित्सा शिविर आयुष विभाग द्वारा नि:शुल्क आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा शिविर कर इलाज किया गया।

जिसमें आयुर्वेद पद्धति द्वारा 27 एवं होम्योपैथी पद्धति द्वारा 25 कुल 52 हितग्राहियों का नि:शुल्क उपचार किया गया इस अवसर पर डॉ रवि पटेल द्वारा आयुर्वेद दिनचर्या आहार बिहार के बारे में बताया गया एवं आयुर्वेद द्वारा पंचकर्म पद्धति से दिव्यांग जनों का इलाज करने हेतु प्रेरित किया गया। इस शिविर में डॉ.रवि पटेल आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर शेख सादिक आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी, डॉ मुकेश साहू होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी एवं मायाराम गोमती सिदार आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट एवं शैलेश सिंह होम्योपैथिक फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

## सायकल पाकर खुश हुई छात्रायें

# सरपंच ने बांटी सरस्वती योजना की साइकिल




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव,5 दिसंबर।** यहा की ग्राम पंचायत तिलडेगा मे आज सरस्वती सायकल योजना के तहत स्कूली छात्राओ को तिलडेगा की सरपंच श्रीमति इंदुमति सिदार द्वारा 25 सायकलो का वितरण किया गया। दूर दराज से आने वाली छात्रायें सरपंच के हाथ सायकल पाकर बेहद खुश नजर आयी,तिलडेगा के हायर सेकेण्डरी स्कूल मे आज सायकल वितरण को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था,जिसमे यहा की सरपंच इंदुमति सिदार के अलावा उपसरपंच पूनम अंबस्थ,बी.डी.सी.साधराम लकडा, दखल साय,श्याम नारायण महंत,घनश्याम सिदार,मुरली यादव,नंदराम, धनसाय, रफेल, भगवानो साहु,जनक साहु,प्राचार्या श्रीमति पैंकरा,स्कूल की शिक्षिका स्नेहा अंबस्थ,शोभना सिदार,आशीष पितांबर बघेल,अनिता लहरे,बच्चन साय,नितेश कुमार एवं स्कूल के अनेक कर्मचारी भी मुख्य रूप से मौजुद थे। सभी ने कार्यक्रम की शुरूवात मे छ.ग.महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रजवल्लित किया। सरपंच श्रीमति इंदुमति सिदार ने बालिकाओ के उत्साह वर्धन मे कहा कि दूर दराज से आने वाली छात्राओ को शिक्षा ग्रहण करने के लिए पैदल चलकर आने मे काफी दिक्कतें होती है,छ.ग. सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छात्राओ को पैदल चलकर आने की कठिनाई से बचाने के लिए सरस्वती सायकल योजना के तहत नि:शुल्क सायकल वितरण कर समस्या हल करने का भरपूर प्रयास किया है। उन्होने बालक-बालिकाओ को विद्या अध्ययन करने के दौरान कोताही ना बरतने की हिदायत दी,उनका कहना था कि विद्या अध्ययन कर सफल होने के बाद गांव शहर,माता-पिता एवं गुरूजनो का नाम रौशन होता है। उपसरपंच पूनम अंबस्थ ने भूपेश सरकार द्वारा चलायी गयी सरस्वती सायकल योजना की सराहना करते हुये बच्चो के बीच मिठाई वितरण किये। उन्होने स्कूली छात्र-छात्राओ को पढाई मे अपना ध्यान लगाकर गांव का नाम रौशन करने की बात कही। कार्यक्रम के अंत मे आभार प्रदर्शन स्कूल की प्राचार्य श्रीमति पैंकरा ने किया। उन्होने साथ ही स्कूल मे शिक्षको की कमी पर भी जनप्रतिनिधियों का ध्यानाकर्षण कराया।

### स्वस्थ भारत,समृद्ध भारत के तहत होगा आयोजन चलो आयुर्वेद की ओर



**पत्थलगांव,5 दिसंबर।** आयुर्वेद उपचार को बढावा देने के लिए स्वस्थ भारत,समृद्ध भारत अभियान के तहत चलो आयुर्वेद की ओर का आयोजन 6 दिसंबर दिन मंगलवार को यहा होने जा रहा है। इस मिशन के तहत स्त्री,पुरूष एवं बच्चो के सभी सामान्य साध्य,कष्ट साध्य एवं असाध्य रोगो को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति एवं परामर्श के जरिये गुडलक स्टोर मे सुबह 10 बजे से 2 बजे तक आयोजित किया गया है,जिसमे सेवा देने प्रांत के सुप्रसिद्ध अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सक डॉ नागेन्द्र शर्मा यहा पहुंचकर अपनी सेवा देंगे। गुडलक स्टोर के संचालक सोहिल अग्रवाल ने बताया कि शिविर मे हजारो रोगियों की चिकित्सा का प्रत्यक्ष प्रायोगिक 15 वर्षो से अधिक का अनुभव रखने वाले आयुर्वेद मर्म,नाडी वेद चिकित्सक डॉ नागेन्द्र नारायण शर्मा अपनी सेवाओ मे यहा कैंसर, मधुमेह, थायराईड,ब्लड प्रेशर, श्वांस,टी.बी,लकवा,साईटिका,गठियावात, पथरी,पीलिया, मस्तिष्कगत रोग,माईग्रेन, डिप्रेशन, अनिद्रा, अमलपीत, गैस,दुर्बलता,हदय रोग,चर्म रोग जैसे अनेक कष्ट साध्य एवं असाध्य रोगो का त्रिविद प्रकार से परिक्षण कर रोग के नियंत्रण एवं उपचार हेतु परामर्श देंगे। साथ ही उनके लिए उपयोगी योगाभ्यास एवं प्राणायाम का अभ्यास कराकर विशेष प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। उन्होने बताया कि इस शिविर मे रोगियों को उनके लिए उपयोगी जीवनशैली के बारे मे भी व्यक्तिगत रूप से परामर्श देने के साथ-साथ दिनचर्या,ऋतुचर्या,आहार विहार के विषय मे जानकारी दी जायेगी।

## समाचार संक्षेप

### भाजपा एवं सर्व आदिवासी समाज के विरोध एवं चुनावी हार से बचने आरक्षण बिल हुवा पास: धनीराम



**सुकमा,5 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे ने प्रेस नोट जारी करके आदिवासियों के आरक्षण बिल पर कहा हैं की भाजपा एवं सर्व आदिवासियों के विरोध के बाद एवं भानुप्रतापपुर चुनाव में हार के डर से मजबूर होकर कॉग्रेस की भूपेश सरकार आरक्षण बिल लाई। आदिवासियों पर आरक्षण के मुद्दे पर राजनीती तो कॉग्रेस पार्टी कर रही हैं। एक तरफ जहाँ आदिवासी आरक्षण को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्त्ता फठाखा फोड़ रहे हैं। तो वही दूसरी ओर आदिवासियों को आरक्षण का विरोध करने वाले को निगम का अध्यक्ष बनाया जा रहा हैं। और आदिवासी आरक्षण के विरोध में कोर्ट जाने वाले व्यक्ति को अनुसूचित जाति आयोग का अध्यक्ष बनाया जा रहा है। इससे साफ प्रतीत होता है कि कांग्रेस की सरकार आदिवासियों की कितनी बड़ी विरोधी है। अब सत्ता जाने के डर से एवं भाजपा और सर्व आदिवासी समाज के भारी विरोध के बाद आरक्षण पर विधेयक लाने मजबूर हुए है। स्वयं आग लगाते हैं और आग लगाके खुद ही बुझाने का ढोंग करने वाली स्थिति पर पहुंच चुकी है कांग्रेश की भूपेश सरकार। लेकिन बदनियति से लगाई आग में खुद जलेगी कांग्रेस क़ी सरकार।भानुप्रतापपुर में मंत्री कवासी लखमा को सर्व आदिवासि समाज के लोगों ने घेर लिया। तबसे कवासी लखमा और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हार का डर सताने लगा। इस कारण आनन-फानन में 32त्न आरक्षण विधेयक लाया गया। भारतीय जनता पार्टी हमेशा आदिवासी समाज के साथ खड़ी है। भारतीय जनता पार्टी की ही सरकार में आदिवासियों के हित में आदिवासी मंत्रालय का गठन किया गया। एवं देश में पहली बार सर्वोच्च पद में एक आदिवासी महिला को भारतीय जनता पार्टी ने हीं बैठाया। कांग्रेस पार्टी अगर आदिवासी हितेषी होती तो निर्विरोध आदिवासी राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमू जी का समर्थन करती। आदिवासियों के हित के बारे में सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ही गंभीरता से सोचती है एवं उनके हित में योजनाएं बनाती है। भारतीय जनता पार्टी के ही द्वारा आदिवासियों को 32त्न आरक्षण दिया गया था जिसे कांग्रेश सरकार क़ी बद नियति के कारण 20त्न आ गया। धनीराम बारसे ने कहा कि विधानसभा में 32त्न आरक्षण पहले ही पास हो चुका था लेकिन न्यायालय में बदनियति से सरकार अपना पक्ष नहीं रख पाई इसलिए 20त्न आरक्षण हो गया। और सरकार के द्वारा आदिवासी आरक्षण के विरोधियों को पुरस्कृत करना उनकी आदिवासी विरोधी नियत को साफ दर्शाता है।

### सुकमा के मूल निवासियों का खाद्य प्रणाली एवं उनका स्वास्थ्य परियोजना का होगा प्रस्तुतिकरण



**सुकमा,5 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन बच्चों में उनकी रचनात्मकता एवं नवाचार सोच के साथ ही वैज्ञानिक रूचि विकसित करने के उद्देश्य से किया जाता है। इस वर्ष के राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का थीम है- पारिस्थितिक तंत्र, स्वास्थ्य और कल्याण। सुकमा जिले के बाल वैज्ञानिक भी, ÷भारत का मेनचेस्टर÷ नाम से पहचाने जाने वाले गुजरात के औद्योगिक शहर अहमदाबाद में आयोजित 30वां राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2022 में हिस्सा लेंगे। राजधानी रायपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् द्वारा 1 से 3 दिसंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में इन बाल वैज्ञानिकों का चयन किया गया है। कलेक्टर श्री हरीस. एस ने बाल वैज्ञानिकों को अपनी शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।गौरतलब है कि राजधानी रायपुर में आयोजित बाल विज्ञान कांग्रेस में परियोजनाओं को वर्चुअल मोड में प्रस्तुत किया गया था। इसमें से राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में सुकमा जिले के बाल वैज्ञानिकों के दो परियोजनाएं भी छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। अहमदाबाद में आयोजित राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में सुकमा के बाल वैज्ञानिक कोरम सैमुअल, कुमारी मिसबा, मनोहर बघेल और सोडी दीपक शामिल होंगे। 30वां राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन अहमदाबाद में 3 जनवरी 2023 को होगा।सीनियर वर्ग में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल कोंटा के कोरम सैमुअल व कुमारी मिसबा अपने प्रोजेक्ट- Modern and Eco friendly Incinerator का प्रस्तुतिकरण देंगे। वहीं जूनियर वर्ग में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झापरा के मनोहर बघेल व सोडी दीपक ÷सुकमा के मूल निवासियों का खाद्य प्रणाली एवं उनका स्वास्थ्य÷ परियोजना पर अपनी प्रस्तुतिकरण करेंगे। सीनियर वर्ग के बाल वैज्ञानिकों के मार्गदर्शक शिक्षक श्री पृदवी तेजा है। जबकि जूनियर वर्ग के बाल वैज्ञानिकों के मार्गदर्शक शिक्षिका ओमलता सोनकर है।

### अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



**अंवरी।** माननीय अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी के दिशानिर्देश में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर कुरुद में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को असक्त जनों की अक्षमता को लेकर समाज मे जागरूकता ,समझ और संवेदनशीलता को बढ़ाने के लिये दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 तथा समाज कल्याण विभाग छ.ग. शासन की ओर से संचालित दिव्यांग जन से सम्बंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को जनक कुमार हिड़को व्यवहार न्यायाधीश वर्ग एक कुरुद द्वारा सम्बोधित किया गया। उक्त शिविर में सुश्री कुमुदिनी गर्ग व्यवहार न्यायाधीश वर्ग दो सहित अधिवक्ता गण रमेश पांडेय जीवराम ध्रुवंसी सुमन प्रकाश ठाकुर एस पी लंबा देवचरण साहू,जितेंद्र टेलसी नरेश डिंगरेपक्षकार गण व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# दत्तात्रेय जयंती पर गोस्वाम समाज का महासम्मेलन 7 को

**महासमुंद।** पुरखों की विरासत को संजोए रखने व सामाजिक परंपरा का निर्वहन करने अगहन पूर्णिमा 7 दिसंबर बुधवार को भगवान राजीव लोचन की पावन धरा ऐतिहासिक धर्मनगरी राजिम स्थित भगवान दत्तात्रेय मंदिर परिसर में प्रांत स्तरीय भव्य दत्तात्रेय प्राकट्य उत्सव मनाई जाएगी।प्रातः से ही भगवान दत्तात्रेय का मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना के पश्चात् 11 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। दोपहर 12 बजे सामूहिक भोज के पश्चात् राज्यसभा सांसद सरोज पांडे के मुख्य आतिथ्य व महासमुन्द लोकसभा के पूर्व सांसद चन्दूलाल साहू की अध्यक्षता तथा रेखा राजू सोनकर अध्यक्ष जनपद पंचायत राजिम एवं पुष्पा गोस्वामी सभापति के विशेष आतिथ्य में मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ होगा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता द्वारा भगवान दत्तात्रेय के जीवन दर्शन पर आधारित व्याख्यान होगा। इस अवसर पर समाज के नवनिर्वाचित प्रांताध्यक्ष अशोक गिरि गोस्वामी, महासचिव भूपेन्द्र पुरी, कोषाध्यक्ष विश्वनाथ पुरी गोसाई पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। इसी प्रकार मनोनीत पदों पर उपाध्यक्ष पद हेतु रामकुमार पुरी, हरिहर गिरि (विष्णु), प्रह्लाद गिरि, धर्मेन्द्र प्रकाश गिरि, गुमान पुरी, घनश्याम गिरि (नंद), सचिव पद पर मनीष बन, हरीश गिरि, प्रचार सचिव पद पर कामेश्वर पुरी, सुशील पुरी तथा संगठन सचिव पद पर मदन गिर, जागेश्वर बन, पोखराज बन, गिरीश पुरी गोसाई, इन्द्रजीत भारती शपथग्रहण करेंगे। प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य के पद पर चन्दू गिरि, रामपुरी, पंकज गिरि, उमेश गिरि, डोमन पुरी, देवेन्द्र गिरि, अजय गिरि, कमलेश भारती, आकाश गिरि, अविनाश गिरि मातृशक्ति प्रकोष्ठ के विभिन्न पदों पर उषाकिरण गोस्वामी, मोहनी गोस्वामी, हीना गोस्वामी, मनीषा गोस्वामी, संगीता गोस्वामी व सुधा गोस्वामी शपथ ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक रामकुमार पुरी व आयोजन समिति के अध्यक्ष काशीपुरी कुंदन ने बताया कि दोपहर 1 बजे मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ होगा अतिथि स्वागत के पश्चात मुख्य वक्ता द्वारा भगवान दत्तात्रेय की जीवन दर्शन पर आधारित व्याख्यान प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम में विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन, सामाजिक प्रतिभाओं का सम्मान, प्रेरणा स्रोत बुजुर्गों का सम्मान भी किया जाएगा। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए अध्यक्ष व प्रतिनिधियों द्वारा जिले का वृत्त भी प्रस्तुत किया जाएगा। नन्हें बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात् समाज के महंतजनों का आशीर्वचन व माननीय अतिथियों का उद्बोधन होगा। आयोजन समिति की ओर से खुमान पुरी, मोहनपुरी, श्याम गिरि, गिरेन्द्र पुरी, भूपेन्द्र पुरी, चंपेश्वर गिरि, संजय गिरि, छबीलाल पुरी, उमेश गिरि, हरीश पुरी, विकास गिरि, संजय पुरी, सुरेंद्र गिरि, महेश्वर पुरी, राजेंद्र गिरि, लिल्लर पुरी, याज्ञवल्क्य पुरी, भरत पुरी, ईश्वर पुरी, ओम पुरी, संजय पुरी, भरत गिरि, लक्ष्मण गिरि, खेमराज पुरी, बबला गिरि, किशुन गिरि, पुरूषोत्तम गिरि, अजय गिरि, राजेन्द्र पुरी, अखिलेश पुरी, चन्द्रहास पुरी, नारायण पुरी, भगवान पुरी, कौशल गिरि, गोपाल गिरि, व्यास गिरि, अनिल गिरि सहित विभिन्न जिलों के पदाधिकारी एवं मातृशक्ति प्रकोष्ठ कार्यक्रम की तैयारी में लगे हुए हैं। उक्ताशय की जानकारी आयोजन समिति की ओर से प्रवक्ता कामेश्वर पुरी गोस्वामी ने दी।

# कमाल है वनाधिकार पट्टा पहले मिलता है पेड़ों की कटाई होती है बाद में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,5 दिसंबर।** छुरा वन परिषेत्र छुरा के अंतर्गत हमेशा से वन भूमि के बड़े झाड़ के जंगल मे अतिक्रमण वा पहाड़ काटकर पोल्ट्री और आलिशान घर बनने के साथ हि बिना जंगल कटे हि वन अधिकार का पट्टा मिल जाना । और उसमे बिना खेती किय धान बेचना यहां के लिए कोई आश्चर्य की बात नही है ये यहां के लिए आम बात हो गया है पर कार्यवाही नही कर पाने से अतिक्रमणकारियो का हौसला बुलंद है ऐसे मे हरे भरे जंगल मे पेड़ो को काटा जाय और जब पता चलता है की यह तो वन अधिकार का पट्टा मिला हुवा जमीन है ।ऐसा हि कुछ इस परिक्षेत्र के बिरणी बाहरा बिट के नागिन बहरा के जंगल मे



देखने को मिला जहा एक किसान को ढाई एकड़ वन अधिकार पट्टा के नाम पर मिला पर किसान अभी उसमे पेड़ काटकर जमीन बनाना चालू किया है ऐसे मे सवाल् यह है की पट्टा पहले मिलना है या जो जंगलो मे 2005 से पहले वन भूमि मे काबिज है उनको पट्टा देना है ।इस प्रकार यहां ऐसे सैकड़ो मामले है जिसमे पहले वन अधिकार पट्टा मिला और किसान अब जाकर हरे भरे पेड़ो को काटकर खेत बना रहे है और तो और बिना खेत बोय हि सरकारी धान खरीदी केन्द्रो मे धान भी बेच रहे है । इस बात की जानकारी सम्बन्धित बिटगार्ड को दिया गया तो मौक़े पर अपने साथ वन विभाग का चौकीदार वन प्रबंधन समिति अध्यक्ष और कुछ ग्रामीणों को लेकर पहुचे और बिटगार्ड देव कुमार साहू ने बताया की वन अधिकार पट्टे के तहत 2007 मे यह जमीन रतन कमार को ढाई एकड़ मिला है जो डेढ़ एकड़ मे खेती कर रहा है और बकी एक एकड जमीन को अभी खेत बना रहा है । और खेत बनाने के लिए हि पेड़ को काटे है ।

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर कलेक्टर दिव्यांग बच्चों के कार्यक्रम में हुई शामिल

**सारंगढ़-बिलाईगढ़, 5 दिसम्बर।** आज अंतराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने सारंगढ़ स्थित प्रांजल मानसिक दिव्यांगजन कल्याण समिति एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उक्त कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के द्वारा सुंदर लोक नृत्य की प्रस्तुति की गई, साथ ही उनके द्वारा स्वच्छ भारत मिशन की थीम पर भी नृत्य प्रस्तुत कर स्वच्छता को जीवन में प्रमुखता से अपनाने का संदेश दिया गया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी को भाव विभोर कर दिया।

### विश्व दिव्यांग दिवस पर बीआरसी खरसिया में हुए विविध कार्यक्रम

**रायगढ़, 5 दिसम्बर।** विश्व दिव्यांग दिवस पर आज बीआरसी कार्यालय खरसिया में विश्व दिव्यांग दिवस का आयोजन किया गया। विकासखंड खरसिया के विभिन्न शालाओं में अध्ययनरत दिव्यांग छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लिए। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के खेलकूद एवं स्पर्धा का आयोजन विकासखंड स्रोत केंद्र खरसिया में किया गया। बच्चों ने लंबी कूद, जलेबी दौड़, मटकी फोड़, कुर्सी दौड़, रंगोली प्रतियोगिता, गुलदस्ता बनाना, मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लिए। इस प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित करने से दिव्यांग छात्र काफी उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में विजयी एवं सम्मिलित सभी दिव्यांग छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

# अनुबंध के 10 माह बाद भी नींव तक नहीं डाल पाया ठेकेदार

**राजिम-छुरा,5 दिसंबर।** अंचल वासियो के लंबित मांग को पुरा करते हुव जरगांव के पास। घूँघुट्टी नाला में पुलिया निर्माण की स्वीकृति तो मिल गया जिसमे लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार को लगभग 391.75 लाख की शासकीय स्वीकृत राशि दिनांक 7,6 2021 को जारी किया गया जिसमे ठेके की कुल राशि 2,88,64 ,800 एकमुश्त राशि रायपुर के शिवानी कंपनी को दिया जिसका कार्यादेश 25 जनवरी 2022 को और कार्य पूर्णतः दिनांक 24 दिसम्बर 2022 को होना है ऐसे मे मात्र 20 दिन शेष रह गया है ऐसे मे क्या ठेकेदार काम पुरा कर



पायेगा इस प्रकार कछुवा गति से चल रहे काम से नही लगता की इस बार भी ।यहां पुलिया का निर्माण हो पायेगा और आने जाने वाले राहगीरों को राहत मिल पायेगा ।क्यो जिस हिसाब से धीमी गति से काम किया जा रहा ऐसे मे इस बारिश के पहले यह काम पुरा नही होगा और एक साल फिर राहगीरों को रुकना पड़ेगा क्यो की समय रहते अगर पुलिया का निर्माण हो जाता तो पांडुका अंचल सहित आसपास के गाव वालो को मड़ेली से घूमकर जाने मे जो अतिरिक्त लग्भग् 10 किलो मीटर का फासला बच जाता जिससे समय और पैसे की बचत होती पर लोकनिर्माण विभाग की लचर ववस्था के आगे किसी की नही चलती इसी प्रकार इस मार्ग पर प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत बने सड़को का बुरा हाल है तिलैदाद के पास रोड बीचो बिच फट गया है । जिसे देखने वाला कोई नही है । इस तरह जिले मे बैठे जिम्मेदार अधिकारियों की महेरबानिया हि है की समय पर काम नही कर पा रहे और सरकारी नुमाइंदे शासन की योजनाओं को पलिता लगाने मे कोई मौका नही छोड़ रहे है ।ऐसे मे राहगीरों इस समस्या से निजात मिलेगा । जिला प्रशासन की उदासीन रवाइये से पूरे ब्लॉक मे आम जानता त्राहि त्राहि कर रहे ।समय रहते अगर पुलिया का निर्माण नही हुवा तो इस बारिश फिर ग्रामीणों को मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा ।

# भानुप्रतापपुर उपचुनाव में मतदान के लिए लोगों में जबर्दस्त उत्साह



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा,5 दिसंबर।** भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव आज सुबह 7 बजे से शुरू हो गया जिसमें भाग लेने के लिए मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। सुबह से ही मतदान करने के लिए मतदाताओं की लाईन लगनी शुरू हो गयी। चारामा नगर के जनपद प्राथमिक शाला में बनाये गये मतदान केन्द्र में मतदान करने अपनी बारी का इंतजार करते हुए नगर के मतदातागण कतार में खडे थे। भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव में कुल 256 मतदान केन्द्र बनाये गये है जिसमें 17 शहरी क्षेत्र में तथा 439 ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित है। विधानसभा क्षेत्र में 99 मतदान केन्द्र नक्सल प्रभावित है जिसमें से 10 मतदान केन्द्र अति संवेदनशील तथा 47 मतदान केन्द्र संवेदनशील श्रेणी में आते है। इसके अलावा 23 मतदान केन्द्र राजनीतिक रूप से संवेदनशील है जिसे देखते हुए मतदान केन्द्रों में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किया गया है।

### सभी स्कूल पूरी प्रतिबद्धता के साथ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का करें काम:कलेक्टर

**सारंगढ़-बिलाईगढ़, 5 दिसम्बर।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने आज सारंगढ़ के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर करने के लिए अनेक विषयों पर बात की। उन्होंने हाल ही में जिले में स्कूलों की एक रिपोर्ट बनवाई थी, उक्त रिपोर्ट के आधार पर उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के 108 स्कूलों में जिले के तीन ब्लॉक में से हर ब्लॉक के दो या तीन स्कूल ऐसे हैं जिनका रिजल्ट शत प्रतिशत है, लगभग 5-6 स्कूल ऐसे हैं जहां 90 प्रतिशत बच्चे पास होते हैं और इसके अलावा बहुत से स्कूल ऐसे हैं जहाँ का रिजल्ट 70 प्रतिशत से भी कम है। कुछ ऐसे भी स्कूल हैं जहाँ का रिजल्ट 30 प्रतिशत से भी कम है। सारंगढ़ ब्लॉक के 32 स्कूल में से 5 स्कूल ऐसे हैं जिनमें बच्चों का रिजल्ट 30 प्रतिशत से नीचे है जो कि बहुत ही निराशाजनक है।

## निधन

### बनारसी दास अग्रवाल



**खरसिया।** नगर के प्रतिष्ठित व्यक्ति बनारसी दास अग्रवाल पिता स्वर्गीय मंगतराय अग्रवाल उम्र 88 वर्ष फर्म बनारसी दास सजन कुमार लाल टंकी चौक रायगढ़ का स्वर्गवास कल रविवार को सुबह 5:30 बजे के लगभग हो गया यह शंकरलाल स्वर्गीय राजकुमार बाबूलाल व सजन कुमार अग्रवाल के पिता थे ये अपने पीछे भरे पूरे परिवार जनों को शोक मग्न कर परलोक गमन कर गए इनकी अंतिम यात्रा आज सोमवार 5 दिसंबर को प्रातः 9:00 लाल टंकी चौक स्थित निवास स्थान से कयाघाट मुक्तिधाम जाएगी। स्व. बनारसीदास संभागीय अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल के पिताजी थे। स्वर्गीय बनारसीदास सामाजिक धार्मिक कार्यों में हमेशा अग्रणी रहा करते थे। इनके निधन से लालटंकी मोहल्ला समेत पूरे रायगढ़ में शोक की लहर है।

## एक नजर

### हाथियों ने बछड़े को मौत के घाट उतार घरों में की तोड़फोड़

**कोरबा, 5 दिसम्बर।** कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज के जंगलों में घूम रहे हाथियों ने रविवार को ग्राम सेन्हा में जमकर उत्पात मचाया। यहां के लोकड़हा टंगियामार में हाथियों ने तीन घरों में तोड़फोड़ कर बाड़ी में लगी सब्जियों को रौंद डाला। एक मवेशी को भी घायल कर दिया। हाथियों के आने से ग्रामीणों को सुरक्षित जगह पर पनाह लेने की मजबूरी बनी हुई है। इन दिनों धान के फसल की कटाई के बाद किसान खेतों से खलिहान तक लाने में जुटे हैं। पसान रेंज में घूम रहा 43 हाथियों के दल में शामिल एक दंतैल हाथी झुंड से बिछड़कर अलग हो गया है और जटगा रेंज के देवमट्टी के जंगल के आसपास घूम रहा है। इधर एक दिन पहले 42 हाथियों के इसी दल ने ही सेन्हा में एक बछड़े को मार डाला। किसानों के धान की फसल खलिहान में ले आने के बाद से हाथियों के अब गांवों में घुसकर उत्पात मचा रहे हैं।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए हॉकी के जादूगर

**कोरबा, 5 दिसम्बर।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को उनकी पुण्य तिथि पर हॉकी एसोसिएशन और हॉकी के खिलाड़ियों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्रद्धांजलि स्वरूप सद्भावना मैच का भी आयोजन किया गया। बालको के डॉ.अंबेडकर स्टेडियम खेल मैदान में जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल, संरक्षक वायएम कुरैशी के मार्गदर्शन में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मेजर ध्यानचंद के आदमकद छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। संरक्षक वायएम कुरैशी ने कहा कि मेजर ध्यानचंद का नाम युगों.युगों तक खेल की दुनिया में अमर है। उन्होंने जिस तरह से भारत का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। जिला व प्रदेश के हॉकी खिलाड़ी भी उनसे प्रेरणा लेकर हॉकी को आगे बढ़ाएं। इस अवसर पर जिला हॉकी संघ के महासचिव तारिक कुरैशी, गोपाल दास, प्रभात कंवर, नैतिक दास, धनराज बरेठ, दुर्गेश नेताम, महेंद्र चंद्रा, महेंद्र पटेल, मितेश मानिकपुरी, ओमप्रकाश, तनिश महिलांगे, अनुराग जोशी, विक्की प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

### रेवेन्यू इंस्पेक्टर के सूने मकान में कीमती सामान की चोरी

**कोरबा, 5 दिसम्बर।** एसईसीएल में पदस्थ रेवेन्यू इंस्पेक्टर के सूने मकान में चोरों ने धावा बोला, जहां मौजूद 4 आलमारी व 3 दीवान खोलकर सामान पार कर दिया। मानिकपुर चौकी अंतर्गत एसईसीएल के रशियन कॉलोनी में निवासरत विपिन कुमार वर्मा जीएम ऑफिस में रेवेन्यू इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ है। वर्मा जन्मदिन मनाने के लिए परिवार समेत ससुराल दुर्ग गए है। इस दौरान मकान सूना पाकर चोरों ने उसे निशाना बनाया। उन्होंने अंदर अलग-अलग कमरे में रखे 4 आलमारी व 3 दीवान खोलकर उसमें से कीमती सामान की चोरी कर लिए। रेवेन्यू इंस्पेक्टर वर्मा के पिता आरपी नगर में अपने छोटे बेटे के साथ रहते हैं, पर सुरक्षा के लिए उन्होंने आलमारी बड़े पुत्र रेवेन्यू इंस्पेक्टर के यहां रखवाई थी। उसे आलमारी को खोलकर उसमें से चांदी के प्लेट, सिक्के व अन्य सामान की चोरी कर ली गई। रविवार की सुबह रेवेन्यू इंस्पेक्टर के पिता बड़े पुत्र के मकान में पहुंचे, तब चोरी का पता चला।

### 19 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त

**कोरबा, 5 दिसम्बर।** पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा विश्व दीपक त्रिपाठी' द्वारा 'निजात अभियान' के तहत गांजा एवं अवैध शराब पर प्रभावी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना बालको नगर क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री करने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में 04/12/2022 को जरिये मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि सचिंद्र खलखो एवं आलोक टोप्पो अवैध रूप से शराब रखकर विक्रय कर रहा है कि सूचना पर हमराह स्टॉफ एवं गवाह को साथ लेकर मौके पर जाकर रेड कार्यवाही करने पर आरोपी सचिंद्र खलखो पिता रामसहाय उम्र 34 वर्ष ग्राम सरायपाली नवाड़ा से 12 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 1800 रुपए एवं आलोक टोप्पो से 7 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 1050 करीबन को जप्त किया गया। जिससे आरोपी का कृत्य धारा सदर 34-2,36-4 आबकारी अधिनियम का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपी के खिलाफ 'अपराध क्रमांक 736/2022 धारा 34-2,36-4 आबकारी अधिनियम' कायम कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### घूमरगुड़ा में मनरेगा घोटाले पर जिला पंचायत सीईओ की बड़ी कार्रवाई

# तकनीकी, रोजगार सहायक और पंचायत सचिव से होगी 13.62 लाख की वसूली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**देवभोग, 5 दिसम्बर।** घूमरगुड़ा में हुए मनरेगा घोटाले को लेकर जिला पंचायत सीईओ ने बड़ी कार्रवाई किया है। जिला पंचायत सीईओ ने तकनीकी सहायक, पंचायत सचिव और रोजगार सहायक से 13 लाख 62 हजार 996 रूपये की राशि वसूली किये जाने का आदेश निकाला है। जिला पंचायत सीईओ ने वसूली के लिए पत्र जनपद सीईओ देवभोग को भी जारी कर दिया है।

यहां बताना लाजमी होगा कि जनपद सदस्य दर्शनराम सोनी ने जनपद सीईओ मनहर लाल मंडावी और तत्कालीन एसडीएम टीका राम देवांगन के पास शिकायत दर्ज करवाया था कि घूमरगुड़ा में मनरेगा अंतर्गत सुकरू पिता बोतको निजी तालाब और शासकीय लिटीगुरिया तालाब गहरीकरण में अधिक मजदूरी भुगतान किया गया है। शिकायत के आधार पर जनपद स्तर से टीम गठित कर जाँच करवाया गया। जाँच में पाया गया कि दोनों जगहों पर अधिक मजदूरी भुगतान किया गया है। इसी तरह मूलभूत, 13वें, 14वें और 15 वें वित्त योजना के निर्माण कार्यों में भी अनियमितता जाँच टीम ने पाया। टीम ने जाँच रिपोर्ट बनाकर जनपद सीईओ को रिपोर्ट सौंपा था। वहीं सीईओ ने जाँच रिपोर्ट जिला पंचायत सीईओ को सौंपते हुए अपना अभिमत भी दिया था।




#### जांच के बाद पलट गया था जनपद सदस्य

शिकायत के बाद ज़ब जाँच टीम ने गड़बड़ी पकड़ लिया। और बड़े घोटाले की पुष्टि हुई। इसके बाद जनपद सदस्य दर्शनराम सोनी ने यू टर्न ले लिया था। दर्शनराम ने आवेश में आकर शिकायत करने की बात कहते हुए जनपद सीईओ को एक पत्र सौंपकर शिकायत वापस लेने का जिक्र भी लिखित में किया था। हालांकि तत्कालीन एसडीएम और जनपद सीईओ की भ्रष्टाचार के प्रति गंभीरता ने इस बड़े घोटाले को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा किया था।

#### मैं काम को जानता ही नहीं तो मुझसे कैसी वसूली

जिला पंचायत सीईओ के द्वारा सचिव से वसूली किये जाने का आदेश जारी होने के बाद ज़ब हमने घूमरगुड़ा के तत्कालीन सचिव दुबराज ठाकुर से चर्चा कर उनका पक्ष जानना चाहा, तो सचिव ने कहा कि पंचायत में मनरेगा के दो कामों में उनसे जो वसूली निकाला गया है। वह समझ से परे है। सचिव ने कहा कि दोनों काम के विषय में मुझे जानकारी ही नहीं है और ना ही दोनों काम के मस्टररोल में मैंने कही हस्ताक्षर किया है। दुबराज के मुताबिक मैंने जाँच के दौरान भी अपना बयान दर्ज करवाया था कि दोनों काम के मस्टररोल में मैंने हस्ताक्षर नहीं किया है। और ना ही दोनों काम के विषय में मुझे जानकारी है। सचिव ने कहा कि दोनों काम में तकनीकी सहायक, सरपंच और रोजगार सहायक ने हस्ताक्षर किया है। मेरा हस्ताक्षर दोनों काम के मस्टररोल में नहीं है। इसके बाद भी मेरे नाम से वसूली के लिए आदेश निकाला जाना समझ से परे है।

# फसल चक्र के साथ जल संरक्षण भी है जरूरी : डॉ प्रदीप कश्यप

### ऊर्जा एवं जल संरक्षण पर एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 दिसम्बर।** छत्तीसगढ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा द्वारा ऊर्जा एवं जल संरक्षण पर कृषि विज्ञान केन्द्र भाटापारा जिला बलौदाबाजार मे एक दिवसीय किसानों को जागरूक करने के संबंध मे कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला मे वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ प्रदीप कश्यप ने ऊर्जा एवं जल संरक्षण पर प्रकाष डालते हुये किसानो को फसल चक्रण एवं ग्रीष्म काल मे धान के बदले अन्य फसल लेने पर जोर दिया। इसी प्रकार श्री बी.के राठौर ने कृषि मे जल की कम खपत, विकट परिस्थितियो मे फसल खराब होने पर फसल की बीमा कराने, स्प्रीकलर द्वारा कृषि कार्य किये जाने संबंधी विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके बाद श्री पी.के.जैन अधीक्षण अभियंता क्रेडा रायपुर द्वारा ने विभिन्न विभागीय योजनाओं के साथ साथ सौर ऊर्जा चलित उपकरणो की संपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यशाला मे कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री एस.के वर्मा द्वारा कृषि कार्य मे उपयोग आने वाले उपकरणों संबंधी जानकारी देते हुये उपकरणों पर विभागीय अनुदान एवं कृषि संबंधी मौसमी जानकारी के एप्प के उपयोग की जानकारी भी दी गई। साथ ही कार्यक्रम मे उपस्थित श्री जे.एन. बैगा. कार्यपालन अभियंता क्रेडा रायपुर द्वारा ने विभागीय योजनाओं एवं प्राकृतिक संषाधनों के संरक्षण एवं संवर्धन की जानकारी देते हुये कृषको को जागरूक किया गया। कार्यक्रम मे वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ प्रदीप कश्यप द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र मे कम पानी मे अधिक फसल देने वाले किस्मों को प्रदर्शन का अवलोकन कराया गया । कार्यक्रम मे सहायक अभियंता गणेश प्रसाद साहू द्वारा फसल मे धान एवं दाल-दलहन का चक्रण करने एवं वृक्षरोपण पर विशेष बल दिया। उक्त कार्यषाला मे कृषि विज्ञान केन्द्र के विद्यार्थियों सहित जिले के 110 से अधिक किसान उपस्थित थे।



### तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक की गई महिलाएं

**बलौदाबाजार, 5 दिसम्बर।** कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर जिले को तंबाकू मुक्त बनाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाओं, विभागों एवं संगठनों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभाव एवं तंबाकू उत्पादों की खरीद बिक्री के लिए बनाए गए अधिनियम की जानकारी लोगों को दी जा रही है। इसी कड़ी में तंबाकू उत्पादों के उपयोग के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता लाने एवं कोटपा अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन किए जाने के उद्देश्य से समाज कल्याण, पंचायत एवं स्वास्थ्य विभाग के सँयुक्त तत्वाधान में बिहान कार्यक्रम अंतर्गत एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत सभागार में किया गया। इस मौके पर उपस्थित महिलाओं को तंबाकू के दुष्प्रभाव की जानकारी प्रदान की गई साथ ही विशेष तौर पर तंबाकू निषेध अधिनियम कोटपा अधिनियम 2003 के प्रावधानों की विस्तार पूर्वक जानकारी भी दी गई।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हर माह हो रहा है सामान्य प्रसव



**दल्लीराजहरा, 5 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्वास्थ्य विभाग के आदेशानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिखलाकसा में सामान्य प्रसव प्रति माह हो रहा है. खण्ड चिकित्सा अधिकारी डौण्डी डां.विजय ठाकुर एवं स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखू राम साहू दल्ली राजहरा के मार्ग दर्शन में स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं मितानिनो के द्वारा गर्भवती माताओं के यहा गृह भेट करके समझाइस देते हुए प्रसव शासकीय अस्पताल में करवाये, जननी सुरक्षा योजना का लाभ लेवें, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का लाभ लेवें। प्रति माह के 09 तारीख को गर्भवती माताओ का नि:शुल्क जांच एवं परामर्श दिया जाता है शासकीय अस्पताल में प्रसव होने से प्रसूता को 1000 रुपए का प्रोत्साहन राशि दिया जाता है.डिस्चार्ज के समय लगभग 5000 रुपए तक का बच्चा को उपहार दिया जाता है। हितग्राहियों से निवेदन है योजनाओं का लाभ लेवें.योजनाओ का लाभ दिलाने के लिए सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को विधायक चंद्रदेव ने बांटी ड्रेस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 दिसम्बर।** कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर विकासखंड कसडोल के बार नवापारा क्षेत्र के 30 आंगनबाड़ी केंद्रों के 3 से 6 वर्ष के 1000 से अधिक बच्चों को डीएमएफमद से राशि स्वीकृत कर महिला बाल विकास विभाग को यूनिफार्म वितरण की जिम्मेदारी दी गई थी। यूनिफार्म का वितरण पिछले दिनों क्षेत्रीय विधायक एवं संसदीय सचिव श्री चंद्रदेव प्रसाद राय जी के द्वारा ग्राम बार में वितरण किया गया था।यूनिफॉर्म वितरण करते हुए इस कार्य को अच्छा कार्य बताते हुए कलेक्टर का आभार व्यक्त किया गया।बारनवापारा क्षेत्र एक दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा बच्चों के विकास हेतु सतत प्रयासरत है।आंगनबाड़ी केंद्रों में अब बच्चों की उपस्थिति बढ़ गई है एवं बच्चे तथा उनके पालक बहुत खुश हैं ड्रेस पाकर बच्चे अब आंगनबाड़ी नियमित रूप से आ रहे हैं।



## समाचार संक्षेप

### चोरी की 1 बैटरी, 1 ट्रैक्टर सायलेंसर के साथ आरोपी महिला गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 5 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में अपराधों की रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाना सिटी कोतवाली के दिशा निर्देश में थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र 945/2022 धारा 379, 34 भादवि के आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गौरी भारती पति कृष्णा भारती उम्र 35 साल साकिन भैंसापसरा थाना सिटी कोतवली जिला बलौदाबाजार मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि रोज की भांति अपने ट्रेक्टर महिन्द्रा कंपनी का ट्रेक्टर क्रमांक सीजी-04-एचजे-6323 को घर के सामने खडी किया था। 9 नवमबर को सुबह 5.00 बजे करीबन मार्निंग वाक के लिये घर से निकला तो देखा मेरे वाहन ट्रेक्टर का 1 नग साइलेंसर, 1 नग बैटरी एवं नागर आर्म 2 नग नहीं था जिसे आसपास पता तलाश किया पता नही चला। कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गये हैं कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना दौरान मुखबीर सूचना पर गौरी भारती पति कृष्णा भारती उम्र 35 साल थाना सिटी कोतवली से पुछताछ किया जो अपना जुर्म स्वीकार किया जिसका मेमोरण्डम कथन लिया जिसमे दिनांक 09/11/22 के प्रात: 04 बजे मोहल्ले कृष्णीबाई के कब्जे से 02 नग नागर आर्म को पूर्व में ही जप्त कर गिरफ्तारी कर लिया गया है तथा आज दिनांक को गौरी बाई भारती पति कृष्णा भारती से 01 नग बैटरी, 01 नग ट्रेक्टर सायलेंसर चोरी करना बतायी जिसे को जप्त किया गया है। आरोपिया का कृत्य धारा सदर का घटित करना पाये जाने से आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में प्रआर 250 उत्तम चतुर्वेदी, मप्रआर गंगोत्री ध्रुव तथा पेट्रोलिंग पार्टी महेन्द्र साहू का विशेष योगदान रहा।



### आरक्षण विधेयक पास होने से सभी वर्गों को मिलेगा न्याय: स्वेजा

**तिल्दा-नेवरा, 5 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शहर के एल्डरमेन स्वेजा परवीन ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग के गरीबों को आरक्षण देने वाले विधेयक को सर्वसम्मति से पारित करने पर पूरे प्रदेश में खुशी की लहर है। विधेयक पारित होने पर जगह-जगह आतिशबाजी की जा रही है। पटाखे फोड़कर खुशी का इजहार किया जा रहा है। आगे एल्डरमेन स्वेजा परवीन ने कहा है कि आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद उन सभी वर्गों को न्याय मिलेगा जिसके वे हकदार थे। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण विधेयक को विधानसभा में पारित किया। यह विधेयक आदिवासी, अनुसूचित जाति, ओबीसी वर्ग और ईडब्लूएस वर्ग को बड़ी राहत देगा। एल्डरमेन स्वेजा परवीन ने इसके लिए कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया है। और शीघ्र ही प्रदेश में आरक्षण की नई व्यवस्था लागू हो जाएगी। उसके बाद प्रदेश में नई भर्तियों और स्कूल-कॉलेजों में दाखिले के लिए आरक्षण का रोस्टर जारी होगा। विधेयक लागू होने के बाद आदिवासी वर्ग को 32 प्रतिशत, अनुसूचित जाति को 13 प्रतिशत और अन्य पिछड़ा वर्ग-को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। सामान्य वर्ग के गरीबों को 4 प्रतिशत आरक्षण देने का भी प्रस्ताव शामिल है।



### डायल-112 के स्टॉफ को दी गई स्नैक रेस्क्यू की ट्रेनिंग

**कोरबा, 5 दिसम्बर।** रक्षित केंद्र कोरबा में 04 दिसम्बर को जिले में कार्यरत डायल 112 के चालक एवं पुलिस स्टॉफ को स्नैक रेस्क्यू की ट्रेनिंग दी गई। इस दौरान ट्रेनर जितेंद्र सारथी ने बताया कि कोई भी साँप खुद से नहीं बल्कि अपने बचाव में किसी व्यक्ति पर हमला करता है। इसलिए जब किसी के घर मे साँप निकले तो उसे लाठी डंडे से मारकर भगाने का प्रयास नहीं करना चाहिए। बल्कि इसकी सूचना स्नेक रेस्क्यू टीम या डायल 112 टीम को दें। मालूम हो कि वनांचल होने के कारण कोरबा जिले में घरों में सांप निकलते रहता है। डायल 112 के जरिये पुलिस को इस संबंध में कॉल्स आते हैं। इसी को ध्यान में रखकर जिले के पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने डायल 112 के स्टाफ के लिए स्नेक रेस्क्यू ट्रेनिंग का आयोजन किया। ट्रेनिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा भी शामिल हुए। इस मौके पर डायल112 के स्टाफ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि डायल 112 की टीम क्विक रेस्पांस टीम है। उनको ट्रेनिंग मिलने के बाद स्नेक रेस्क्यू के मामले भी हम अधिक से अधिक लोंगो की मदद कर पाएंगे।

**सांप काटे तो तुरंत आसपास के जगह को बांधे:-** जितेंद्र सारथी ने बताया कि यदि किसी को साँप काट ले तो तुरंत काटे वाले जगह के आसपास को कसकर बांध लें और तुरंत हॉस्पिटल ले जाये। कई बार झाड़फूंक के चक्कर में मरीज की जान चली जाती है। उन्होंने डायल 112 की टीम को सांप पकड़ने का डेमो दिया। डेमो के अनुसार स्टॉफ ने साँप पकड़कर अपना झिझक दूर किया। इस मौके पर रक्षित निरीक्षक अनथ राम पैकरा, सूबेदार भुनेश्वर कश्यप एवं सभी स्टाफभी शामिल हुए।

### कोल साइडिंग जाकर डिस्पैच की गतिविधियों का लिया जायजा

# गेवरा खदान में सीएमडी ने उत्पादन बढ़ाने दिया जोर

**कोरबा, 5 दिसम्बर।** एसईसीएल बिलासपुर के सीएमडी डॉ.प्रेमसागर मिश्रा ने रविवार को कंपनी के मेगा प्रोजेक्ट में शामिल गेवरा खदान का दौरा किया। अफसरों के साथ माइंस में उतरे सीएमडी मिश्रा नराईबोध ओबी पैच व कोल साइडिंग पर भी पहुंचे। उन्होंने लक्ष्य हासिल करने उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया।

चालू वित्तीय वर्ष के बचे 4 माह में लगभग 92 मिलियन टन कोयला उत्पादन की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए एसईसीएल ने दिसंबर में 18.60 मिलियन टन का लक्ष्य रखकर महीने का कोयला उत्पादन का टारगेट बढ़ा दिया है। बीते 8 माह में इस बार का लक्ष्य अधिक है। इसके पहले नवंबर का टारगेट 15 मिलियन टन का था। बीते नवंबर में ही सीएमडी डॉ.मिश्रा मेगा परियोजनाओं में शामिल खदानों का दौरा कर चुके हैं। करीब पखवाड़े भर के भीतर उनका गेवरा खदान का दूसरा दौरा हुआ है। इसे काफी अहम माना जा रहा है। उन्होंने इस बार व्यू पाइंट से जायजा लेने के बजाय खदान में उतरकर उत्पादन स्थिति को जाना है। नराईबोध ओबी पैच पर पहुंचकर खनन गतिविधियों का जायजा लेने के बाद माइंस के कोल साइडिंग पर पहुंचकर डिस्पैच की गतिविधियों का भी जायजा लिया है।

कोयला कर्मियों के करीब डेढ़ साल से लंबित 11 वें वेतन समझौते को लागू करने हुई सातवीं बैठक में भी आपसी सहमति से कोई नतीजा नहीं निकल पाने से कोल इंडिया में हड़ताल की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। अगले साल जनवरी में होने वाले श्रमिक संगठनों के कन्वेंशन में इसकी तारीख का भी ऐलान होने की संभावना है।

कोयला उत्पादन में तेजी आने के साथ ही कोयला परिवहन का लक्ष्य 16.74 मिलियन टन कर दिया गया है। सड़क व रेल मार्ग से परिवहन कर कोयला अलग-अलग स्थानों पर भेजा जाता है। नवंबर में 13.9 मिलियन टन कोयला परिवहन हुआ। इसी अवधि में 13.4 मिलियन टन परिवहन हुआ था।

### गेवरा में रोड किनारे रेन गन लगाने की मांग

**कोरबा, 5 दिसम्बर।** एसईसीएल गेवरा एरिया में सुरक्षा समिति की त्रिपक्षीय वार्ता हुई। जिसमें श्रमिक संगठन के नेताओं ने कंपनी की खदान व कॉलोनी की सुरक्षा का मुद्दा उठाया। उड़ते धूल से निजात दिलाने रोड किनारे रेन गन लगाने की भी मांग हुई। एरिया महाप्रबंधक एसके मोहंती ने मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने का आश्वासन दिया। डीएमएस खनन, यांत्रिकी, बिजली, सुरक्षा व बखान बचाओ अफसरों व एसईसीएल गेवरा एरिया के अधिकारियों की मौजूदगी में श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ त्रिपक्षीय वार्ता हुई। इंटक नेता डीके मिश्रा व गोपाल यादव ने खदान व कॉलोनी में उड़ते धूल से निजात दिलाने और श्रमिक चौक मेन बेरियर, हरदीबाजार रोड पर रेन गन लगाने की मांग हुई, जहां रेन गन वाटर स्प्रिंकलर नहीं लगी है और धूल उड़ रही है, वहां 24 घंटे पानी के छिड़काव की मांग हुई। हैवी मशीनों में सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराने और सीटीआई गेवरा में फर्स्ट एड की ट्रेनिंग, गैस टेस्टिंग की सुविधा रखने की भी मांग की। बैठक में श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि डीके मिश्रा, गोपाल यादव, वीवच प्रधान, दूधनाथ, कुणाल सिंह, दादू लाल, सीताराम खरे, सुशील श्रीवास, आरएस त्रिपाठी, केके मिश्रा मौजूद रहे। कंपनी की ओर से डीएमएस खनन अरूण कुमार पाटिल, डीएमएस यांत्रिकी नागपुर विजय पाटिल, डीएमएस बिजली नागपुर केशव मीणा, महाप्रबंधक सुरक्षा, बीपी सिंह, खान बचाओ एसईसीएल बिलासपुर संजीव अग्रवाल समेत अन्य अफसर उपस्थित रहे।

### बीदर कार्यक्रम में हत्या के आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा, 5 दिसम्बर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली में कार्यरत वार्ड बॉय प्रहलाद सिंह कंवर ने थाना पाली में डॉक्टर द्वारा प्रेषित अस्पताली मेमो प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मृतक गोविंद राम यादव पिता चरन यादव निवासी चटवाभवना चौकी चैतमा मृत अवस्था में उपचार हेतु लाया गया है जिसकी मृत्यु संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। थाना पाली में मर्ग प्रकरण पंजीबद्ध कर मृतक के शव का चउ कराया गया जिसमें डॉक्टर द्वारा मृतक की मृत्यु आपराधिक कारणों से होना बताया गया। मामले में धारा 302, 201 पचब का अपराध पंजीबद्ध कर घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह द्वारा मामले में गंभीरतापूर्वक जांच कर आरोपीगण को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए। निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा ईश्वर त्रिवेदी के पर्यवेक्षण में घटना की बारीकी से जांच करने पर पाया गया कि 2 दिसंबर 22 को ग्राम चटवाभवना में बीदर का त्योहार था जिसमे मृतक रात्रि 10.11 बजे देवालय गया था जहां नाच गाना कर रहा था।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// सूचना पत्र //**

**क्रमांक/ /वाचक/अति. तहसीलदार / 2022 रायपुर, दिनांक 30/11/ 2022**
**प्रकरण क्रमांक 202209113400121**

प्रति,

श्री मनीष भोसले पिता श्री यशवंत भोसले निवासी- मकान नंबर 10/7 शांति निवास संतोषी नगर खमतराई रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि आवेदिका श्रीमती मोनिका ठाकुर पति श्री जुगल किशोर सोनी निवासी- मकान नंबर जी. 213 आर.डी.ए. कालोनी रायपुरा तह. व जिला रायपुर छ.ग., द्वारा इस न्यायालय में धारा- 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है, कि आवेदिका द्वारा ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.नं. 71 रायपुर तहसील व जिला रायपुर विकास प्राधिकरण नगर विकास योजना क्रमांक 04 कमल विहार सेक्टर 01 में स्थित भूमि भूखण्ड क्र. सी-75 खसरा नंबर 209 का भाग रकबा 60 वर्गमीटर याने 645.6 वर्गफुट भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 05.09.2017 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व व आधिपत्य प्राप्त किया है, अतः आवेदक द्वारा उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपने नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु निवदेन किया गया है। इस कारण आपको इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप नियत सुनवाई दिनांक 15/12/2022 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा ।

आज दिनांक 30/11 / 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार,
रायपुर(छ.ग.)

## एक नजर

### घर से नकदी सहित जेवर पार

**रायपुर, 5 दिसम्बर।** श्रीनगर खमतराई स्थित मकान से अज्ञात चोर ने नकदी 50 हजार सहित 3 नग सोने की अंगुठी पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार श्रीनगर खमतराई निवासी प्रार्थिया लक्ष्मी यादव 46 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि कल शाम को अज्ञात चोर ने प्रार्थिया के घर के खुले दरवाजे से अंदर प्रवेशा किया और आलमारी में रखे नकदी 50 हजार सहित 3 नग सोने की अंगुठी पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 95 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूर की मौत

**रायपुर, 5 दिसम्बर।** सरोरा स्थित ईश्वर पेपर मील में काम करने के दौरान कनवेयर बेल्ट में फंसने से मजदूर की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक राजकुमार शुक्ला 34 वर्ष ने ईश्वर पेपर मील में काम करता था और वहीं सर्वेंट क्वार्टर में रहता था। बताया जाता है कि फैक्ट्री में काम करने के दौरान राजकुमार कनवेयर बेल्ट में फंस गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में उरला पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। जांच के दौरान पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### पार्किंग में खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 5 दिसम्बर।** अग्रसेन धाम स्थित पार्किंग से अज्ञात चोर ने बाइक पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खोल्हा निवासी प्रार्थी सूर्यनारायण सोनवानी 22 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 23-2393 से अग्रसेन धाम आया था, जहां पार्किंग में वह अपनी बाइक को खड़ी किया था। तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### आपसी रंजिश में दो पक्ष भिड़े

**रायपुर, 5 दिसम्बर।** वाल्मिकी नगर कबीर नगर में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ब्लाक नंबर 9 वाल्मिकी नगर निवासी प्रार्थिया ज्योति तांडी 31 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी अनिल जगत ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थिया के पति विनोद तांडी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थिया रेणु जगत 21 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी विनोद तांडी ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थिया के पति से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवक से मारपीट

**रायपुर, 5 दिसम्बर।** न्यू शांतिनगर सिविल लाइन में पूर्व विवाद को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार सिंचाई कालोनी न्यू शांति नगर निवासी प्रार्थी दुर्गेश यादव 26 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी टुकेश्वर यादव ने पूर्व विवाद को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### आपसी रंजिश के चलते किशोर को पीटा

**रायपुर, 5 दिसम्बर।** मंदिरहसौद में पुरानी रंजिश के चलते 5 युवकों ने किशोर से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मंदिरहसौद निवासी प्रार्थी हिमांशु पटेल 17 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी पंकल यदु व अन्य 4 लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**रायपुर, 5 दिसम्बर।** देवरी नाला के पास बाइक से गिरकर युवक की मौत हो गई। मामले में आरंग पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम परसकोल निवासी जितेन्द्र कुमार यादव 22 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसका भाई संजय यादव 26 वर्ष अपने दोस्त के साथ बाइक क्रमांक सीजी 04 एनएस 0715 में पीछे बैठकर कहीं जा रहा था।

## राजधानी में गुमास्ता लाइसेंस के बगैर चल रही दुकानें

### निगम को हो रहा घाटा, राजस्व अधिकारी वसूली कर रहे

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 5 सितम्बर।** जोन क्रमांक 5 के अंतर्गत लाखेनगर वार्ड के कुशालपुर, डगनिया सहित अन्य आसपास के क्षेत्रों में गुमास्ता लाइसेंस के बिना 70 प्रतिशत दुकानें संचालित हो रही है। इससे निगम को राजस्व की क्षति हो रही है।

आरटीआई कार्यकर्ता विजय सोना ने सूचना के अधिकार के माध्यम से जोन क्रमांक 5 से इस आशय की जानकारी मांगी है। जोन कमिश्नर एवं जनसूचना अधिकारी राजेश गुप्ता ने लिखित जानकारी दी है कि लाखेनगर वार्ड क्रमांक 66 के कुशालपुर तथा इसके आसपास के क्षेत्रों में 70 प्रतिशत दुकानें बिना गुमाश्ता लाइसेंस के चल रही है। इस संबंध में आरटीआई कार्यकर्ता विजय सोना को जानकारी दी गई है कि गुमास्ता लाइसेंस आजकल आनलाईन बन रहा है इसलिए हमें इसकी जानकारी नहीं है। राजस्व अधिकारियों का कहना है कि इस संबंध में हमें ज्यादा जानकारी नहीं है। राजस्व अधिकारी बिना जानकारी के ही राजस्व वसूली कर रहे हैं। इससे बड़ी लापरवाही क्या हो सकती है। वसूली करने वालों को इतना भी नहीं मालूम की कितने दुकानदार गुमास्ता लाइसेंस के बगैर दुकान चला रहे हैं। जोन पांच के अधिकारी मामले को नजरअंदाज कर रहे हैं। इससे नगर निगम को राजस्व की क्षति हो रही है।

राजधानी के अनेक वार्डों में कई शिकायतें मिली हैं जिसमें बिना गुमास्ता लाइसेंस के दुकानें चल रही है। जिसमें जोन चार के अंतर्गत बैजनाथपारा, गोलबाजार प्रमुख हैं। इसके अलावा मौदहापारा वार्ड में भी यही स्थिति है। शहर के रामनगर क्षेत्र में भी अनेक दुकानों का संचालन बिना लाइसेंस के किया जा रहा है। इससे निगम को प्रतिवर्ष लाखों रुपए की क्षति हो रही है। नगर निगम इस समय आर्थिक संकट से जूझ रहा है। ऐसे समय में निगम को जब आर्थिक स्थिति मजबूत करना चाहिए तो अधिकारियों के लापरवाही के चलते लाइसेंस बनाने में कोताही बरती जा रही है।

भेंट-मुलाकात ...



रायपुर। मुख्यमंत्री ने गरियाबंद जिले के गांव छुरा में छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना एवं राज्य गीत के साथ भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की शुरुआत की।

## नया साल मनाने शिर्डी, तिरुपति, उज्जैन, गोवा जाने वालों का लगा तांता

### ट्रेनों में आरक्षण नहीं मिल रहा

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 5 सितम्बर।** नया वर्ष मनाने के लिए अब लोगों में भारी उत्साह व्याप्त है। भले ही ट्रेनें लेट चल रही हों, कई ट्रेनें स्थगित हैं लेकिन नया साल मनाने के लिए लोगों ने दो महीने पहले ही टिकटों का आरक्षण करा लिया है। हवाई जहाज से भी जाने वाले आरक्षण करवा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के उज्जैन में महाकाल मंदिर इस समय लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बिन्दु बना हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महाकाल मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है। यहां पर आकर्षक कारिडोर देखने के लिए बड़ी संख्या में प्रदेश उज्जैन जाने वाली और इंदौर तक चलने वाली हवाई सेवा में लोगों ने आरक्षण करवाया है। महाराष्ट्र के शिर्डी में भी पूरे देश से बड़ी संख्या में लोग आते हैं। शिर्डी सेवा संस्थान द्वारा उनके लिए ठहरने एवं खाने की उचित व्यवस्था की जाती है। आंध्रप्रदेश के तिरुपति देवस्थानम में नए वर्ष में लोगों को विशेष सुविधा दी जाती है। यहां पर बिना ऑनलाईन के प्रवेश मिल जाता है। जिसके कारण भक्त बड़ी संख्या में आते हैं। इसे रेल और हवाई मार्ग से जोड़ दिया गया है। वड़ौदा के पास केवड़िया में सरदार



वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति और सरदार सरोवर बांध देखने के लिए भी लोग खासे उत्सुक हैं। अहमदाबाद में अक्षरधाम का विशालकाय मंदिर देखने के लिए देश-विदेश से लोग आ रहे हैं। देश के पर्यटन स्थल गोवा, दार्जलिंग, माउंट आबू, शिमला एवं बंबई में भी आकर्षक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। कुछ लोग थाईलैंड जाने के लिए भी आरक्षण करवा रहे हैं। राजधानी रायपुर में भी विभिन्न होटलों तथा अन्य प्रतिष्ठानों द्वारा नए साल का कार्यक्रम बनाया जा रहा है। बंबई से नामचीन कलाकारों को बुलाया जाएगा। वीआईपी रोड स्थित सभी होटलों में आकर्षक लाईट, आतिशबाजी एवं मनोरंजक कार्यक्रम कराने के लिए रूपरेखा तैयार की जा रही है।

## राजधानी में यातायात सुधारने की कवायद

### आठ को कलेक्टर लेंगे सभी वर्गों की बैठक

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 5 सितम्बर।** राजधानी में यातायात व्यवस्था सुधारने की कवायद जिला प्रशासन ने शुरू कर दी है। नगर निगम, परिवहन, यातायात, परिवहन संघ सहित अन्य संबंधित लोगों की एक बैठक 8 दिसम्बर को बुलाई गई है। ज्ञात रहे राजधानी में इन दिनों यातायात बाधित होने से लोग परेशान हैं।

मिली जानकारी के अनुसार राजधानी का आकार बढ़ता जा रहा है लेकिन इस अनुपात में प्रमुख मार्गों का चौड़ीकरण नहीं हो रहा है। वाहनों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। शारदा चौक से लेकर तात्यापारा चौक ते सड़क चौड़ीकरण का कार्य नहीं हो पाया है। इसके कारण शाम 6 से 7 बजे तक प्रतिदिन जाम की स्थिति रहती है। आमापारा से लेकर आमानाका के बीज, एनआईटी के पास भी ठेला वालों के अतिक्रमण के कारण भी प्रतिदिन यहां पर व्यवस्था बिगड़ जाती है। लोग काफी परेशान हैं। टाटीबंध, महोबाबाजार व कबीरनगर से आने जाने वालों को काफी परेशानी होती है। इधर आटो चालकों की भी दादागिरी चल रही है। शास्त्री चौक में वे यात्रियों को ही परेशान करते हैं। कई युवा इस समय ई-रिक्शा चला रहे हैं। इनमें से कईयों का अपराधिक रिकार्ड है। कुछ दिन



पहले ही एक सवारी के साथ जमकर मारपीट की गई है। तेलीबांधा से लेकर वीआईपी चौक तक भी यही हाल है। पूर्ववर्ती सरकार ने वीआईपी चौक से लेकर शास्त्री चौक तक ओवरब्रिज बनाने की पहल की थी लेकिन वित्तीय संसाधन नहीं होने के कारण यह प्रस्ताव रोक दिया गया है।

भाठागांव मोटर स्टैंड के आसपास असामाजिक तत्वों का डेरा रहता है। यहां बाहर से आने वाले यात्रियों से बदसलूकी व लूट की जाती है जिससे लोग परेशान हैं। सुंदर नगर से लेकर महादेवघाट रोड में भी आए दिन जाम लग रहा है। बाइपास का निर्माण कर दिया गया है। जिससे बिलासपुर जाने वालों को सुविधा हो रही है। भनपुरी चौक के आसपास भी आए दिन जाम लगा रहता है। पंडरी में मोटर स्टैंड भले ही हटाया दिया गया हो लेकिन यहां पर भी होलसेल मार्केट होने के कारण जाम लगा रहता है। जिला अधिकारियों के अनुसार इन्हीं बिन्दुओं पर चर्चा करने के लिए यह बैठक बुलाई गई है।

### सरेआम शराब पीते 21 गिरफ्तार

**रायपुर, 5 दिसम्बर ।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 21 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस ने मेकाहारा गेट के पास शराब पीते हुए आरोपी संतोष ग्राईकार 48 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मोवा पुलिस ने आरोपी हरीश साहू 24 वर्ष, राहुल साहू 23 वर्ष, दादू 27 वर्ष व अनील ढीढी 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह टिकरापारा पुलिस ने आरोपी शेष नारायण साहू 30 वर्ष, शंकर साहू 27 वर्ष, सेवाराम साहू 30 वर्ष, भीषम साहू 25 वर्ष, विनोद कुमार साहू 31 वर्ष, प्रेम नारायण साहू 38 वर्ष, धरमदास मानिकपुरी 28 वर्ष, अनील राज केवट 23 वर्ष, हेमंत कुमार केवट 20 वर्ष, दिलीप कुमार ध्रुव 28 वर्ष, सिदार्थ शर्मा 26 वर्ष, भानु सावरकर 21 वर्ष व हिमांसु सावरिया 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी पप्पू साहू 19 वर्ष व आरंग पुलिस ने आरोपी गोकुल दास 35 वर्ष व लक्ष्मीचंद लोधी 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## दिव्यांगजन और तृतीय लिंग समुदाय के लिए हेल्पलाइन सुविधा शुरू

### 15 हजार को रोजगार से जोड़ने के लिए दिया जाएगा कौशल उन्नयन प्रशिक्षण

**रायपुर, 5 दिसंबर ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और तृतीय लिंग समुदाय के लोगों को आपातकालीन स्थिति में जरूरी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नई हेल्पलाइन सुविधा शुरू की गई है। इस सुविधा के जरिये मेडिकल सहायता ,पेंशन के साथ ही विभिन्न योजनाओं में आ रही दिक्कतों का त्वरित समाधान किया जाएगा। महिला बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया और नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने आज इस नई सेवा का विधिवत् शुभारंभ किया। इस नई हेल्पलाइन सुविधा का संचालन समाज कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महिला बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंड़िया ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल के अनुमोदन पर हर वर्ष लगभग 10 हजार दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्राइसाइकिल सहित अन्य पुनर्वास उपकरण वितरित किए जाएंगे। इसी प्रकार 15 हजार दिव्यांगजनों को उनके रूचि के मुताबिक रोजगार से जोड़ने के लिए कौशल उन्नयन प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनमें 5-5 हजार अस्थि बाधित, दृष्टि बाधित और मुक बधिर दिव्यांगजनों को कौशल उन्नयन प्रशिक्षण देने की कार्ययोजना बनाई गई है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य स्थापना दिवस से बुजुर्गों, दिव्यांग और तृतीय लिंग समुदाय के लिए हेल्पलाईन नम्बर 155326 और टोल फ्री नम्बर-1800-233-8989 की सुविधा शुरू करने की घोषणा की थी। समाज कल्याण विभाग द्वारा इस सुविधा का संचालन प्रायोगिक तौर पर किया जा रहा था। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर इसका विधिवत् शुभारंभ हुआ है। इस नई सुविधा से महतारी एक्सप्रेस-102 और मेडिकल हेल्पलाइन 104 को भी जोड़ दिया गया है। इससे बुजुर्ग, दिव्यांग और तृतीयलिंग समुदाय के लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि ऐसे वृद्धजन जो घर में अकेले हो और जिनकी संतानें प्रदेश के बाहर कार्यरत हैं, उनके लिए आपात स्थितियों में सहायता के लिए प्रदेश में कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं थी। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने 01 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ में बुजुर्गों के लिए एक नवंबर, राज्य निर्माण दिवस से सियान हेल्पलाइन शुरू करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा है कि राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले वृद्धजनों की समुचित देखभाल करना हमारा नैतिक दायित्व है। राज्य सरकार बुजुर्गों को हर संभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पिछले एक नवम्बर से नई हेल्पलाईन सुविधा का ट्रायल चल रहा था।

### राज्य के सांस्कृतिक मानचित्र पर रामायण मंडलियों का महत्वपूर्ण योगदान

**रायपुर, 5 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में रामायण मंडली प्रतियोगिता 25 नवम्बर से शुरू हो गया है। संस्कृति विभाग के सचिव ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को पत्र प्रेषित कर सफलता-पूर्वक आयोजन करने के निर्देश दिए है। प्रतियोगिता में जूरी सदस्यों के रूप में स्थानीय जनप्रतिनिधि, मानस विशेषज्ञ, वरिष्ठ कलाकार, संगीत शिक्षकों को शामिल करने को कहा गया है। संस्कृति विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रथम चरण मे ग्राम पंचायत स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन 25 नवम्बर से प्रारंभ है यह प्रतियोगिता 15 दिसम्बर तक चलेगा। दूसरे चरण में जनपद पंचायत स्तर पर पांच जनवरी से 25 जनवरी 2023 तक चलेगा। तीसरे चरण में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 27 जनवरी से 03 फरवरी 2023 तक चलेगा और चौथे चरण में जिला स्तर के विजेताओं का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 16 फरवरी से 18 फरवरी तक राजिम, जिला गरियाबंद में आयोजित होगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के मानचित्र में रामायण मंडलियों के महत्ता को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2021-22 से रामायण मंडली प्रतियोगिता का आयोजन करा रहे हैं। संस्कृति विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य शासन द्वारा विगत वर्ष की तरह रामायण मंडलियों को प्रोत्साहित करने हेतु राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व की भांति यह प्रतियोगिता पहले चरण में ग्राम पंचायत, फ़िर दूसरे चरण में प्रत्येक ग्राम पंचायत से चुने गये रामायण मंडलियों के बीच जनपद पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा।

## पति ने पीट-पीट कर पत्नी को मार डाला

**रायपुर 5 दिसंबर।** घरेलू विवाद पर पति पत्नी के बीच हुई तू-तू मैं-मैं मारपीट पर पहुंच गई। बात इस कदर बिगड़ी की पति की पिटाई से महिला की मौत हो गई । पति की मार से अधमरी हुई महिला को रायपुर के एम्स अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह घटना रायपुर के सरोना इलाके में हुई। सतनामी पारा में रहने वाली 35 साल की रेखा आदिल को उसके पति संजय आदिल ने ही मार डाला। संजय कचरा बीन कर गुजारा किया करता था और आए दिन अपनी पत्नी के साथ झगड़ा किया करता था। फिलहाल उसे हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।



अब तक सामने आई जानकारी के मुताबिक 3 दिसम्बर को संजय का अपनी पत्नी की रेखा से विवाद हुआ । संजय शराब भी पीता है इसी बात को लेकर पत्नी से झगड़ा हुआ करता था । कभी खाना बनाने तो कभी घर के काम को लेकर संजय पत्नी को रोका टोका करता था इसी वजह से दोनों के बीच फिर से विवाद हुआ।

संजय की बहन ममता ने पुलिस को बताया कि इसी तरह विवाद करते हुए संजय ने रेखा को जमीन पर पटककर गिरा दिया। इसके बाद उसके सीने पर चढ़कर घुटनों से मारने लगा । रेखा संजय का वजन और घुटनों के वार झेल न सकी। बेसुध हो गई। हड़बड़ाकर घरवाले उसे एम्स अस्पताल लेकर गए वहां उसकी मौत हो गई । डॉक्टरों ने जांच में पाया कि रेखा के सीने और पेट में आई गंभीर अंदरूनी चोटों की वजह से उसकी मौत हुई । पति ने बुरी तरह से पीटा जिसकी वजह से पत्नी की जिंदगी ही खत्म हो गई।

## पूरे देश में नजीर बनेगा छत्तीसगढ़ में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण : मुख्यमंत्री

रायपुर, 5 दिसंबर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज शाम यहां उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के सदस्यों ने मुलाकात कर छत्तीसगढ़ विधानसभा में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने संबंधी विधेयक पारित होने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण पूरे देश में नजीर बनेगा। यहां निवासरत् अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों के विकास की दिशा में आरक्षण का फैसला महत्वपूर्ण साबित होगा। सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े एक बड़ी जनसंख्या के वर्ग को आगे बढ़ने का बेहतर मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने क्वांटिफाईएबल डाटा आयोग का गठन कर राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों सम्बंधित आवश्यक आंकड़े जुटाने के बाद इस वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग सहित समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को बताया कि पूरे प्रदेश में आरक्षण विधेयक पारित होने पर हर्ष की लहर है। यहां पहली बार अन्य पिछड़ा वर्ग के दर्द को समझा गया है। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए जगह-जगह खोले जा रहे छात्रावास सहित विभिन्न सुविधाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

इस अवसर पर सर्व ओमप्रकाश साहू, लीलाराम, देवाराम, बलीराम सिन्हा, भागवत वैष्णव, फूलचंद दीवान, गंगाराम बघेल, सुरेश पटेल, चिन्ताराम साहू, कृष्णा, ठाकुर राम, लोकनाथ राठौर, हरिचंद निषाद, रामदत्त कौशिक, धनेश्वरी, पदमावती, रेवती वत्सल, मोहन चन्द्रवंशी, भूपेन्द्र, संतोष, धनाराम साहू आदि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री से नन्ही छत्तीसगढ़ी गायिका आरू साहू ने की मुलाकात

**रायपुर, 5 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से यहां उनके निवास कार्यालय में नन्ही छत्तीसगढ़ी गायिका कु. आरू साहू ने मुलाकात की। गायिका आरू साहू ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्हें मुम्बई में देश भर से चयनित टॉप 30 गायकों के साथ 'जी-गिव इंडिया-बॉर्न-टु-शाइन' अवार्ड से नवाजा गया। मुख्यमंत्री ने नन्हीं आरू को उनकी गायन प्रतिभा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने पर बधाई दी। साथ ही उन्हें भविष्य में कला के और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री को नन्ही गायिका ने बताया कि हाल ही में मुम्बई में आयोजित संगीतमय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के राजगीत 'अरपा पैरी के धार' की आकर्षक प्रस्तुति भी दी। आरू साहू ने इस दौरान मुख्यमंत्री को अपने द्वारा नरवा, गरवा, घुरूवा, बाड़ी योजना पर आधारित नवीन गीत भी सुनाया। मुख्यमंत्री बघेल ने कु. साहू के सुमधुर आवाज में गायिकी की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कु. आरू साहू के साथ उनके परिजन भी उपस्थित थे।






कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23